
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 4 अंकः 181 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 11 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## हर्षित भट्ट मौत मामले में पुलिस का एक्शन, तीन दोस्तों के खिलाफ FIR दर्ज

नोएडा, संवाददाता। नोएडा के सेक्टर-94 में हुए दर्दनाक हादसे में एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र हर्षित भट्ट की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस घटना में शामिल बताए जा रहे तीन छात्रों के खिलाफ FIR दर्ज कर ली है।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी हर्षित भट्ट की मौत एक गहरे पानी से भरे गड्ढे में डूबने से हुई थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी।

### थाना सेक्टर-126 में दर्ज हुई FIR

पुलिस के अनुसार यह FIR थाना सेक्टर-126 में दर्ज की गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर घटना के समय मौजूद तीन अन्य छात्रों को नामजद किया गया है और उनके खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि घटना के समय की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।

### छात्रों के बयान दर्ज होंगे

पुलिस ने बताया कि मृतक के साथ मौजूद तीनों छात्रों के बयान दर्ज किए जाएंगे, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि घटना दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण था।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी नजर

अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## 'नीतीश कुमार पीएम नहीं, अब राज्यसभा सदस्य के रूप में रिटायर होंगे'– अखिलेश यादव का बयान

जयपुर, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है।

जयपुर में दिए गए बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि "हमारे INDIA गठबंधन के कई साथियों ने कोशिश की थी कि नीतीश कुमार जी प्रधानमंत्री के रूप में रिटायर हों, लेकिन अब यह सुनने में आ रहा है और ऐसा लग रहा है कि वे राज्यसभा सदस्य के रूप में रिटायर होंगे।"

उनके इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई है और इसे गठबंधन की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

अखिलेश यादव का यह बयान ऐसे समय आया है जब विपक्षी गठबंधन INDIA Alliance के भीतर नेतृत्व और रणनीति को लेकर लगातार राजनीतिक बयानबाजी और अटकलें तेज हैं।

# मथुरा नाव हादसे पर पीएम मोदी ने जताया गहरा शोक, राहत-बचाव कार्य जारी

मथुरा, संवाददाता। नरेंद्र मोदी ने मथुरा में यमुना नदी में हुए दर्दनाक नाव हादसे पर गहरा दुख व्यक्त



किया है। इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी संदेश में इस घटना को अत्यंत दुखद बताया गया। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में पूरी तत्परता से जुटा हुआ है।

### लुधियाना से आए थे श्रद्धालु

जिलाधिकारी सीपी सिंह के अनुसार, लुधियाना से करीब 30 श्रद्धालु मथुरा पहुंचे थे। ये सभी यमुना नदी में दो नावों के जरिए नौका विहार कर रहे थे। इसी दौरान केसी घाट के पास एक नाव अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया।

### अब तक 6 शव बरामद, कई लोगों को बचाया गया

प्रशासन के मुताबिक, अब तक 6 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 16-17 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। शेष लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन की जा रही है।

डिप्टी सीएम ने भी जताई संवेदना
उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।
उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।
प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। (इनपुटः आईएएनएस)

# बाजार में शानदार वापसी, सेंसेक्स 900 अंक उछला, निवेशकों की बढ़ी उम्मीदें

समाज जागरण

मुंबई, संवाददाता। पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और उनके वैश्विक बाजारों पर संभावित असर के बीच भारतीय शेयर बाजारों ने एक दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को जोरदार वापसी की। कारोबार के अंत में दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए और हालिया तेजी को आगे बढ़ाया। बीएसई सेंसेक्स 918.6 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की छलांग लगाकर 77,550.25 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 275.5 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,050.6 पर बंद हुआ।
बाजार की इस तेजी में एशियन पेंट्स, आयशर मोटर्स, बजाज ऑटो और श्रीराम फाइनेंस जैसे बड़े शेयरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। निफ्टी के टॉप गेनर्स में इन



कंपनियों के शेयर प्रमुख रूप से शामिल रहे।
ब्रॉडर मार्केट ने भी मजबूत प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 1.48 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 1.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए, जो दशार्ता है कि केवल बड़े शेयर ही नहीं बल्कि व्यापक स्तर पर भी निवेशकों की भागीदारी मजबूत रही।
सेक्टोरल स्तर पर मिला-जुला रुख देखने को मिला। निफ्टी आईटी इंडेक्स सबसे मजबूत सेक्टर रहा, जिसे टेक्नोलॉजी शेयरों में खरीदारी का समर्थन मिला। हालांकि, निफ्टी ऑटो, बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर ने अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन किया।

# खाद की कीमतें स्थिर रहेंगी, 'फॉर्मर आईडी' से कालाबाजारी पर लगेगी रोकः शिवराज सिंह चौहान

समाज जागरण

नई दिल्ली, संवाददाता। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार किसानों को वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाने के लिए खाद के दाम स्थिर रखेगी। साथ ही खाद की पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने के लिए 'फॉर्मर आईडी' प्रणाली लागू की जा रही है।

### खाद की कीमतें रहेंगी स्थिर

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद सरकार किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगी। उन्होंने कहा कि यूरिया का एक बैग 266 रुपए और डीएपी 1,350 रुपए में ही उपलब्ध रहेगा।




### सरकार उठा रही अतिरिक्त बोझ

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए सरकार बढ़ी हुई लागत का बोझ स्वयं वहन कर रही है। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सब्सिडी व्यवस्था के तहत लगभग 41,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी है।

### 'फॉर्मर आईडी' से होगी पारदर्शिता

मंत्री ने बताया कि सब्सिडी वाले उर्वरकों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'फॉर्मर आईडी' आधारित प्रणाली विकसित की जा रही है। यह आईडी किसान की जमीन, फसल और परिवार संबंधी जानकारी से जुड़ी होगी, जिससे वास्तविक जरूरत के अनुसार ही खाद उपलब्ध कराई जा सकेगी।

### कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य असली किसानों तक समय पर खाद पहुंचाना और जमाखोरी व कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाना है। इससे जरूरत से अधिक खरीद पर भी नियंत्रण लगेगा।

### करोड़ों किसानों को जोड़ा गया

मंत्री के अनुसार अब तक 9.29 करोड़ से अधिक 'फॉर्मर आईडी' बनाई जा चुकी हैं, और सरकार का लक्ष्य इसे देश के लगभग 13 करोड़ किसानों तक पहुंचाने का है।

### बंटाईदार किसानों को भी राहत

उन्होंने बताया कि बंटाईदार और किरायेदार किसानों के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। मध्य प्रदेश और हरियाणा के मॉडल के आधार पर जमीन मालिक की अनुमति से ऐसे किसानों को भी उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।

### वैश्विक हालात पर नजर

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक परिस्थितियों के कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले असर की लगातार निगरानी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उच्चस्तरीय बैठकें की जा रही हैं।

उन्होंने दोहराया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को उचित मूल्य, पर्याप्त संसाधन और वैश्विक संकटों से सुरक्षा देना है। (इनपुटः आईएएनएस)

# 'वसुंधरा राजे होतीं तो बेहतर काम होता'... अखिलेश यादव

समाज जागरण

जयपुर, संवाददाता। राजस्थान की राजनीति में बयानबाजी का दौर एक बार फिर तेज हो गया है। इस बार चर्चा में समाजवादी पार्टी



प्रमुख अखिलेश यादव के उस बयान की है, जिसमें उन्होंने राज्य की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की प्रशंसा कर दी। जयपुर में दिए गए बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि "मन की बात कह देता हूं, अगर वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री होतीं तो ज्यादा अच्छा काम हो रहा होता।" उनके इस बयान ने राजनीतिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है।

### 'पर्ची वाले सीएम' पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने मौजूदा व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए 'पर्ची वाले मुख्यमंत्री' जैसी टिप्पणी भी की। उनका कहना था कि ऐसे नेतृत्व से जनता का अपेक्षित विकास नहीं हो पाता और निर्णय प्रक्रिया प्रभावित होती है।

### 'डबल इंजन सरकार' पर सवाल

उन्होंने केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पर भी निशाना साधा। अखिलेश यादव के अनुसार, जिन सरकारों को गति देने वाला मॉडल बताया जाता है, वहां अक्सर तालमेल की कमी और आपसी टकराव देखने को मिलता है, जिसका असर प्रशासनिक कामकाज पर पड़ता है।

### राजनीतिक हलचल तेज

अखिलेश यादव के इस बयान के बाद राजस्थान की सियासत में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह टिप्पणी आने वाले समय में राज्य की राजनीतिक बहस को और अधिक गर्मा सकती है। (संवाददाता रिपोर्ट)

# यूरोप में मंडरा रहा जेट फ्यूल संकट,

## 3 हफ्तों में खत्म हो सकता है स्टॉक; उड़ानों पर असर की आशंका

नई दिल्ली, संवाददाता। यूरोप में जेट फ्यूल (विमान ईंधन) की आपूर्ति को लेकर गंभीर संकट के संकेत मिल रहे हैं। अगर स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो आने वाले हफ्तों में एयर ट्रैवल पर बड़ा असर पड़ सकता है, जिससे उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति बन सकती है।
रिपोर्ट्स के अनुसार, अगर सप्लाई चेन सामान्य नहीं हुई तो यूरोप में जेट फ्यूल का स्टॉक




अगले तीन हफ्तों में खत्म होने की आशंका जताई जा रही है।

यह चेतावनी Airports Council International Europe ने यूरोपीय संघ को भेजे गए एक पत्र में दी है।

### समर हॉलीडे सीजन पर संकट

विशेषज्ञों का कहना है कि यह संकट ऐसे समय में सामने आया है जब यूरोप में समर हॉलीडे सीजन अपने चरम पर होता है। ऐसे में लाखों यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं और एयरलाइंस पर परिचालन दबाव बढ़ सकता है।

### होर्मुज स्ट्रेट बना बड़ा कारण

इस स्थिति की प्रमुख वजह वैश्विक तेल आपूर्ति में बाधा को बताया जा रहा है।(होर्मुज जलडमरूमध्य) दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग माना जाता है। यहां आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल और जेट फ्यूल की सप्लाई पर असर पड़ा है।

# ना-ना करते पाकिस्तान पहुंच गया ईरानी दल, अमेरिका पहले से मौजूद; पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर

नई दिल्ली, संवाददाता। पश्चिम एशिया में हालात एक बार फिर बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच लागू सीजफायर अब कमजोर पड़ता दिख रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में अनिश्चितता बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इजराइल के लेबनान पर हमलों के जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद कर दिया है। इस कदम से वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर चिंता और गहरा गई है।

ईरान का आरोप है कि अमेरिका ने बातचीत शुरू होने से पहले ही सीजफायर की तीन प्रमुख शर्तों का उल्लंघन किया है। ईरान ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक लेबनान मुद्दे पर सहमति नहीं




बनती, तब तक किसी भी प्रकार की वार्ता आगे नहीं बढ़ेगी। हालांकि, शुक्रवार को पाकिस्तान में इस संघर्ष को समाप्त करने को लेकर बातचीत होने की संभावना जताई गई है, और संबंधित पक्षों के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंच चुके हैं।

### इजराइल की लेबनान से सीधे बातचीत की तैयारी

इसी बीच इजराइल ने एक नया कदम उठाते हुए लेबनान के साथ सीधे वार्ता शुरू करने की तैयारी की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द लेबनान के साथ बातचीत शुरू की जाए, जिसका उद्देश्य हिजबुल्लाह को निरस्त्र करना और क्षेत्र में शांति बहाल करना बताया जा रहा है।
हालांकि हिजबुल्लाह ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। संगठन के नेता अली फय्याद ने कहा है कि जब तक इजराइल हमले बंद नहीं करता और कब्जे वाले क्षेत्रों से पीछे नहीं हटता, तब तक किसी भी तरह की सीधी बातचीत संभव नहीं है।

### लेबनान का अस्थायी समाधान का प्रयास

लेबनान सरकार इस संकट से निकलने के लिए अस्थायी सीजफायर के जरिए बातचीत की संभावना तलाश रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह प्रक्रिया आगे किसी स्थायी समझौते की दिशा में कदम हो सकती है।

### अमेरिका की सक्रिय भूमिका

अमेरिका भी इस पूरे घटनाक्रम में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अगले सप्ताह अमेरिका में इजराइल और लेबनान के बीच बातचीत संभव है। बताया जा रहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू से फोन पर बातचीत कर लेबनान पर हमले कम करने की सलाह दी है, ताकि ईरान के साथ चल रही वार्ता प्रभावित न हो।

स्थिति लगातार बदल रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर इस पूरे घटनाक्रम पर टिकी हुई है।

# केंद्र की राजनीति में नीतीश, बिहार में भाजपा युग

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

करीब दो दशकों तक बिहार की सत्ता के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का राज्यसभा की राह पकड़ना केवल एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उस लंबे दौर का मोड़ है जिसने 2005 के बाद बिहार की राजनीति की दिशा तय की। जिस नेता ने करीब 21 वर्षों तक राज्य की सत्ता को प्रभावित किया, वही अब दिल्ली की राजनीति में नई भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। यह बदलाव इसलिए भी अहम है क्योंकि बिहार की राजनीति लंबे समय से एक ही नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमती रही है और अब पहली बार इतने लंबे कार्यकाल के बाद सत्ता में बड़ा संक्रमण दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री कार्यकाल बिहार के इतिहास में सबसे लंबे और प्रभावशाली कार्यकालों में गिना जाता है। नवंबर 2005 में स्थायी सरकार बनने के बाद से अप्रैल 2026 तक, अलग-अलग चरणों को जोड़कर उन्होंने लगभग 18 से 19 वर्षों तक मुख्यमंत्री पद संभाला। इस दौरान वे कुल 10 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड माना जाता है। 2000 में पहली बार वे सात दिन के लिए मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 24 नवंबर 2005 को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के साथ ही बिहार में स्थिर सरकार का दौर शुरू हुआ।

राजनीतिक सफर के शुरूआती चरण पर नजर डालें तो 1985 में पहली बार विधायक बनने के साथ उनकी सक्रिय राजनीति शुरू हुई। उसके चार साल बाद, यानी 1989 में वे पहली बार लोकसभा पहुंचे। 1989 से 2004 तक लगातार चार बार लोकसभा सदस्य चुने जाने का रिकॉर्ड उनके नाम रहा। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां निभाईं। 1990 के दशक में कृषि राज्य मंत्री के रूप में काम करने के बाद 1998 से 2004 के बीच रेल मंत्री और भूतल परिवहन मंत्री जैसे अहम मंत्रालय संभाले। रेल मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में कई नई रेल परियोजनाएं शुरू हुईं और यात्री सुविधाओं में सुधार के प्रयास किए गए, जिससे उन्हें प्रशासनिक अनुभव मिला। 2005 में जब उन्होंने बिहार की सत्ता संभाली, तब राज्य की स्थिति कई मायनों में चुनौतीपूर्ण थी। उस समय राज्य की सड़क व्यवस्था कमजोर मानी जाती थी और ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों की कमी थी। 2005 के बाद के वर्षों में हजारों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया। आंकड़ों के अनुसार, 2005 से 2020 के बीच राज्य में लाखों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य हुआ, जिससे गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हुई।

शिक्षा क्षेत्र में भी उनके कार्यकाल को बदलाव के दौर के रूप में देखा गया। 2006 में शुरू की गई साइकिल योजना का प्रभाव सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे खासकर लड़कियों की स्कूल पहुंच बढ़ी। 2005 में जहां माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन प्रतिशत अपेक्षाकृत कम था, वहीं अगले दस वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह पोशाक योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं ने भी स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने में भूमिका निभाई।पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनके शासनकाल की सबसे बड़ी प्रशासनिक पहलों में गिना जाता है। बिहार देश के उन शुरूआती राज्यों में शामिल हुआ, जहां पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी इतनी बड़ी संख्या में बढ़ी। इसके बाद हजारों महिलाएं मुखिया, वार्ड सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रूप में सामने आईं। इस फैसले ने ग्रामीण राजनीति का स्वरूप बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कई बदलाव दर्ज किए गए। 2005 के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हुई। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई, जिसे स्वास्थ्य सेवाओं तक बढ़ती पहुंच का संकेत माना गया।हालांकि उनकी राजनीति केवल विकास योजनाओं तक सीमित नहीं रही। गठबंधन की राजनीति में बार-बार बदलाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पहचान बन गई। वर्ष 2013 में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होकर नई राजनीतिक दिशा अपनाई। 2017 में फिर उसी गठबंधन में वापसी की। 2022 में उन्होंने एक बार फिर दिशा बदली और 2024 में पुनः उसी गठबंधन में शामिल हो गए। लगभग 11 वर्षों के भीतर चार बड़े राजनीतिक बदलाव उनके राजनीतिक जीवन की जटिलता को दर्शाते हैं।2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को भी उनके राजनीतिक जीवन का अहम मोड़ माना जा रहा है। राज्य की 243 सीटों वाली विधानसभा में गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और इसके बाद उन्होंने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन चुनाव के चार-पांच महीने के भीतर ही राज्यसभा की ओर बढ़ने का फैसला यह संकेत देता है कि यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है।

राज्यसभा में जाने के साथ ही एक और अहम रिकॉर्ड उनके नाम जुड़ गया है। वे उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के चारों सदनों विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा की सदस्यता का अनुभव हासिल किया है। भारतीय राजनीति में ऐसे नेताओं की संख्या बहुत कम मानी जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि दिल्ली में उनकी भूमिका क्या होगी। लंबे प्रशासनिक अनुभव के आधार पर यह माना जा रहा है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण या गठबंधन प्रबंधन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों के संसदीय अनुभव और लगभग दो दशकों के मुख्यमंत्री कार्यकाल ने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जो जटिल राजनीतिक समीकरणों को समझने और संतुलित करने में सक्षम माने जाते हैं।दूसरी ओर, बिहार में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। राज्य में करीब 13 करोड़ की आबादी और 38 जिलों वाले इस बड़े राज्य का नेतृत्व संभालना आसान नहीं माना जाता। नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं को जारी रखा जाए और साथ ही नई प्राथमिकताओं को भी लागू किया जाए।

बिहार की राजनीति इस समय एक संक्रमण काल से गुजर रही है। पिछले लगभग 20 वर्षों में जो प्रशासनिक ढांचा तैयार हुआ, उसे बनाए रखना और आगे बढ़ाना नई सरकार के लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या नई सरकार विकास की उसी गति को बनाए रख पाती है, जो पिछले वर्षों में देखने को मिली थी। नीतीश कुमार का दिल्ली की ओर बढ़ना उनके राजनीतिक जीवन का एक पूर्ण चक्र भी माना जा रहा है। जिस नेता ने सांसद के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी, वही अब मुख्यमंत्री पद से हटकर फिर संसद की ओर लौट रहा है।

## लेबनान में निर्दोष नागरिकों की मौत।

# बे-असर सीज-फायर,वैश्विक मानवता का संकट यथावत।




महायुद्ध,सीजफायर और कूटनीतिक उलझनों के बीच वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे त्रिशंकु की स्थिति को जन्म देता दिखाई दे रहा है। जिसमें न केवल क्षेत्रीय शक्तियां बल्कि वैश्विक महाशक्तियां भी उलझती नजर आ रही है। अमेरिका, इजरायल, ईरान और पाकिस्तान के बीच चल रहा यह तनाव अब केवल सीमित अमेरिका इजरायल और ईरान के मध्य नहीं रह गया यह युद्ध एक वैश्विक सामरिक आर्थिक और सामाजिक संकट को पैदा कर रहा है।यह महायुद्ध अविश्वास, रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और कूटनीतिक विफलताओं का एक जटिल और बहुस्तरीय मानवता विरोधी संघर्ष बन चुका है।,

हाल के घटनाक्रम में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित सीजफायर को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा था। जिसमें लेबनान को भी शामिल किया गया, इस प्रस्ताव को प्रारंभिक स्तर पर एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा गया था क्योंकि इससे ऐसी उम्मीद जगी थी कि लगातार हो रही बमबारी और नागरिकों की मौतों पर कुछ हद तक विराम लग सकेगा।किंतु युद्ध के घटनाक्रम में ऐसी करवट ली जिससे उसने इस आशा को बहुत जल्दी निराशा में बदल दिया है और संकट की संभावनाओं को और भी जटिल तथा संघर्षपूर्ण बना दिया।

सीजफायर लागू होने के बावजूद इजरायल द्वारा लेबनान पर लगातार हमले जारी करके हजारों इमारतों को ध्वस्त कर दिया है,यह स्पष्ट संकेत है कि युद्ध के मैदानी स्तर पर सैन्य रणनीति और कूटनीतिक घोषणाओं के बीच बड़ा गहरा भयानक परिणाम देने वाला अंतर मौजूद है, इस दौरान सैकड़ों निर्दोष नागरिकों की मौत से यह संघर्ष को केवल राजनीतिक या सैन्य मुद्दा नहीं रह गया है बल्कि इसे एक गहरे संवेदनशील मार्मिक मानवीय संकट में बदल दिया है।

यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों की गंभीर अवहेलना को भी उजागर करती है और वैश्विक स्तर पर संस्थाओं की प्रभाव पर सवाल खड़े करती है। महायुद्ध में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका लगभग प्रभावहीन है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ विगत कुछ वर्षों से निष्क्रिय सा दिखाई देने लगा है उसकी अपील पर बड़े और बाहुबली देश अब ध्यान देना बंद कर चुके हैं संयुक्त राष्ट्र संघ के अस्तित्व पर कई सवालिया निशान मौजूद हैं।अमेरिका की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत जटिल विरोधाभासी और अविश्वसनीय दिखाई देती है। एक ओर वह स्वयं को शांति का पक्षधर और मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत कर के सीजफायर का प्रस्ताव रख क्षेत्र में स्थिरता की बात करता है, वहीं दूसरी ओर उसके सहयोगी इजरायल द्वारा उसी सीजफायर का उल्लंघन किए जाने पर उसकी प्रतिक्रिया अस्पष्ट नकारात्मक और कमजोर नजर आती है। इससे यह धारणा मजबूत होती है कि अमेरिका की नीतियां नैतिकता से अधिक रणनीतिक और व्यापारिक हितों से संचालित हो रही हैं, विशेष रूप से मध्य पूर्व में उसकी दीर्घकालिक रणनीति, ऊर्जा सुरक्षा और सामरिक प्रभुत्व की नीति इस पूरे घटनाक्रम को प्रभावित कर रही है।

दूसरी तरफ ईरान इस संघर्ष में अपने पारंपरिक प्रतिरोधी रुख को और अधिक सुदृढ़ करता हुआ दिखाई देता है, वह न केवल इजरायल की कार्रवाइयों का खुलकर विरोध कर रहा है बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर अपने प्रभाव को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है। ईरान के लिए यह संघर्ष केवल सैन्य नहीं बल्कि वैचारिक और राजनीतिक भी है जिसमें वह स्वयं को क्षेत्रीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण केंद्र मानता है।

पाकिस्तान की स्थिति इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक दुविधाजनक और जटिल बन गई है, उसने अमेरिका के संदेश को ईरान तक पहुंचाकर एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने का प्रयास किया, यह प्रयास कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था क्योंकि इससे यह संकेत मिलता है कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति प्रक्रिया में अपनी भूमिका स्थापित करना चाहता है, किंतु जब अमेरिका स्वयं अपने प्रस्ताव से पीछे हटता हुआ नजर आया और इजरायल ने सीजफायर का उल्लंघन जारी रखा, तब पाकिस्तान की स्थिति कमजोर पड़ गई है। वह न तो पूरी तरह अमेरिका के साथ खड़ा रह सका और न ही ईरान के साथ खुलकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर पाया, परिणामस्वरूप वह एक त्रिशंकु बनकर युद्ध की विचित्र स्थिति में फंस गया है। जहां उसकी विश्वसनीयता और कूटनीतिक संतुलन दोनों पर संकट उत्पन्न हो गया है, पाकिस्तान के सामने यह चुनौती इसलिए भी गंभीर है क्योंकि उसे अपने पारंपरिक पश्चिमी सहयोगियों और इस्लामी विश्व के बीच संतुलन बनाए रखना पड़ता है। इस पूरे घटनाक्रम में लेबनान सबसे अधिक पीड़ित पक्ष के रूप में सामने आया है जहां आम नागरिकों ने इस संघर्ष की सबसे बड़ी कीमत चुकाई है। उसका बुनियादी ढांचा नष्ट हो चुका है, हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं और मानवीय संकट दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। यह स्थिति वैश्विक समुदाय के लिए एक चेतावनी है कि यदि समय रहते प्रभावी और निष्पक्ष हस्तक्षेप नहीं किया गया तो यह संघर्ष व्यापक महायुद्ध का रूप ले सकता है।

वर्तमान परिस्थितियां यह भी दशार्ती हैं कि वैश्विक राजनीति में शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है और पारंपरिक गठबंधन अब पहले की तरह स्थिर नहीं रह गए हैं, अमेरिका की नीतिगत अस्थिरता, इजरायल की आक्रामक सैन्य रणनीति, ईरान की दृढ़ प्रतिरोध क्षमता और पाकिस्तान की असमंजसपूर्ण कूटनीति मिलकर एक ऐसे जटिल संकट को जन्म दे रही हैं जो न केवल मध्य पूर्व बल्कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट होता जा रहा है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं बल्कि सूचना, कूटनीति और वैश्विक जनमत के स्तर पर भी लड़े जा रहे हैं।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक आवश्यकता एक ऐसे संतुलित, पारदर्शी और निष्पक्ष कूटनीतिक प्रयास की है जो केवल राजनीतिक और सामरिक हितों से प्रेरित न होकर मानवीय मूल्यों, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और स्थायी शांति की अवधारणा पर आधारित हो, अन्यथा यह त्रिशंकु स्थिति केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि यह समूचे वैश्विक तंत्र को अस्थिरता, अविश्वास और संघर्ष की गहराई में धकेल सकती है।जहां से निकलना न केवल कठिन बल्कि अत्यंत महंगा भी साबित होगा। वैश्विक शांति स्थापना के लिए अन्य शक्तिशाली तथा वैचारिक क्षमता वाले देशों को बीच में आकर मध्यस्थ बनना होगा अन्यथा यह युद्ध महायुद्ध से आगे बढ़कर परमाणु युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और मानवीय संवेदना और सामरिक आर्थिक और सामाजिक भीषण संकट पैदा कर सकता है जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,लेखक, चिंतक,स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## पश्चिम बंगाल में बीजेपी का छह माह में यूसीसी

# महिलाओं को तीन हजार महीना वाला मास्टरस्ट्रोक

**संजय सक्सेना,लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार**

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है, जिसमें भय बनाम भरोसे के मुद्दे को केंद्र में रखकर प्रदेश की राजनीति में एक बड़े बदलाव का आह्वान किया गया है। पार्टी के इस घोषणा पत्र में सबसे प्रमुख और प्रभावशाली वादा सरकार बनने के मात्र छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी को लागू करने का है, जिस पर तृणमूल नेत्री और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी अपनी पार्टी का पक्ष रखना पड़ेगा। ममता इसका विरोध करेंगी तो हिन्दू वोटर और समर्थन करेंगी तो मुस्लिम वोटर उनसे दूर जा सकता है। बीजेपी ने इसके साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक महिला को हर महीने तीन हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की है, जो राज्य की मौजूदा राजनीति में एक मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। भाजपा ने अपने इस पत्र के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त कर कानून का शासन और सर्वांगीण विकास का नया अध्याय शुरू करना चाहती है। घोषणा पत्र में बंगाल की अस्मिता, सुरक्षा और समृद्धि को आधार बनाकर कई ऐसे वादे किए गए हैं, जो समाज के हर वर्ग को छूने का प्रयास करते हैं।

समान नागरिक संहिता का वादा न केवल सामाजिक समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इसे भाजपा की विचारधारा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के रूप में भी देखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए पार्टी ने लक्ष्मी भंडार जैसी मौजूदा योजनाओं के जवाब में तीन हजार रुपये की बड़ी राशि का संकल्प लिया है, ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा ने बांग्ला भाषा को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक अनिवार्य करने और तकनीकी पाठ्यक्रमों को स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराने की बात कही है, जिससे बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। कृषि क्षेत्र के लिए भी इस संकल्प पत्र में विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिनमें किसानों को प्रति वर्ष मिलने वाली आर्थिक सहायता में वृद्धि और फसलों के उचित मूल्य की गारंटी शामिल है। इसके अलावा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने हेतु राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और बंद पड़ी जूट मिलों को पुनर्जीवित करने का खाका खींचा गया है। घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए सरकारी नियुक्तियों में पारदर्शिता लाने और भर्ती घोटालों की जांच के लिए विशेष आयोग गठित करने का वादा किया गया है।




स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को सुधारने के लिए राज्य में आयुष्मान भारत योजना को तत्काल प्रभाव से लागू करने की बात कही गई है, जिससे गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की समस्या को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए आधुनिक तकनीक और अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती का संकल्प भी इस घोषणा पत्र का अहम हिस्सा है।पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शक्तिपीठों के विकास और धार्मिक पर्यटन केंद्रों के सौंदर्यीकरण की योजना भी पेश की गई है। भाजपा ने अपने इस चुनावी दस्तावेज में मछुआ समुदाय और अनुसूचित जाति व जनजाति के कल्याण के लिए विशेष वित्तीय पैकेज और आरक्षण के लाभों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। आधारभूत संरचना के विकास के लिए नई सड़कों, पुलों और शहरी सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया गया है, ताकि बंगाल को निवेश के लिए एक आकर्षक केंद्र बनाया जा सके।

राज्य की कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस बल के आधुनिकीकरण और राजनीतिक हिंसा को पूरी तरह समाप्त करने का वादा करते हुए भाजपा ने जनता को एक भयमुक्त वातावरण देने का भरोसा दिलाया है। घोषणा पत्र में विशेष रूप से चाय बागान श्रमिकों के वेतन में वृद्धि और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए विशेष आवास योजना का जिक्र किया गया है। पर्यावरण संरक्षण और सुंदरबन जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों के विकास के लिए भी एक समर्पित कार्ययोजना तैयार करने की बात कही गई है। इस संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका लक्ष्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन है। प्रत्येक घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने और गांवों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुधारने का भी संकल्प लिया गया है। कुल मिलाकर भाजपा का यह घोषणा पत्र एक ऐसे बंगाल की परिकल्पना करता है, जहां विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ आर्थिक प्रगति के नए आयाम स्थापित हों। यह घोषणा पत्र आगामी चुनावों में पार्टी के लिए एक प्रमुख वैचारिक हथियार साबित होगा, जो मतदाताओं के सामने भविष्य का एक स्पष्ट खाका प्रस्तुत करता है।

**(11 अप्रैल - ज्योतिबा फुले की जयंती पर विशेष)**
**नारी शिक्षा के अग्रदूत**

ये ज्ञान का दीप जलाने वाले
अंधियारे को हरने आए,
सत्य-समता के पथिक बनकर
नई दिशाएँ दिखलाए।
जिन्होंने तोड़ी हैं यहाँ बेड़ियाँ;
रूढ़ि और अन्याय की,
जन-जन को अधिकार की बात
शिक्षा व सम्मान की।

साथ में थीं 'साहस' की मूर्ति,
सावित्रीबाई फुले महान,
जिनके कदमों से खिल उठा था
नारी शिक्षा का गान।
यूं छुआछूत के घोर अंधेरों में
आशा की किरण जगाई,
दलित-पीड़ित हर जन-जन को
जीने की राह हैं बताई।

इनकी कलम उठी तो शब्द बने
क्रांति की एक पुकार,
समानता का स्वप्न सजाया
बदला समाज का व्यवहार।
ऐसे थे फुले महान युगों तक
जिनकी गाथा करें बखान,
उनके आदर्शों की रोशनी से
जगमगाता रहें हिंदुस्तान।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

(स्व-रचित, मौलिक व अप्र-काशित)

# महात्मा फुले: सामाजिक क्रांति के अग्रदूत

**- महेन्द्र तिवारी**

महात्मा ज्योतिराव फुले भारतीय समाज सुधार के इतिहास में एक ऐसे युगप्रवर्तक के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिन्होंने उस समय सामाजिक परिवर्तन की मशाल जलाई जब समाज गहरी रूढ़ियों, जातिगत विभाजन और स्त्री-वंचना के अंधकार में डूबा हुआ था। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में एक साधारण माली परिवार में हुआ। उनका पूरा नाम ज्योतिराव गोविंदराव फुले था। उनके पिता गोविंदराव फूलों का व्यापार करते थे, इसी कारण उनके परिवार को 'फुले' नाम से जाना जाने लगा। बचपन से ही उन्होंने जाति आधारित भेदभाव और अपमान का सामना किया, जिसने उनके भीतर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की तीव्र चेतना जागृत की।

ज्योतिराव फुले का जीवन केवल व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी नहीं है, बल्कि वह उस सामाजिक क्रांति की कथा है जिसने भारत में समानता, शिक्षा और मानव अधिकारों की नई दिशा निर्धारित की। प्रारंभिक शिक्षा के लिए उन्हें स्कॉटिश मिशन विद्यालय में प्रवेश मिला, जहाँ उन्हें स्वतंत्र चिंतन, समानता और मानवता के विचारों से परिचित होने का अवसर मिला। यही शिक्षा उनके जीवन का निर्णायक मोड़ बनी और उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने का संकल्प लिया।

उनकी जीवन यात्रा में उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सावित्रीबाई स्वयं उस समय की सामाजिक व्यवस्था की पीड़ित थीं, जहाँ स्त्रियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था। ज्योतिराव ने उन्हें शिक्षित किया और आगे चलकर दोनों ने मिलकर समाज सुधार का ऐसा कार्य आरंभ किया, जिसने इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। 1848 में उन्होंने पुणे में भारत का पहला कन्या विद्यालय स्थापित किया, जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था, क्योंकि उस दौर में स्त्रियों और निम्न वर्गों के लिए शिक्षा की कल्पना भी नहीं की जाती थी।

इस विद्यालय की स्थापना केवल एक शैक्षिक प्रयास नहीं थी, बल्कि यह सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध एक खुली चुनौती थी। समाज के रूढ़िवादी वर्गों ने इसका तीव्र विरोध किया। सावित्रीबाई जब विद्यालय जाती थीं, तो उन पर पत्थर, कीचड़ और गोबर तक फेंका जाता था, फिर भी उन्होंने अपने कार्य को नहीं छोड़ा। यह संघर्ष दशार्ता है कि फुले दंपत्ति केवल विचारक ही नहीं, बल्कि साहसी कर्मयोगी भी थे।

ज्योतिराव फुले ने समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था को मानवता के विरुद्ध बताया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जाति के आधार पर मनुष्य का मूल्यांकन अन्यायपूर्ण है। 1873 में उन्होंने ह्यसत्यशोधक समाजह्न की स्थापना की, जिसका उद्देश्य शूद्रों, अतिशूद्रों और स्त्रियों को सामाजिक अन्याय से मुक्त करना था। इस संस्था ने धार्मिक आडंबरों और ब्राह्मणवादी वर्चस्व को चुनौती दी तथा समाज में समानता और आत्मसम्मान की भावना को जागृत किया।

फुले ने केवल शिक्षा और संगठन के माध्यम से ही नहीं, बल्कि अपने लेखन के द्वारा भी समाज को जागृत किया। उनकी प्रसिद्ध कृति 'गुलामगिरी' में उन्होंने जाति व्यवस्था की तीखी आलोचना की और यह बताया कि किस प्रकार सामाजिक ढांचे ने एक बड़े वर्ग को मानसिक और सामाजिक दासता में जकड़ रखा है। उनका लेखन केवल आलोचना नहीं था, बल्कि वह एक वैचारिक क्रांति का आह्वान था।

उन्होंने विधवाओं और अनाथों के लिए आश्रय स्थल स्थापित किए, जहाँ उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल सके। उस समय विधवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, उन्हें समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था। फुले दंपत्ति ने इस अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर उन्हें संरक्षण और सम्मान दिया। उन्होंने बाल हत्या को रोकने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए और समाज को मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी।

ज्योतिराव फुले का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने समाज के सबसे वंचित वर्गों को यह विश्वास दिलाया कि वे भी सम्मान और अधिकार के साथ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने अपने घर का कुआँ सभी जातियों के लिए खोल दिया, जो उस समय एक अत्यंत साहसिक कदम था। यह कार्य केवल प्रतीकात्मक नहीं था, बल्कि यह सामाजिक समानता का वास्तविक उदाहरण था। उनकी विचारधारा ने आगे चलकर अनेक समाज सुधार आंदोलनों को प्रेरित किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उन्हें अपने प्रमुख प्रेरणा स्रोतों में शामिल किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाया। फुले का यह मानना था कि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक मुक्ति का उपकरण माना।

उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सामाजिक परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि साहस और निरंतर प्रयास से संभव होता है। उन्होंने उस समय के समाज में व्याप्त अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया, जब इसके लिए उन्हें सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना करना पड़ा। फिर भी उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक, अंतिम मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई

गौतमबुद्धनगर, 10 अप्रैल 2026। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का प्रकाशन कर दिया गया है।

इसी क्रम में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को औपचारिक रूप से उपलब्ध कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि जनपद में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। आम नागरिक आगामी एक सप्ताह तक अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर जाकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### विधानसभा स्तर पर

61-नोएडा में 5,87,195 मतदाता
62-दादरी में 6,05,204 मतदाता
63-जेवर में 3,12,683 मतदाता पंजीकृत हैं।

जनपद गौतमबुद्धनगर में कुल 15,05,082 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 8,23,304 पुरुष, 6,81,728 महिला तथा 50 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

### जिले में कुल 743 मतदान केंद्र तथा 2,024 मतदेय स्थल निर्धारित हैं।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें भाजपा, समाजवादी पार्टी, बसपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी तथा सीपीआईएम के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# आगामी 12 अप्रैल को एनडीए/एनए एवं सीडीएस परीक्षा, 8 केंद्रों पर होगी परीक्षा आयोजित

गौतमबुद्धनगर, 10 अप्रैल 2026। संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार जनपद में आगामी 12 अप्रैल 2026 को एनडीए/एनए परीक्षा (क) एवं सीडीएस परीक्षा (क) 2026 का आयोजन किया जाएगा।

जनपद में कुल 08 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा संपन्न कराई जाएगी, जिनमें 05 केंद्रों पर एनडीए/एनए परीक्षा तथा 03 केंद्रों पर सीडीएस परीक्षा आयोजित होगी।

इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट, लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुसार शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा अधिकारी निर्धारित समय पर अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहें।

अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि वहां सभी मूलभूत सुविधाएं तथा सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हों। किसी भी कमी को तत्काल दुरुस्त कराया जाए।

पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सख्त जांच की जाए तथा किसी भी अभ्यर्थी को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ अंदर प्रवेश न दिया जाए।

संघ लोक सेवा आयोग के पर्यवेक्षक अधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को परीक्षा संचालन संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एनडीए/एनए परीक्षा दो पालियों में तथा सीडीएस परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी।

बैठक में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# औद्योगिक अशांति का समाधान, जिला प्रशासन-पुलिस की मध्यस्थता में श्रमिकों और प्रबंधन के बीच बनी सहमति

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 10 अप्रैल 2026। जनपद में उत्पन्न औद्योगिक अशांति के समाधान के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की मध्यस्थता में श्रमिकों और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन के प्रतिनिधियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई और स्थिति पूर्णतः शांतिपूर्ण हो गई है।

बैठक में प्रमुख रूप से मेसर्स रेनबो फैबर्ट, पैरामाउंट फैशन एंड स्टाइल्स, रिचा ग्लोबल, साहू एक्सपोर्ट तथा अनुभव अपैरल्स सहित विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप जिलाधिकारी (दादरी) तथा पुलिस आयुक्त के निर्देश पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल नोएडा) सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मध्यस्थता की।

### श्रमिकों की प्रमुख मांगें

श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में कई मांगें रखी गईं, जिनमें प्रमुख रूप से बढ़ा हुआ वेतन, ओवरटाइम का दुगुना भुगतान, साप्ताहिक अवकाश, बोनस भुगतान, महिला श्रमिकों की सुरक्षा और कार्यस्थल पर शिकायत निवारण व्यवस्था शामिल रही।

### प्रबंधन की सहमति

बैठक में प्रबंधन की ओर से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति व्यक्त की गई–

11 अप्रैल 2026 से ओवरटाइम का भुगतान दुगुनी दर से किया जाएगा

साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जाएगा, रविवार कार्य पर दुगुना भुगतान मिलेगा

30 नवंबर तक बोनस का भुगतान बैंक खातों में किया जाएगा

प्रत्येक इकाई में आंतरिक शिकायत समिति का गठन होगा और मासिक बैठक होगी

शिकायत पेटी स्थापित की जाएगी तथा आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी

श्रमिक प्रतिनिधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी, प्रशासन की अनुमति के बिना निष्कासन नहीं किया जाएगा

आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी

सभी सहमतियां नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएंगी

### प्रशासन का आश्वासन

अपर श्रम आयुक्त द्वारा श्रमिकों की वेतन वृद्धि की मांग को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया गया।

बैठक के बाद श्रमिक प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि सभी श्रमिक शांतिपूर्वक अपने कार्य पर लौटेंगे और 11 अप्रैल 2026 से सामान्य रूप से कार्य प्रारंभ करेंगे।

प्रशासन और पुलिस की सक्रिय भूमिका से मामला शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# सेक्टर-45 की सीवेज समस्या का समाधान, नवनिर्मित सम्पवैल का उद्घाटन

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, संवाददाता। नोएडा क्षेत्र में बढ़ते जनसंख्या घनत्व को देखते हुए ग्राम सदरपुर एवं सेक्टर-45 की सीवेज समस्या के निस्तारण के लिए नवनिर्मित सम्पवैल का उद्घाटन किया गया।

इस सम्पवैल का उद्घाटन माननीय विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद, गौतमबुद्धनगर के प्रतिनिधि, नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसपी) तथा महाप्रबंधक (जल) भी उपस्थित रहे। यह सम्पवैल ग्राम सदरपुर और सेक्टर-45 से निकलने वाले सीवेज के निस्तारण के लिए तैयार किया गया है, जिसे सेक्टर-168 स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में IPS-4 एवं MSPS-1 के माध्यम से प्रोसेस किया जाएगा।



अधिकारियों के अनुसार, इस नवनिर्मित सम्पवैल की क्षमता 10 एमएलडी है और इसकी निर्माण लागत लगभग 6.89 करोड़ रुपये रही है।

प्राधिकरण के अनुसार, इस परियोजना से क्षेत्र में बढ़ती आबादी के बावजूद भविष्य में सीवेज समस्या की संभावना काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और जल निकासी व्यवस्था अधिक प्रभावी हो सकेगी।

# कीटनाशक विक्रेताओं के लिए आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 10 अप्रैल 2026। जनपद में कीटनाशक विक्रेताओं के लिए भारत सरकार के आईपीएमएस (इंटीग्रेटेड पेस्टिसाइड मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दुबे ने बताया कि कीटनाशकों के क्रय-विक्रय के लिए सभी व्यवसायियों को निर्धारित पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद अभी भी कई डीलरों द्वारा पंजीकरण नहीं कराया गया है, जो कि शासन की प्राथमिकता में शामिल विषय है और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है।

उन्होंने बताया कि कीटनाशी विक्रेताओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे अविलंब आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण कर इसकी सूचना दें। जिन डीलरों को पंजीकरण में कठिनाई हो, वे 13 अप्रैल 2026 को कार्यालय में उपस्थित होकर आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेकर प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

साथ ही सभी विक्रेताओं को अपने फर्म में उपलब्ध कीटनाशक स्टॉक की जानकारी रसायन एवं कंपनीवार पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में कीटनाशक की खरीद केवल अधिकृत निमार्ता कंपनियों से ही आईपीएमएस पोर्टल पर स्वीकृति के बाद की जा सकेगी।

यदि कोई विक्रेता बिना पोर्टल के कीटनाशक का क्रय-विक्रय करता पाया जाता है तो यह कीटनाशी अधिनियम-1968 का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित लाइसेंस को निलंबित या निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित निमार्ता कंपनी पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में भव्य दीक्षांत समारोह 2026, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छात्रों को किया प्रेरित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, संवाददाता। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव मनाया।

समारोह के मुख्य अतिथि माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में जेन-जी पीढ़ी की भूमिका पर जोर देते हुए छात्रों को देश के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि आज का समय जेन-जी का है, और यह पीढ़ी अपनी नई सोच, कार्यशैली और तकनीकी समझ के माध्यम से देश की प्रगति को नई दिशा दे सकती है।

### 3090 छात्रों को मिली डिग्री, 63 को गोल्ड मेडल

इस दीक्षांत समारोह में लगभग 3090 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही 63 मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. देवेश कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि उनका जीवन छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं प्रो चांसलर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




### कई गणमान्य रहे मौजूद

इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व सांसद श्रीमती राजकुमारी चौहान और चांसलर डॉ. विक्रम सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक, शिक्षक और विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यह आयोजन विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत वह छात्रों को वैश्विक स्तर पर सक्षम, जिम्मेदार और कुशल नागरिक बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

# डीएनडी पर भाजपा नोएडा महानगर ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का किया स्वागत

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, संवाददाता। भाजपा नोएडा महानगर द्वारा आज डीएनडी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, वी.एस. चौहान, विनोद त्यागी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का अभिनंदन किया।

रक्षा मंत्री ग्रेटर नोएडा में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए जा रहे थे।



कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेश चौहान के साथ बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें अमित त्यागी, चंदगीराम यादव, ओमवीर अवाना, विनोद शर्मा, डिंपल आनंद, संजय बाली, राजकुमार बंसल, अशोक मिश्रा, प्रज्ञा पाठक शर्मा, बबलू यादव, गौतम शर्मा, नीरज चौधरी, प्रदीप चौहान, शशिधर उपाध्याय, दीनबंधु कुशवाहा, रामकिशन यादव, मनीष तिवारी, सत्यनारायण महावर, रामकुमार नगर, रामनिवास यादव, विपिन चौधरी, मुक्तआनंद शर्मा, विपुल शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, अर्पित मिश्रा, दीपाली दीक्षित, शीतल शुक्ला, नेहा, रोशनी, मोनिका श्रीवास्तव, अनिल मास्टर, अशोक यादव, शक्ति सिंह, बलराज चौधरी, अमित अवाना, ललित प्रजापति और दुर्वेश तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला।

# "कल्कि संभल: सनातन चेतना की सिनेमाई हुंकार, 14 अप्रैल से शुरू होगी ऐतिहासिक शूटिंग"

## "अमित जानी की नई फिल्म 'कल्कि संभल/काला हिरण' से उठेगी वैचारिक लहर, देवी इंदुलेखा का समर्थन"

विशेष रिपोर्टः रविंद्र आर्य

संभल/वृंदावनः सनातन मूल्यों और सामाजिक चेतना को केंद्र में रखकर बनाई जा रही फिल्म "कल्कि संभल / काला हिरण" एक बार फिर चर्चा में है। जानी फायरफॉक्स फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही यह फिल्म 14 अप्रैल से संभल के चंदौसी क्षेत्र में शूटिंग के साथ अपने सफर की शुरूआत करने जा रही है।

फिल्म के निमार्ता अमित जानी और निर्देशक भारत एस. श्रीनाथे हैं। इससे पहले भी अमित जानी अपनी फिल्मों के माध्यम से सामाजिक और वैचारिक मुद्दों को मुखरता से उठाते रहे हैं।




### जोधपुर में अंतिम ऑडिशन, 14 अप्रैल से शूटिंग शुरू

फिल्म के लिए 9-10 अप्रैल को जोधपुर में अंतिम ऑडिशन आयोजित किए गए, जिसके बाद 14 अप्रैल से संभल में एक महीने तक लगातार शूटिंग चलेगी। इस दौरान फिल्मी सितारों का जमावड़ा रहेगा और स्थानीय स्तर पर भी फिल्म को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

### कहानी और किरदारः इतिहास, संघर्ष और रहस्य का संगम

पोस्टरों से स्पष्ट है कि फिल्म दो अलग-अलग समयकाल और विचारधाराओं के टकराव को दिखाती है–

विजय राज (भाईजान – 2024)
महेश मांजरेकर (अब्बा जान – 1978) राजनीश दुग्गल (सेठ बनवारी लाल गोयल – 1978)

फिल्म का दूसरा पहलू "काला हिरण – ए डेजर्ट मिस्ट्री" रहस्य और प्रतीकात्मकता को दशार्ता है, जो इसे और भी रोचक बनाता है।

### देवी इंदुलेखा का समर्थनः "फिल्में बनेंगी जागरूकता का माध्यम"

वृंदावन की आध्यात्मिक व्यक्तित्व देवी इंदुलेखा ने इस फिल्म का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है:

"सनातन और मानवता के मूल्यों को फिल्मों के माध्यम से प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है। 'उदयपुर फाइल्स' जैसी फिल्मों ने सच्चाई सामने रखने का साहस दिखाया है, और 'कल्कि संभल' भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में अन्य सामाजिक घटनाओं पर भी फिल्में बननी चाहिए, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े।

### सामाजिक पहल और सलीम वस्तिक का संदर्भ

अमित जानी केवल फिल्मों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक मामलों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक पूर्व मुस्लिम व्यक्ति सलीम (जिसे स्थानीय स्तर पर "सलीम वस्तिक" के नाम से जाना जाता है) को आर्थिक सहयोग देने का समर्थन करते हुऐ, जो चर्चा का विषय बना। समर्थकों का मानना है कि जब सामाजिक स्तर पर मदद और समर्थन दिया जा सकता है, तो उन्हीं विषयों और वास्तविक घटनाओं पर आधारित फिल्मों का निर्माण भी जरूरी है, ताकि समाज के सामने व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत हो सके।

### विवाद और विरोधः फिल्म पर उठते सवाल

अमित जानी की फिल्मों को लेकर अक्सर विवाद भी सामने आते रहे हैं। कुछ वर्गों द्वारा इन फिल्मों के खिलाफ अदालतों तक याचिकाएं दायर की जाती हैं और कई बार सीन हटाने की मांग भी उठती है।

प्रश्न यह उठता है कि क्या लोकतांत्रिक देश में किसी घटना या सच्चाई को फिल्म के माध्यम से दिखाना गलत है?

समाज का एक बड़ा वर्ग अब इस मुद्दे पर खुलकर समर्थन में आ रहा है और सोशल मीडिया पर "वाह रे सनातनी भाहू" जैसे नारे के साथ समर्थन अभियान चलाने की तैयारी में है।

### सनातन और सिनेमाः एक नई वैचारिक लहर

"कल्कि संभल" सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक वैचारिक प्रस्तुति मानी जा रही है।

यह फिल्म सनातन मूल्यों, सामाजिक घटनाओं और ऐतिहासिक संदर्भों को जोड़ते हुए एक नई बहस को जन्म दे सकती है।

14 अप्रैल को शुरू होने जा रही इस फिल्म की शूटिंग को लेकर समर्थकों में खासा उत्साह है और इसे एक "सांस्कृतिक आंदोलन" के रूप में भी देखा जा रहा है। जिसमें आध्यात्मिक गुरु प्रमोद कृष्णम का भी खास समर्थन मिलने की बात सामने आ रही है।

अमित जानी की यह फिल्म एक बार फिर यह साबित करने जा रही है कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का भी एक सशक्त उपकरण है।

अब देखना यह होगा कि "कल्कि संभल" दर्शकों और समाज पर कितना प्रभाव छोड़ती है।

# यूपी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः ठगी गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार, नकली सोना बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

लखनऊ ठगी के मामलों पर "जीरो टॉलरेंस" की नीति के तहत Uttar Pradesh Police ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोगों को भरोसे में लेकर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




यह कार्रवाई Lucknow Police द्वारा की गई, जिसमें आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है।

### पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के पास से–

02 पीली धातु की चूड़ियां
29,500 नकद
08 मोबाइल फोन
16 सिम कार्ड
10 नकली पीली धातु (सोने जैसी) के बिस्कुट
01 चार पहिया वाहन

बरामद किया गया है।

पुलिस का कहना है कि यह गिरोह लोगों को भरोसे में लेकर उन्हें नकली सोना देकर ठगी करता था और मोटी रकम ऐंठ लेता था। मामले में आगे की जांच जारी है तथा अन्य संभावित आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रावत शिक्षा समिति द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए 10 दिवसीय सांकेतिक भाषा एवं योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

समाज जागरण

हाथरस, संवाददाता। रावत शिक्षा समिति, मूक-बधिर, दृष्टिहीन एवं मानसिक दिव्यांग निःशुल्क आवासीय विद्यालय प्रशिक्षण केंद्र, हाथरस के प्रांगण में 10 दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण एवं योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 9 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हुआ है। कार्यक्रम के दूसरे दिन दिव्यांग बच्चों के लिए सांकेतिक भाषा एवं योग-साधना सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रविप्रकाश कुशवाहा तथा विपिन कुमार सारस्वत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

यह कार्यक्रम द आर्ट ऑफ लिविंग एवं श्री श्री रविशंकर फाउंडेशन तथा रावत शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।



### दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी पहल

संस्था अध्यक्ष डॉ. एम.एल. रावत ने कहा कि यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों, उनके अभिभावकों तथा प्रशासनिक, न्यायिक, शिक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि सांकेतिक भाषा की जानकारी से संवाद की बाधाएं दूर होंगी और दिव्यांगजनों को न्याय एवं सेवाओं तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी संस्था द्वारा एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा चुका है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया था।

### अधिकारियों ने की सराहना

मुख्य अतिथि रविप्रकाश कुशवाहा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे प्रशासनिक व न्यायिक प्रक्रिया में संवाद की सुविधा बढ़ेगी।

वहीं विपिन कुमार सारस्वत ने कहा कि संस्था द्वारा रेलवे क्षेत्र में स्वच्छता, कोविड काल में सहायता, पेयजल व्यवस्था और दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है।

### प्रशिक्षण एवं सांस्कृतिक गतिविधियां

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के कौशल विकास, योग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का संचालन पीयूष रावत द्वारा किया गया तथा संस्था की प्रशासनिक अधिकारी अर्चना शर्मा ने विस्तृत जानकारी साझा की।

अंत में सभी उपस्थित लोगों को फल एवं चाय वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# झांसीः कचरा फेंकने के विवाद में पुलिसकर्मी सस्पेंड, वायरल वीडियो पर एक्शन

समाज जागरण

झांसीः सोशल मीडिया पर एक पुलिसकर्मी और दो व्यक्तियों के बीच कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद/झड़प का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।

घटना को गंभीरता से लेते हुए Jhansi Police ने तत्काल संज्ञान लिया और मामले की जांच के बाद संबंधित पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है।

इस कार्रवाई को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा तुरंत प्रभाव से लागू किया गया। जानकारी के अनुसार,




BBGTS Murthy IPS ने मामले को गंभीर मानते हुए सख्त निर्देश जारी किए और आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल सस्पेंड करने के आदेश दिए।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और विभागीय अनुशासन के तहत आगे की कार्वाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस विभाग में अनुशासन और सार्वजनिक व्यवहार को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## दा हंक जिम के स्वामी शराफत खान के भतीजे व नजाकत खान के बेटे रियासत खान की शादी समारोह का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के मोहल्ला मुनीरगंज पालोमाल कॉलोनी के निवासी नजाकत खान के पुत्र व दा हंक जिम के स्वामी शराफत खान के भतीजे रियासत खान की शादी समारोह बृहस्पतिवार की रात्रि नजीबाबाद में स्थित भारत बैंकट हॉल मे आयोजित हुआ शादी समारोह में आए सभी मेहमानो की शानदार मेहमान नवाजी की गई बैंक्विट हॉल को पूरी तरह लाइटो व फूलो से सजाया गया बैंक्विट हॉल में शादी समारोह मे आए बच्चों के खेलने के लिए मिक्की माउस झूले आदि लगवाए गए सभी बच्चों ने खुलकर मनोरंजन किया शादी समारोह मे आए मेहमानो के लिए बाहर से बुलाए गए कारीगरो से तरह तरह के भेजन व मिठाइयां बनवाई गई सभी मेहमानो ने स्वादिष्ट भोजन व मिठाइयों का जमकर आनंद लिया




भारी संख्या में शादी मे शिरकत करने पहुंचे राजनैतिक मीडियाकर्मी अधिवक्ता व समाजसेवियो ने दूल्हा दुल्हन को अपनी दुआओ से नवाजा तथा नजाकत खान के बेटे रियासत खान को निकाह की गले मिलकर मुबारक पेश की शादी समारोह में पहुंचे सभी लोगों का नजाकत खान व शराफत खान ने दिल से आभार जताया शादी समारोह में आए सभी मेहमानो ने शादी के प्रबंध की सरहाना की इस अवसर पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खान साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी पूर्व चेयरमैन मौज्जम खान सांसद प्रतिनिधि फईम अंसारी कुलवीर चौधरी अपना दल जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट डॉ अरोड़ा डॉक्टर जोहर वसीम एडवोकेट बार संघ अध्यक्ष कसीम एडवोकेट हाजी शमीम गुलजार यूनुस नेता यूसुफ पहलवान उबेद खान जैद खान फरहान खान सुफियान खान शादाब खान हमदान खान शमशाद खान उर्फ जरमन भोलू कुरैशी व नगर पालिका का समस्त स्टाफ आदि नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## 15 अप्रेल तक पंजीकरण न होने होंगे कीटनाशी विक्रेताओ के लाइसेंस निरस्त

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। अपर कृषि निदेशक, उ.प्र. कृषि भवन, लखनऊ के द्वारा निर्देशित किया गया है कि समस्त कीटनाशी विक्रेताओं (पेस्ट कन्टरोल, हाउस होल्ड, निमार्ता/ वितरक सहित) को आई.पी.एम.एस. पोर्टल (एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन प्रणाली) पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है, जिन विक्रेताओं द्वारा आई.पी.एम.एस. पोर्टल (एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन प्रणाली) पर पंजीकरण नहीं कराया जायेगा, उनके कीटनाशी लाइसेंस तत्काल निरस्त किये जाने के निर्देश दिये गये है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने बताया कि पंजीकरण के सम्बंध में अनेकों बार कीटनाशी विक्रेताओ को मौखिक एवं लिखित रूप से कई बार निर्देशित किया जाता रहा है कि केवल आई.पी.एम.एस. पोर्टल पर पंजीकरण कराने के उपरान्त ही कीटनाशक की क्रय-विक्रय करें और यदि किसी भी कीटनाशी विक्रेता का पंजीकरण न होने की दशा में कीटनाशी विक्रेताओं का आई.पी.एम.एस. पोर्टल पर पंजीकरण करने के उपरान्त ही कीटनाशक दवाओं की क्रय- विक्रय किया जाये। किन्तु बड़े ही खेद का विषय है कि आप द्वारा उपर्युक्त दिये गये निदेर्शों का पालन नहीं किया जा रहा है।

उक्त के क्रम में आपको कार्यालय के पत्रांक 470 दिनांक 30 मार्च 2026 के द्वारा दिनांक 1 अप्रेल 2026 तक आई.पी.एम.एस. पोर्टल पर पंजीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु आपके द्वारा आई.पी.एम.एस. पोर्टल पर जनपद में मात्र 488 ही विक्रेताओं द्वारा पंजीकरण किया गया है। यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है। अतः अपंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 15 अप्रेल 2026 तक आई.पी.एम.एस. पोर्टल पर पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने सख्ती के साथ निर्देश दिया कि सभी अपंजीकर्त कीटनाशी विक्रताओं द्वारा 15 अप्रेल 2026 तक पंजीकरण नहीं किया जाता है तो कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं नियमावली-1971 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही करते हुये आपका कीटनाशी लाइसेंस निलंबित/ निरस्त कर दिया जायेगा। जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

## जिलाधिकारी के आदेश पर कब्र से निकला शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### 20 महीने पूर्व सऊदी अरब में हुई थी युवक की मौत।

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर।बीस माह पूर्व सऊदी अरब में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई गांव शकरपुरी के युवक की मौत के मामले में जिलाधिकारी के आदेश के बाद युवक के शव को कबिस्तान ने निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



संगीर अहमद पुत्र शफीक अहमद निवासी ग्राम शकरपुरी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था कि उसका पुत्र तालिब अहमद सऊदी अरब (रियाद) मे कम्पनी में खजूर पैकिंग के काम की बीजा पर गया था। जिसका एजेन्ट दिल्ली जुलैना मुजीब ऑफिस है और उसका सऊदी में भी उसका ऑफिस है। एजेंट शाहिद व मुजीब लोगो को गल्फ में भेजते है। प्रार्थी के पुत्र को कम्पनी में खजूर पैकिंग में न लगाकर भैस, बकरा चराने के काम पर लगा दिया गया और जिस काम मे गया था. उसके स्थान पर दूसरे कामों में लगा दिया गया था।

उसके पुत्र तालिब को रियाद (सऊदी अरब) जाने के बाद चार माह के अन्दर तबीयत खराब बताकर उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसका अपेन्डिक्स का ऑपरेशन हुआ है। यह बात मेरे पुत्र ने मुझे बताई तथा उसका ऑपरेशन क्यो किया गया ऑपरेशन के दो माह बाद मेरे पुत्र की मृत्यु हो गई। मेरे पुत्र की रियाद में इस खजूर पैकिंग फैक्ट्री में दिनांक 8 जुलाई 2024 को संदिग्ध हालत में मृत्यु हो गई ।

एजेन्ट शाहिद से बात की और मृत्यु की वजह पूछी तो उसने 10-15 दिन तक कोई बात नहीं की तथा प्रार्थी ने कहा कि मेरे लड़के को भेज दो तो कहने लगा हम भेज देंगे परन्तु उसने बाद मे कोई जवाब नहीं दिया था और कुछ दिन बाद कहा कि आपके लड़के ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है, जबकि कोई सुसाइड नोट उसके मृतक के पास से बरामद नहीं हुआ था। मृतक के पिता ने प्रार्थना पत्र देकर शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कराकर मृत्यु के सही कारणों का पता लगाने के बाद उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज में छात्र की रैगिंग, 11 सीनियर्स पर हुई अनुशासनात्मक कार्रवाई

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर का महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय छात्र की रैगिंग को लेकर चचाओं में है। मेडिकल कॉलेज में एक महीने पहले एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र से रैगिंग का मामला संज्ञान में आने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 11 छात्रों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय सत्र की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब यहां प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। जिले के ही नहीं, बल्कि दूसरे जिले और प्रदेश के छात्र भी यहां पढ़ाई कर रहे हैं। सीनियर छात्रों के द्वारा जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग के मामले सामने आने लगे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित छात्र ने एनएमसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर रैगिंग की शिकायत की। इसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग के आरोप में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के 11 छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की। इनमें एक छात्र पर 10 हजार रुपये जुमार्ना व छह सप्ताह का निलंबन, एक छात्र पर 10 हजार रुपये जुमार्ना व चार सप्ताह का निलंबन, एक छात्र को पांच हजार रुपये जुमार्ना व दो सप्ताह का निलंबन और आठ छात्रों को दो सप्ताह के निलंबन की सजा दी गई है।

## गेहूं फसल नुकसान पर 72 घंटे में दें सूचना, मिलेगा बीमा लाभ

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर उप कृषि निदेशक डॉ० घनश्याम वर्मा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद के कृषकों द्वारा रबी की संसूचित फसल गेहूँ, की फसलों का बीमा कराया गया है। बीमा से आच्छादित जोखिम ग्राम पंचायत स्तर परः- फसल की अवधि में प्राकृतिक आपदा से नुकसान की फसल कटाई के आधार पर प्राप्त वास्तविक उपज में गारन्टीड/श्रेशोल्ड उपज की तुलना में कमी होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति की जाती है। साथ ही व्यक्तिगत आधार पर स्थानीय आपदा वर्तमान में गेहूं की फसल में ओलावृष्टि, बेमौसम बारिस एवं आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग के कारण क्षति की स्थिति एवं फसल कटाई उपरान्त आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी गयी फसल को ओलावृष्टि, चकवात / चक्रवर्तीयवर्षा / बेमौसम बारिस से क्षति होने की स्थिति में व्यक्तिगत आधार पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति दी जाती है। अतः कृषक भाई रबी की फसल गेहूँ में हुए नुकसान की भरपाई के लिए 72 घण्टे के अन्दर कृषक रक्षक हेल्पलाईन नम्बर-14447 पर सूचित करे। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला कृषि अधिकारी/उप कृषि निदेशक कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## कांग्रेसियों ने असम के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्व सरमा द्वारा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी किये जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने ठारपूठा चौराहे पर पुतला दहन किया

पुतला दहन के मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव एवं महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू ने सयुक्त रूप से कहा कि हेमंता विस्व शर्मा मुख्यमंत्री के संवेधानिक पद पर बैठकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके पद की गरिमा तो गिरा ही रहे हैं साथ ही अपनी पार्टी भाजपा का असली चरित्र और चेहरा भी उजागर कर रहे हैं ऐसे व्यक्ति को पद पर रहने का कोई हक नहीं है इन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए और भाजपा को इनके कुकर्मो के लिये कांग्रेस सहित देश से माफी मागनी चाहिए अन्यथा कांग्रेस पार्टी साढ़कों पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होगी '

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , जितेंद्र तिवारी , पी.सी.सी. हाजी नसीर अहमद , महासचिव अनिल यादव , शान्तिदास शंखवार , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , वाररूम प्रभारी संदीप कुमार ओझा , पार्षद लाला राइन गाँधी , अजय शर्मा , जिला सचिव संजय यादव , वकार खालिद , अरशद खान , ए. यू. अयूवी , संजू शंखवार , दिलीप यादव , कृष्णकांत पचौरी , ललित तिवारी , खजाँची दिवाकर , दिनेश चंद्र , रणवीर सिंह आदि कांग्रेसी मौजूद रहे '

## गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं का हंगामा, सड़क पर लेटे लोग; एसडीएम के आश्वासन पर शांत हुआ मामला।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना में गैस की किल्लत और एजेंसी संचालक की मनमानी से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा शुक्रवार सुबह फूट पड़ा। तीन दिनों से गैस एजेंसी पर ताला लटके होने और सिलैंडर न मिलने से नाराज लोगों ने सब्जी मंडी के पास एटा-शिकोहाबाद मार्ग पर जोरदार हंगामा किया। आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर जाम लगा दिया और वाहनों के आगे लेटकर अपना विरोध दर्ज कराया।

शुक्रवार सुबह जब उपभोक्ता अपनी गैस लेने के लिए एजेंसी पहुंचे, तो वहां ताला लगा देख वे भड़क गए। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने ऑनलाइन बुकिंग करा रखी है और उनके मोबाइल पर ओटीपी (OTP) भी आ




चुका है, इसके बावजूद एजेंसी संचालक उन्हें सिलैंडर नहीं दे रहा है। लोगों ने एजेंसी संचालक पर गैस की कालाबाजारी करने का गंभीर आरोप भी लगाया। सड़क पर लगा जाम, मची अफरा-तफरी हंगामे के दौरान लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब वाहन चालकों से नोकझोंक के बाद लोग सड़क पर ही लेट गए, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। देखते ही देखते वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी जाम की सूचना मिलते ही जसराना थाना पुलिस, एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला और नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह भारी सुरक्षा बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीएम ने आक्रोशित लोगों से बात की और उनकी समस्या सुनी। उपभोक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पिछले तीन दिनों से एजेंसी नहीं खुल रही है, जिससे उनके घरों में चूल्हे ठंडे पड़े हैं। एसडीएम उपभोक्ताओं को शांत कराते हुए एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि गैस एजेंसी संचालक द्वारा कालाबाजारी की जा रही होगी या उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा होगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम के ठोस आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने जाम खोल दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में एजेंसी संचालक के खिलाफ खासा आक्रोश बना हुआ है।

## नगरसेन मंदिर का विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। श्री 1001 प्राचीन बाबा नगरसेन मंदिर बिलहना में आयोजित भव्य मेला उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मनीष असीजा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मनीष असीजा (सदर विधायक), डॉ सतीश दिवाकर (महानगर जिला अध्यक्ष), ओमप्रकाश वर्मा (पूर्व विधायक), राकेश दिवाकर (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), अनार सिंह दिवाकर, आकाश गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, आकाश गर्ग, रतन सक्सेना सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मेला संयोजक हरि बाबू बाबा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या में बाबा के भक्तों ने सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने मंदिर की महिमा का वर्णन करते हुए क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मेला उत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जो आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## एम डी जैन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने कक्षा में अखबारों का किया वाचन।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज में अखबारों के प्रति जागरूक कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के द्वारा किया गया। नीरज कुमार जैन ने बताया कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। सभी बच्चों को अपने पढ़ने की जिज्ञासा में उत्तरोत्तर वृद्धि करने के लिए अखबार पढ़ने की प्रवर्ति रखनी चाहिए।

अश्वनी कुमार जैन ने सभी को बताया कि यह कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा विभाग की नई पहल के अंतर्गत किया गया। जिसमें आज कक्षा 12 ब2 के विद्यार्थी कु प्रियंका, सिमरन, खुशी, कोमल, सुहानी दुबे, साक्षी, आस्था, जानवी, मुस्कान,



परी, करिश्मा, रामगोपाल, आदित्य , कार्तिक शर्मा, गौरव, प्रवीन, अंशुल, अमित, हार्दिक, गिलक्रिस्ट आदि को अखबारों का वाचन कराया गया। अखबारों के वाचन से विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।

इस अवसर पर संदीप जैन, प्रशान्त जैन, अंजय जैन, निशान्त जैन, नितिन जैन, धीरज जैन, अमित जैन, शैलेन्द्र जैन, सुनील जैन, सत्यकाम सिंह, परेश जैन, राजीव जैन, सत्यपाल सिंह, हरीशंकर, राजेश सक्सेना, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव,नितिन मिश्र, योगेश श्रीवास्तव, विपुल जैन, संतराम, नितिन कुमार जैन, श्रीमती प्रीती जैन, सुकीर्ति चतुर्वेदी, सारिका कुलश्रेष्ठ, साधना मोडवेल, सरिता जैन, ज्योति जैन, स्वाति जैन, रंजना जैन आदि उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व छात्राओं का सम्मेलन संपन्न।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय के परिसर में एक भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया ।

आगुंतक अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा ने नवगठित रजिस्ट्रार फॉर्म्स सोसाइटी एंड चिट्स उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित सदस्यों के बारे में बताया।




सभागार में उपस्थित सदस्यों ने महाविद्यालय से जुड़े जीवन के खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया। दाऊ दयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य। डॉक्टर अंजुमा रियाज ने विद्यालय से शुरू हुए महाविद्यालय के सफर तक को अपने अनुभवों के माध्यम से बताया कि उसे दौर में शिक्षा और शिक्षक की भूमिका एक गुरु और शिष्य की परंपरा में सभी गुणों को समेटे हुए थी और आज यही कारण है कि वह इस पद पर हैं। शिक्षाशास्त्र विभाग की विभागाअध्यक्ष प्रोफेसर विनीता गुप्ता ने शिक्षण संस्थान से निर्गत छात्राओं के बारे में बताया जो आज उच्च पदों पर हैं और महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।संगीत विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर स्नेहलता ने शैक्षिक विद्यालय गतिविधियों में अपनी सहभागिता को सारगर्वित किया। गृह विज्ञान की प्रवक्ता शिखा ने अपने छात्र जीवन के खट्टे मीठे अनुभवों से अवगत कराया। मनोविज्ञान की प्रवक्ता डॉ निधि गुप्ता ने एक शिक्षक की भूमिका को अपने में आत्मसात करने संबंधी अनुभवों को साझा किया। राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता तरन्नुम निशा ने शैक्षिक जीवन में अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। गृह विज्ञान की प्रवक्ता अंजलि ने अपने अनुभवों में संस्थापक एस के अग्रवाल सर के देवत्त्व गुणों का बखान किया ।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा जी ने यादों के झरोखे थीम पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ महाविद्यालय के उत्थान में उपयोगी सुझावों से अवगत कराकर धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संयोजन भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन समिति की मनोविज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर शालिनी सिंह एवं अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर ज्योति अग्रवाल का रहा। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन समाजशास्त्र विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर ममता अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर विनीता यादव, प्रोफेसर रंजना राजपूत, प्रीति सिंह, शिवानी अग्रवाल, डॉ अर्चना अग्रवाल, साक्षी मिश्रा ,सरिता शर्मा, विकास वार्ष्णेय ,शिखा ,अंजलि, रिमशा, शालिनी गुप्ता के साथ समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नबरों के बारे में दी गई जानकारी

**समाज जागरण**



सम्भल। महिलाओ एवं बालिकाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु ह्यह्यमिशन शक्तिह्लह्ल के विशेष अभियान-फेज-05 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी, सम्भल के निदेर्शानुसार पर्सनल सेफ्टी अवेरयनेस कार्यक्रम का आयोजन पंकज स्मारक कन्या इण्टर कालेज पाठकपुर सम्भल में छात्र-छात्राओ के साथ किया गया, छात्र-छात्राओ को सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के वारे में विस्तारपूर्वक वताया गया और पर्सनल सेफ्टी के वारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा छात्राओ के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ जैसे-सखी वन स्टाप सेण्टर योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल विवाह, एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे 1098, 181, 112, 102, 1081 1076, आदि हेल्पलाइन नम्वर जिनका प्रयोग आपातकालीन स्थिति में किया जा सकता है के वारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कार्यक्रम में बबीता रानी केस वर्कर, पूजा सिंह केस वर्कर, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रज्ञा शर्मा केस वर्कर पंकज स्मारक कन्या इण्टर कालेज पाठकपुर सम्भल के प्रधानाचार्य एव समस्त स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं में आत्म विश्वास जगा रहा है मिशन शक्ति

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। कम्पोजिट स्कूल नगला गंगाराम में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना, उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करना तथा समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था।

समारोह में बालक, बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को शिक्षा,आत्मरक्षा,कानूनी अधिकारों, साइबर सुरक्षा और घरेलू हिंसा से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।मिशन शक्ति की नोडल डॉ जया शर्मा द्वारा बताया गया कि समाज में बालिकाओं एवं महिलाओं




को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना केवल पुलिस की ज़िम्मेदारी नहीं है बल्कि पूरे समाज की सामूहिक ज़िम्मेदारी है।थाना प्रभारी श्री अमित तोमर ने कहा साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी साथ ही मिशन शक्ति को समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल बताया।महिला उपनिरीक्षक निशा बंसल ने गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए महिला हेल्प लाइन 1090,181 और 112 जैसी उपयोगी सेवाओं पर चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन विवेक शर्मा ने किया।कार्यक्रम में ज्योति पाठक साधना रावत,शिल्पा कर्दम,विनीता चौधरी ध्यानपाल,श्याम सुन्दर आदि उपस्थित रहे।

## 461वाँ ऋषि वाङ्मय स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न, नैतिक शिक्षा पर दिया जोर

**समाज जागरण**

सम्भल। गायत्री परिवार के ज्ञान यज्ञ अभियान के अंतर्गत 461वाँ युगऋषि वाङ्मय स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन टीआरसी लॉ कॉलेज, सतरिख, बाराबंकी (उ.प्र.) के केंद्रीय पुस्तकालय में किया गया।

कार्यक्रम के तहत श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 79 खंडों के संपूर्ण युगऋषि वाङ्मय की स्थापना की गई। विनय गुप्ता एवं सपना गुप्ता ने अपने पुत्र अंगद गुप्ता के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ यह वाङ्मय संस्थान को भेंट किया। साथ ही छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति (हिंदी) पत्रिका भी वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य मानव को नैतिक शिक्षा प्रदान करता है और जीवन को दिशा देता है। इस अवसर पर डॉ. नीलम गुप्ता एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुजीत चतुर्वेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, अर्चना गुप्ता, विनय गुप्ता, सपना गुप्ता सहित संस्थान के डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ. नवीन कुमार सिंह तथा अन्य संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रति छात्र- छात्राओं को किया जागरूक

**समाज जागरण**

चंदौसी। एस. एम. कॉलेज, चन्दौसी में सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यक्रम समिति के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं हेतु प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव, प्राचार्य, द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य, विद्यार्थियों के साथ साझा किया। प्राचार्य ने उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डॉ सूरज शर्मा, संयोजक, सरकारी एवं अर्धसरकारी समिति, ने योजना के अंतर्गत बिना जमानत एवं गारंटर के शिक्षा ऋण, ब्याज अनुदान तथा पात्रता संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को आवेदन प्रक्रिया एवं ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपने प्रश्नों के माध्यम से योजना के विभिन्न पहलुओं को समझा। आयोजन के अंत में विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं के रूप में डॉ एन.के. शर्मा, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. राम अधार यादव, प्रो. दीप श्रीवास्तव, प्रो. पवन कुमार यादव, डॉ. विशेष कुमार पाण्डेय, डॉ प्रदीप कुमार व महाविद्यालय के अन्य शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए समिति एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलाई शपथ, स्वागत समारोह में उमड़ा उत्साह



**समाज जागरण**

झिंझाना नगर पंचायत झिंझाना में शुक्रवार को नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम ने नामित सभासद रवि गहलोत, पवन पच्चीसीया और अरविंद संगल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

समारोह के दौरान नगर पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की अच्छी-खासी भीड़ मौजूद रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सभासद नगर पंचायत की कार्यप्रणाली की अहम कड़ी होते हैं और उनके सहयोग से ही विकास योजनाएं धरातल पर उतरती हैं।

एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए नगर के समग्र विकास में योगदान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सभासद मिलकर टीम भावना से कार्य करेंगे तो विकास कार्यों में तेजी आएगी।

शपथ ग्रहण के बाद मुख्य अतिथि रमेश गौड़ कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप एवं जिला मंत्री श्रीपाल आर्य नामित सभासद रवि गहलोत के आवास पर पहुंचे, जहां वाल्मीकि समाज के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर नव-नामित सभासद को शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, रमेश गौड़ कश्यप, जिला मंत्री श्रीपाल आर्य, अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश आनंद चंचल, अजय बंसल, सतीश, राहुल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल के गेट पर गर्भवती महिला ने नवजात को दिया जन्म

## -भाकियू पदाधिकारियों ने सीएमओ कार्यालय पर किया हंगामा



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शामली के जिला अस्पताल में गर्भवती महिला द्वारा जिला अस्पताल के गेट पर बच्चे को जन्म देने की घटना के बाद भाकियू पदाधिकारियों ने सीएमओ कार्यालय पर जमकर हंगामा किया। गत देर रात कांधला क्षेत्र के गांव असारा निवासी उसमान ने अपनी पत्नी कौसर को प्रसव पीडा के कारण कांधला सीएचसी में भर्ती कराया था, जहां महिला की हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। रात में ही परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद स्टाफ नर्स मोनिका ने महिला का ऑपरेशन होने का बहाना बनाते हुए उसको भर्ती करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद परिजन स्टाफ नर्स की काफी मिन्नते करते रहे, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। जिसके बाद परिजन महिला को जिला अस्पताल गेट पर लेकर पहुंचे और किसी वाहन का इंतजार करने लगे। महिला को तेज पीडा होने के कारण महिला ने जिला अस्पताल के गेट पर सडक पर ही एक बच्चे को जन्म दे दिया। जिला अस्पताल गेट पर बच्चे को जन्म देने से परिजनों ने जमकर हंगामा किया और चिकित्सकों व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। बाद में स्टाफ नर्स हेमा ने महिला को भर्ती किया और उपचार दिया। शुक्रवार को गर्भवती महिला के साथ किए गए अमानवीय व्यावहार की शिकायत लेकर भाकियू पदाधिकारी बाबा श्याम सिंह, बाबा शोकेन्द्र, जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, कपिल खाटियान सीएमओ कार्यालय पर पहुंचे और मामले में कार्यवाही की मांग की, लेकिन आरोप है कि सीएमओ डा. अनिल कुमार ने खाप चौधरियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए शिकायत सुनने से इंकार कर दिया और कार्यालय से निकलकर जाने लगे। जिसके बाद भाकियू पदाधिकारियों में रोष फैल गया। उन्होंने सीएमओ कार्यालय का गेट बंद कर सीएमओ की गाडी को रोक लिया और सीएमओ को उनके कार्यालय में ही बंधन बना लिया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। सूचना पाकर सीओ सिटी जितेन्द्र कुमार और थाना आदर्शमंडी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कराते हुए मामला शांत कराया गया। इस दौरान मोहित शर्मा, कुलदीप पंवार, देवराज पहलवान, योगेन्द्र पंवार, कविता चौधरी, विनोद निर्वाल, दीपक शर्मा, संजीव राठी, जितेन्द्र टिटौली आदि मौजूद रहे। वहीं बाबा श्याम सिंह ने आरोप लगाया कि अक्टूबर 2025 में शामली के निजी चिकित्सक डा. आरके ढाका द्वारा उनको ऑपरेशन किया गया था। जो लापरवाही से करने से इंफैक्शन बढ गया और दोबारा ऑपरेशन कराना पडा। जिसकी शिकायत कई माह पूर्व की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने सीएमओ को पर शिकायत के बावजूद कोई जांच न कराने का आरोप लगाया। उन्होंने सीएमओ पर प्राईवेट हॉस्पिटल संचालकों से अवैध वसूली कर जनता की शिकायतों पर कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल




**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी के कड़े रुख के बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी की घेराबंदी कर उसे धर दबोचा है।

लगभग एक महापूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर के पास ही स्थित घेर में पशुओं को चारा डालने के लिए जा रही थी। आरोप है कि तभी पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसे जबरन खींचकर अपने घर के भीतर ले गया। वहां आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। किशोरी ने पीड़िता के साथ हुई घटना की जानकारी अपने परिजनों को बताई, परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वारदात के बाद से ही आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। एसपी एन.पी. सिंह द्वारा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने और त्वरित कार्रवाई के निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी अमित निवासी ग्राम नाला को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी को संबंधित धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया है। महिला सुरक्षा और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दो अलग-अलग मामलों में चोरी व चोरी के प्रयास का आरोप, पुलिस जांच में जुटी



**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र में चोरी और चोरी के प्रयास के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामलों की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी ताहिर ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि वह काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली एक महिला उसके घर में घुस गई और घर में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गई। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

दूसरी और कस्बे की रेल मंडी निवासी प्रदीप ने बताया कि वह मेरठ में नौकरी करता है। आरोप है विगत मंगलवार कि मध्यरात्रि के समय जनपद मुजफ्फरनगर के बघरा निवासी एक व्यक्ति उसके घर में घुस आया और चोरी का प्रयास किया। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी के भागते हुए की पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों मामलों में तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों मामलों में तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# झोलाछाप के इलाज में छः बहनों के सात माह के मासूम भाई की गई जान



**समाज जागरण**

झिंझाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मणपुर में एक दर्दनाक घटना हो गई सात माह के मासूम की उपचार के दौरान मौत हो गई। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक मासूम छः बहनों का इकलौता भाई था।

क्षेत्र के गांव लक्ष्मणपुर निवासी देवेंद्र के सात माह के पुत्र विराट की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए बिडौली स्टैंड स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां ले गए, जहां पिछले चार दिनों से उसका इलाज चल रहा था। बताया जाता है कि शुक्रवार को अचानक बच्चे की हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया।मासूम की मौत के बाद परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। मृतक मासूम छः बहनों का इकलौता भाई था । उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे अवैध चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बेनर तले शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय धरना प्रदर्शन किया गया।

धरने के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने डीआईओएस ऐश्वर्या जयसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि विभागीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं, जिनका तत्काल निस्तारण आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। शिक्षक संघ ने अपनी प्रमुख मांगों में सीपीएफ योजना से आच्छादित शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कटौती, राज्यांश व ब्याज की गणना कर उसे अपडेट करने, तथा संबंधित राशि को उनके खातों में जमा कराने की मांग की। इसके अलावा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने हेतु विकल्प पत्र शीघ्र भरवाकर निदेशालय भेजने की बात कही गई। धरने में यह भी मांग उठाई गई कि परिषदीय परीक्षाओं से संबंधित सभी प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान जल्द कराया जाए। साथ ही राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज, शामली के व्यायाम शिक्षक योगेन्द्र सिंह मलिक को प्रवक्ता पदनाम दिए जाने के प्रकरण का भी शीघ्र निस्तारण करने की मांग की गई। शिक्षकों ने जनपद में कार्यरत सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के अवशेष देयकों का भुगतान जल्द सुनिश्चित करने तथा 31 मार्च 2026 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लंबित भुगतान को भी तत्काल जारी करने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त डीआईओएस कार्यालय में लंबित अन्य प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण की भी मांग की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार, नीरज बेनिवाल आदि मौजूद रहे।

# पंजोखरा में युवाओं के लिए लाइब्रेरी शुरू, एमएलसी ने किया उद्घाटन



**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र के गांव पंजोखरा में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माहौल देने की दिशा में पहल करते हुए ग्राम पंचायत द्वारा लाइब्रेरी शुरू की गई। लाइब्रेरी का उद्घाटन भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उनके साथ कहीं लोग मौजूद रहे। गांव में लाइब्रेरी ग्राम प्रधान संदीप फौजी और ग्राम पंचायत सचिव राहुल कुमार के प्रयासों से शुरू की गई लाइब्रेरी में युवाओं के बैठकर अध्ययन करने के लिए करीब 40 सीटों की व्यवस्था की गई है। गर्मी से बचाव के लिए पंखे लगाए गए हैं। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों की भी व्यवस्था की गई है, ताकि गांव और आसपास के क्षेत्र के युवा यहां पढ़कर अपनी तैयारी कर सकें।उद्घाटन के बाद गांव स्थित पंचायत सचिवालय में ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव राहुल कुमार ने ग्रामीणों को फार्मर रजिस्ट्री, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना और फैमिली आईडी समेत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।ग्राम प्रधान संदीप फौजी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी होने पर ही ग्रामीण उनका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से समय-समय पर आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल में भाग लेने की अपील की। भाजपा एमएलसी पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित किया और सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है बिना भेदभाव के विकास कार्य किया जा रहे हैं आगामी 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बुकिंग के बावजूद नहीं मिला सिलेंडर, उपभोक्ताओं ने कालाबाजारी का लगाया आरोप




**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर और आसपास के क्षेत्रों में रसोई गैस की किल्लत के बीच कालाबाजारी के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गैस रिफिल की कमी का फायदा उठाकर सप्लाई से जुड़े कुछ लोग उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूल रहे हैं। इसी को लेकर थाना क्षेत्र के गांव डुंडुखेड़ा में शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।गांव पंजीट निवासी ताहिर ने बताया कि उन्होंने मार्च माह में गैस सिलेंडर रिफिल के लिए बुकिंग कराई थी, लेकिन लंबे समय के बाद भी उन्हें सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। जब वह एजेंसी पर जानकारी लेने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उनकी बुकिंग निरस्त हो चुकी है, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में उनके नाम पर सिलेंडर की डिलीवरी पहले ही दिख रही है। कस्बा निवासी कल्लू का कहना है कि उनके मोबाइल नंबर पर भी सिलेंडर बुक होने का संदेश आया, लेकिन उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिला। इससे नाराज ग्रामीणों ने एजेंसी संचालक पर आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं के हिस्से के सिलेंडर बाजार में अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यह उपभोक्ताओं के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।एजेंसी संचालक सतीश का कहना है कि गैस आपूर्ति में आ रही दिक्कत केवल स्थानीय स्तर पर नहीं है, बल्कि देशभर में सप्लाई प्रभावित होने के कारण ऐसी समस्या सामने आ रही है। सभी आरोप निराधार हैं।

# मामूली कहासुनी पर जन सेवा केंद्र संचालक से मारपीट, तीन पर आरोप

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर स्थित एक जन सेवा केंद्र पर मामूली कहासुनी के बाद मारपीट हो गई । पीड़ित संचालक ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र की हमजा कॉलोनी निवासी जावेद ने बिजली घर मार्ग पर जन सेवा केंद्र संचालित करता हैं। पीड़ित जन सेवा केंद्र संचालक जावेद का आरोप है कि शुक्रवार को मोहल्ले का ही तस्लीम उसके केंद्र पर पीडीएफ निकलवाने के लिए आया था। उसी समय कंप्यूटर में तकनीकी खराबी होने के कारण उसने कुछ देर बाद आने को कहा।आरोप है कि इसी बात को लेकर तस्लीम आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने दो पुत्रों को भी मौके पर बुला लिया और तीनों ने मिलकर जावेद के साथ मारपीट कर दी।पीड़ित ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी व उसके दो पुत्रों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# 12 अप्रैल को होगा जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जनपद में सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर वर्ग की जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 12 अप्रैल को किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन अवेंजर्स फाइट क्लब, शामली में प्रातः 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें विभिन्न भार वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। आयोजकों के अनुसार, इस चौंपियनशिप के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराटे चौंपियनशिप के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी आगामी 24 से 26 अप्रैल 2026 तक लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मातृ एवं शिशु पोषण के महत्व के बारे में किया जागरूक

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शामली के वीवी पीजी कॉलेज में एनएसएस की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत चल रहे आठवें संस्करण के पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को मातृ एवं शिशु पोषण



के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अर्शी खान ने बताया कि शिशु के समुचित विकास के लिए मां का पोषण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिशु को जन्म के बाद मां का दूध ही सर्वोत्तम आहार होता है, जिससे उसके शारीरिक और मानसिक विकास में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती। यदि प्रारंभ से पोषण पर ध्यान नहीं दिया जाए तो बच्चों के विकास में अवरोध आ सकता है। इस अवसर पर डॉ. मुकेश कुमार कन्नौजिया ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मातृ एवं शिशु के संतुलित आहार और उचित पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही पोषण से ही मां और बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में नारायण सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का समापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के वीवी पीजी कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। शिविर का शुभारंभ रोवर्स प्राचार्य डा. सुधीर कुमार, प्रभारी निर्भय कुमार सिंह एवं रेंजर्स



प्रभारी डॉ. अनुप्रिता द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया।

शुक्रवार को शिविर के प्रथम सत्र में गायत्री देवी ने रोवर्स-रेंजर्स को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन यापन करने, टैंट का निर्माण करने तथा प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना या अचानक बीमार होने की स्थिति में किस प्रकार तुरंत प्राथमिक उपचार देकर मरीज की स्थिति को संभाला जा सकता है। दूसरे सत्र में गीता रानी ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के टेंट बनाना सिखाया। उन्होंने बताया कि कम से कम एक लाठी और अधिकतम पांच लाठियों की सहायता से अलग-अलग प्रकार के टेंट तैयार किए जा सकते हैं। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के भोजन बनाये। इस अवसर पर डा. भूपेन्द्र कुमार, डा. प्रताप कुमार, छवि, अर्शी खान आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत, एक पुरुष व दो महिला घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के दिल्ली बस अड्डे के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में एक पुरुष सहित दो महिलाएं घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पुरुष की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि दोनों महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।



शुक्रवार को कस्बा निवासी नौशाद अपनी पत्नी मोमिना और भाभी फराना के साथ बुढ़ाना के एक निजी अस्पताल से दवाई लेने गया था। दवाई लेने के बाद तीनों बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार कस्बे के दिल्ली बस अड्डे के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों की चीख-पुकार सुनकर उन्हें नगर के सरकारी अस्पताल उपचार के लिए भर्ती कराया।जहां चिकित्सकों ने नौशाद की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दोनों महिलाओं की हालत सामान्य होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।खबर लिखे जाने तक इस मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# एलम इंटर कॉलेज में रोजगार मेला, 11 युवकों का चयन

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम स्थित इंटर कॉलेज में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 11 युवकों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया।कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप स्थित एलम इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित रोजगार मेले में सिक्योरिटी गार्ड सहित अन्य पदों पर भर्ती की प्रक्रिया की गई। मेला प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 20 युवक नौकरी की



तलाश में पहुंचे थे।साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया के बाद सचिन, दिव्यांशु, अजय कुमार सहित कुल 10 युवकों का चयन सिक्योरिटी गार्ड के पद पर किया गया, जबकि कृष्ण कुमार शर्मा का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी ऑफिसर,जीटीओ पद के लिए हुआ है।मेला प्रभारी के अनुसार सभी चयनित युवकों को आगामी 14 अप्रैल को प्रशिक्षण के लिए दिल्ली स्थित ट्रेनिंग सेंटर भेजा जाएगा। रोजगार मेले के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह देखा गया।

# प्रदीप पुरी यूपीएमएसआरए के जिलाध्यक्ष चुने गए

**समाज जागरण**

बड़ौत। उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन (यूपीएमएसआरए) की बैठक में प्रदीप पुरी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष




चुना गया। पूर्व जिलाध्यक्ष अमित राणा ने बताया कि प्रदीप पुरी को यूनियन का लंबा अनुभव है और वे संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। प्रदीप पुरी ने कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे और फील्ड में काम करने वाले हर सदस्यों के हितों की रक्षा करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। बैठक में मौजूद अन्य सदस्यों ने भी संगठन को जिले में मजबूत करने और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सदस्यों की समस्याओं को मजबूती से उठाने पर जोर दिया।

# लायंस क्लब अग्रवाल मंडी ने जिला अस्पताल को दवाइयां भेंट की

**समाज जागरण**

बागपत। लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सि -वन की ओर से जिला संयुक्त अस्पताल बागपत के सुपरीटेंडेंट डॉक्टर अनुराग वार्ष्णेय जी को 50 बोतल बीटाडिन ऑपरेशन थिएटर में उपयोग हेतु प्रदान की गई।मंडला अध्यक्ष



पीएमजेएफ लायन विनय सिसोदिया के सलाहकार एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता, क्लब के सचिव पीएमजेएफ लायन पंकज गुप्ता एवं वरिष्ठ लायन राहुल गुप्ता छपरौली ने उनके कार्यालय में दवाइयां प्रदान की। दवा प्राप्त कर डॉ अनुराग वार्ष्णेय ने लायंस क्लब अग्रवाल मंडी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन थिएटर में इस दवा की विशेष आवश्यकता थी। इस अवसर पर नेत्र विभाग के संजीव शर्मा एवं डॉक्टर गण उपस्थित रहे।

# बागपत के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से की मुलाकात

**समाज जागरण**

बागपत। दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर अधिग्रहण पीड़ित किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद बागपत डॉक्टर राजकुमार सांगवान से उनके मेरठ स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने अधिग्रहण पीड़ित किसानों को नियमअनुसार मुआवजा दिलवाने के लिए अनुरोध किया गया और अभी



तक इस विषय में उनके द्वारा किए गए प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कॉरिडोर का उद्घाटन 14 अप्रैल 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा होने वाला है, किंतु समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस विषय में उनकी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष यादव व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी से मुलाकात हो चुकी है। जल्द ही अधिग्रहण पीड़ित किसानों को नियमों के अनुसार मुआवजा दिलाया जाएगा। इस अवसर पर चौधरी ऋषिपाल, मनोज आर्य, पंकज गुप्ता, नीरज चौधरी, रणवीर सिंह, रण सिंह, छोटेलाल ,पवन कुमार ,अमन सिंह, संदीप कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर हमला, दो महिला समेत तीन घायल

## -परिजनों ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती, एक को गंभीर हालत में मेरठ किया रेफर

**समाज जागरण**

बागपत। कोतवाली क्षेत्र के ब्राह्मण पुट्ठी गांव में शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चलते दंबगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। मारपीट में एक महिला व एक युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने युवती को गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया। गांव के अमरेश ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी गांव के ही 10-12 लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस गए और गाली-गलौज कर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसका हाथ टूट गया, जबकि उसकी पत्नी रामभतेरी और बेटी के सिर में गंभीर चोटे आई। शोर सुनकर पहुंचे लोगों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी बेटी को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। टक्कर मारकर घायल करने के मामले में पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

गांव गोगवान निवासी कौसर ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि चार अप्रैल को वह अपनी पत्नी हसमुदा के साथ बाइक द्वारा गांव से कैराना जा रहा था। कैराना बाईपास फ्लाईओवर के पास शामली की ओर से तेज गति से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और पिकअप चालक उन्हें घसीटते हुए दूर तक ले गया। हादसे में उसकी पत्नी का पैर बुरी तरह कुचल गया और कई जगह से हड्डी टूट गई। वह अपनी पत्नी को उपचार के लिए शामली प्राइवेट अस्पताल ले गया, जहां से उसे रेफर कर दिया। मामले में पुलिस ने पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# काली खोली धाम में मनाई गई भक्त धन्ना जाट की जयंती

**समाज जागरण**

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के गांव हलालपुर स्थित काली खोली धाम में भक्त धन्ना जाट की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें धन्ना भक्त के जीवन चरित्र और भक्ति जीवन पर आध्यात्मिक चर्चा हुई। आमंत्रित अतिथियों को शॉल, स्मृति चिन्ह और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। जगतगुरु डॉ० तेजबीर सिंह खोखर द्वारा भक्त धन्ना जाट के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। जगतगुरु तेजबीर सिंह खोखर ने कहा ईश्वर को प्राप्त करने के लिए भक्ति ही इकलौता मार्ग है लेकिन भक्ति के लिए समर्पण और त्याग की आवश्यकता होती है। हम अपने जीवन की जो ऊर्जा अनावश्यक कार्यों में लगाकर नष्ट करते हैं यदि



इस ऊर्जा को परोपकार और ईश्वर भक्ति में लगाए तो मनुष्य जीवन सार्थक हो जाएगा। कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा की धर्म के काम पर चलने से अधर्म विनाश होता है हमें हमेशा अपने धर्म पर डटे रहना है बुराई त्याग अपना जीवन सफल बनाना है आज हलालपुर मंदिर पर उनका स्वागत किया गया इस अवसर पर सुधा शर्मा, सुषमा खोखर, रानी उपाध्याय, सुमन, जगत गुरू ऋषियों आन्नद, डॉ० सुरेशचन्द कौशिक अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण ऑर्गनाइजेशन, नरेन्द्र आर्य. नरेश शर्मा, प्रेमदास महाराज, अपील लम्बरदार, रामनिवास त्यागी, चेयरमैन धर्मेंद्र खोखर, संजीव दताना, प्रेमपाल, शौकिन्द्र खोखर बदरखा, बलराम जिन्दल, मनमोहन जिन्दल, उपेंद्र वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में हुआ वरिष्ठ प्रचारक का प्रेरणादायी प्रवास

**समाज जागरण**

बागपत। माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में एक गरिमामयी एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कन्याकुमारी केंद्र से पधारे वरिष्ठ प्रचारक स्थाणुमूर्ति जी का विद्यालय में स्नेहिल प्रवास रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ प्रचारक एवं जैनपाल जैन जी ने विद्यालय के समस्त आचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कारों के समन्वय, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके मार्गदर्शन से सभी आचार्यगण प्रेरित एवं उत्साहित हुए। इसके पश्चात




उन्होंने सूर्य नमस्कार में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों से विशेष संवाद किया। भाई साहब ने बच्चों को नियमित योग एवं सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय परिवार ने वरिष्ठ प्रचारक के इस प्रवास को अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक बताया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने उनका आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

# कॉरिडोर पर रोड ब्लॉक्स से टकराई कार, दो युवक घायल

## -घायलों का बड़ौत के अस्पताल में चल रहा इलाज

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत कोतवाली क्षेत्र के मवीकलां गांव के पास से गुजर रहे दिल्ली-देहरादून इकॉनोमिक कॉरिडोर पर देर रात तेज रफ्तार बुलेट रोड ब्लॉक्स से टकरा गई, जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप में घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए हॉयर सेंटर ले जाया गया है। दो दिन पहले भी इसी कॉरिडोर पर रोड ब्लॉक्स से कार टकरा गई थी, जिससे उसमें सवार दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।

रामनगर बड़ौत निवासी आकाश और चौधरान पट्टी बड़ौत निवासी शिवम बुलेट बाइक पर सवार होकर बिजरौल गांव के पास से दिल्ली-देहरादून इकॉनोमिक कॉरिडोर पर चढ़े थे। दिल्ली जाते समय मवीकलां के पास उनकी बाइक रोड ब्लॉक्स से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप में घायल हो गए। हादसे की सूचना वर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीरावस्था में मेरठ रेफर कर दिया। हालांकि, परिजनों ने उन्हें बड़ौत के एक निजी अस्पताल में ले गए।

# अतिक्रमण हटाने के विरोध में व्यापारियों का हंगामा

## — पालिका प्रशासन पर गलत तरीके से कार्रवाई करने का आरोप, बाजार बंद करने की दी चेतावनी

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) नगर में पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का व्यापारियों ने विरोध कर दिया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। व्यापारियों ने पालिका पर गलत तरीके से कार्रवाई करने का आरोप लगाया और बाजार बंद करने की चेतावनी दी। विरोध के चलते कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी। अधिकारियों ने बैठक के बाद ही अग्रिम कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।




पिछले कई दिनों से नगरपालिका प्रशासन द्वारा तितरवाड़ा रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में शुक्रवार को तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान, नायब तहसीलदार सतीश यादव व नगर पालिका की टीम पुलिस बल के साथ चौक बाजार में पहुंची। जैसे ही टीम ने दुकानों के आगे बने सीमेंट के स्लैब व पेड़ी को तोड़ना शुरू किया, तो व्यापारियों ने इसका विरोध कर दिया। व्यापारियों का आरोप था कि पालिका प्रशासन बिना उचित योजना के गलत तरीके से अतिक्रमण हटा रहा है। व्यापारियों का कहना था कि वर्षों पहले प्रशासन की ही ओर से नालों की सफाई की समस्या को देखते हुए दुकानों के आगे लोहे के स्लैब बनवाए गए थे, जिनसे सफाई कार्य भी होता रहा है। अब उन्हीं को हटाने से व्यापार प्रभावित होगा। यदि पेड़ी व स्लैब तोड़े गए तो दुकानों में सामान चढ़ाना-उतारना मुश्किल हो जाएगा। विरोध के दौरान काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि मनमाने तरीके से कार्रवाई की गई, तो वे अपनी दुकानें बंद कर चाबियां प्रशासन को सौंप देंगे। तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान ने बताया कि कुछ व्यापारियों द्वारा विरोध किया गया है। अब व्यापारियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# साइबर ठगों का नया जामताड़ा कानपुर का रेउना, 20 के बाद एक दर्जन अन्य युवकों की तलाश में जुटी पुलिस

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। शार्टकट रास्ते से धनवान बनने की तमन्ना .बेरोजगार युवकों को साइबर अपराध के रास्ते पर ले जाने में सफल हो चुकी है ,जिसके फल स्वरुप कानपुर का रेउना थाना क्षेत्र भी साइबर ठगी के इसी रास्ते पर चल पड़ा है। इसकी पुष्टि तब हुई जब पुलिस ने यहां छापा मार कर साइबर ठगी के अपराध में लिप्त 20 युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मौके का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहे अब पुलिस इन युवकों की भी तलाश कर रही है। यह साइबर ठग अबतक उत्तर प्रदेश के साथ ही मध्य प्रदेश, राजस्थान ,बिहार, झारखंड ,बंगाल ,उड़ीसा ,गुजरात और महाराष्ट्र समेत और भी कई राज्यों के सैकड़ो लोगों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने में सफल हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ बनाने के नाम पर ठगी का शिकार



बनाया गया है ।

फिलहाल पुलिस मामले की गहन छानबीन के साथ ही फरार चल रहे अन्य आरोपियों की भी तलाश लगातार कर रही है। इन साइबर ठगों को पकड़ने के लिए 20 गाड़ियों से दर्जनों पुलिसकर्मी अधिकारियों के साथ पहुंचे थे।

यहां पुलिस फोर्स ने ड्रोन की मदद से ट्रेसकर 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर गिरोह का राजफाश किया। गिरोह में शामिल पांचवीं से 11वीं पास शातिर फर्जी आईपीएस अधिकारी बन लोगों को चूना लगा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि गिरोह अश्लील वीडियो देखने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक इसी गिरोह 14 लोग अभी भी फरार हैं । उनती तलाश लगातार की जा रही है।

# लाइन से निकली चिंगारी, खेतों में भड़की आग, 60 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**समाज जागरण**

बागपत। गांव सिसाना में शुक्रवार सुबह बिजली लाइन से निकली चिंगारी से खेतों में आग लग गई, जिससे इलाके में हाहाकार मच गया। किसानों की 81 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।



बागपत तहसील क्षेत्र के गांव सिसाना में शुक्रवार की सुबह बिजली लाइन से निकली चिंगारी से खेतों में भीषण आग लग गई। इससे खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल तेज लपटों के साथ जलने लगी। फसल जलता देखा गांव में हाहाकार मच गया। किसान आग बुझाने के लिए खेतों की ओर दौड़ पड़े। काफी कोशिश के बाद भी किसान तेजी से फैलती आग को नहीं रोक पाए। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पानी भरकर लाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी, लेकिन तब तक 60 बीघा गेहूं की फसल जलकर रख हो गई।

**इन किसानों की फसल जली**

आग लगने से जिन किसानों की फसल जली है, उनमें जीत सिंह पुत्र रतन सिंह की 12 बीघा, सुशील कुमार पुत्र धर्मवीर की 30 बीघा, जगदेव पुत्र शौराज की 3 बीघा, बलेश्वर पुत्र शौराज की 3 बीघा, राजेश पुत्र सीताराम की 3 बीघा व सुनील पुत्र जयपाल की 5 बीघा व ओमदत्त पुत्र खचेड़ू की 2 बीघा गेहूं की फसल पूरी जल गई। है।ग्रामीणों ने काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के अनुसार आग बुझाने के काफी समय बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। सूचना पर पुलिस और प्रशासन अफसर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ली। पीड़ित किसानों ने मुआवजे की मांग की है।

# छत से गिरकर बिजली के तारों में लटका था लाडला, जान पर खेल बेटे की जिंदगी जीत लाई मां

**समाज जागरण**

बागपत। निवाड़ा गांव में चार साल का बच्चा छत से गिरकर बिजली के तारों में लटक गया। मां ने अपनी जान की परवाह किए बिना तारों पर कूदकर बेटे की जान बचा ली।

बागपत जनपद के निवाड़ा गांव में ममता की मिसाल उस समय देखने को मिली जब एक मां ने अपनी जान की परवाह किए बिना बिजली के तारों में लटके अपने चार वर्षीय बेटे को बचा लिया। इस घटना में मां और बेटा दोनों घायल हो गए, लेकिन समय रहते उपचार मिलने से उनकी हालत अब ठीक बताई रही है। निवाड़ा गांव निवासी अमृता के पति अमित गाड़ी चलाने का काम करते हैं और बृहस्पतिवार को काम पर गए हुए थे। सुबह करीब ग्यारह बजे अमृता मकान की छत पर काम कर रही थीं, जबकि उनका चार वर्षीय बेटा कुश पास में खेल रहा था। इसी दौरान खेलते समय कुश का संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गया। नीचे से गुजर रहे बिजली के तारों में फंसकर वह वहीं लटक गया। करंट लगने से तार आपस में टकराए और तेज धमाके की आवाज हुई। धमाके की आवाज सुनते ही अमृता दौड़कर छत के किनारे पहुंचीं। बेटे को तारों में लटका देख उन्होंने बिना देर किए अपनी जान की परवाह किए बिना बिजली के तारों की ओर छलांग लगा दी। तारों से छूटने के बाद मां और बेटा दोनों नीचे गली में गिर गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और करंट से झुलसे कुश तथा गिरने से घायल अमृता को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों का उपचार किया और हालत में सुधार होने के बाद घर भेज दिया गया। अमृता ने बताया कि हादसे के दौरान बेटे के कपड़े भी जल गए थे। उनका कहना है कि यदि वह एक क्षण भी देर करतीं तो शायद बेटे की जान नहीं बच पाती। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कुश का एक विद्यालय में दाखिला कराया था। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. शादाब अनवर ने बताया कि बिजली के तारों से करंट लगने के कारण झुलसे बच्चे का उपचार किया गया है और उसकी हालत में सुधार है। बच्चे को बचाने के दौरान उसकी मां भी घायल हो गई थीं, उनका भी उपचार किया गया है।

# रेप के आरोपी को 10 साल की सजा, 25 हजार रुपये का लगाया गया अर्थदंड़

## -अर्थदंड़ अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास के आदेश

**समाज जागरण**

बागपत। रमाला क्षेत्र की एक किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 साल की सजा और 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास के आदेश जारी किए है।

एडीजीसी नरेंद्र पंवार ने बताया कि वर्ष 2021 में रमाला थाने पर किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़िता के पिता ने बताया था कि बुढ़ाना मुजफ्फरनगर का रहने वाला नदीम उसकी नाबालिक पुत्री का अपहरण कर ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कुछ दिनों बाद किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जांच में किशोरी के साथ दुष्कर्म की भी पुष्टि हुई थी। मुकदमे के विवेचक ने आरोपी नदीम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। तभी से न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई चल रही थी। शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी नदीम को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, साथ ही उस पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड़ लगाया। अर्थदंड़ अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास के आदेश जारी किए गए।

# अंतिम मतदाता सूची एक सप्ताह तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध

**समाज जागरण**

कैराना। निर्वाचन आयोग द्वारा कैराना विधानसभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है, जो एक सप्ताह तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

तहसीलदार अर्जुन सिंह ने बताया कि एक जनवरी 2026 को आधार मानते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा सभी मतदान केंद्रों पर एक सप्ताह तक उपलब्ध रहेगी, ताकि मतदाता अपने नाम की जांच कर सकें। इसके अलावा मतदाता सूची निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है।

# यूजीसी में बड़ा प्रशासनिक बदलाव, प्रो. श्यामा रथ को मिला अतिरिक्त प्रभार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार प्रोफेसर मनीष आर. जोशी को यूजीसी सचिव पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

यूजीसी द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या 77/2026 के मुताबिक यह बदलाव 25 अप्रैल 2026 (अपराह्न) से प्रभावी होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रो. मनीष आर. जोशी को यूजीसी सचिव पद से मुक्त किए जाने के बाद अब आयोग में नए प्रशासनिक प्रबंधन की व्यवस्था लागू की जाएगी।



**प्रो. श्यामा रथ को अतिरिक्त प्रभार**

आदेश के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की सदस्य सचिव प्रोफेसर (श्रीमती) श्यामा रथ को यूजीसी सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे 25 अप्रैल 2026 से यह जिम्मेदारी संभालेंगी।

**आधिकारिक आदेश पर हस्ताक्षर**

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद जारी किया गया है और इस पर संयुक्त सचिव (प्रशासन) कर्नल विपिन कौशल के हस्ताक्षर हैं।

**कॉपी विभिन्न अधिकारियों को भेजी गई**

आदेश की प्रतिलिपि शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई, यूजीसी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित संबंधित विभागों को भेजी गई है।

इस निर्णय को उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे यूजीसी के कार्य संचालन में नई व्यवस्था लागू होगी।

# पोषण पखवाड़ा के तहत पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

कोटा। भारत सरकार द्वारा 9 से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित 8वें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में लक्की बुर्ज सेंटर, कोटा पर पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


# सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम SUSHMA VERMA अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक एवं सही नाम SUSHMA KUMARI VERMA है, जो मेरे हाईस्कूल प्रमाण-पत्र में भी अंकित है।
अतः अनुरोध है कि मेरे आधार कार्ड में संशोधन करते हुए मेरा सही नाम SUSHMA KUMARI VERMA दर्ज किया जाए।
मैं एतदद्वारा यह घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है तथा इसके संबंध में मेरे द्वारा समस्त आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं।

नामः SUSHMA KUMARI VERMA
पिता का नामः RAM SANEHI VERMA
पताः पूरेदेवी, कोरिहरा, लालगंज, रायबरेली

# महंत राजेंद्र दास को हिमालय परिवार हरियाणा प्रांत का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 10 अप्रैल । हिमालय परिवार के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री इंद्रेश कुमार ने स्वामी नितानंद महाराज की तपोभूमि जटेला धाम आश्रम माजरा के पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज को हिमालय परिवार हरियाणा प्रांत का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया है। आश्रम के प्रवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक महंत श्री राजेंद्र दास महाराज को हिमालय परिवार हरियाणा प्रांत का मुख्य संरक्षक नियुक्त पर अनेक गणमान्य लोगों ने खुशी जताई है।



महंत श्री राजेंद्र दास महाराज के परम सानिध्य में आश्रम द्वारा देश भर में अध्यात्म, योग,आयुर्वेद चिकित्सा एवं शिक्षा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई जा रही है। गौरतलब होगा कि तपोभूमि जटेला धाम आश्रम भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर एवं रोहतक से लगभग 25 किलोमीटर की बराबर दूरी पर चारों जिलों की सरहद पर स्थित है। आश्रम के देशभर में लाखों श्रद्धालु हैं।

महंत जी राजेंद्र दास के सानिध्य में आश्रम में स्वामी नितानंद महाराज की वाणी पर शोध कार्यक्रम एवं राष्ट्र एवं समाज के साथ सनातन धर्म एवं संस्कृति पर राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार,संगोष्ठियों का निरंतर संचालन हो रहा है।

स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन द्वारा देश के लगभग 8 राज्यों में वहां के वन एवं पर्यावरण मंत्री की मौजूदगी में पौधारोपण कर 1 लाख 1हजार पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर देश में एक अलग मिसाल कायम की है। आश्रम द्वारा 225 बेड का मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। गत वर्ष 11जून को माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली सहित प्रदेश के कई मंत्रियों एवं विधायको संग इस अस्पताल की नीव रख पर्यावरण संरक्षण का शुभारंभ त्रिवेणी लगाकर किया था।

जिसकी महंत श्री राजेंद्र दास महाराज को हिमालय परिवार के हरियाणा प्रांत के मुख्य संरक्षक के नव दायित्व का संगठन को अपर लाभ प्राप्त होगा।

# खालसा साजना दिवस मनाने के लिए शिरोमणि कमेटी ने 1763 सिख तीर्थयात्रियों का जत्था पाकिस्तान भेजा

**समाज जागरण, पंजाब अमृतसर**
**रघुनंदन पराशर जैतो**

अमृतसर,10 अप्रैल ःआज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा 1763 सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था 'खालसाई जयकारों' की गूंज के बीच पाकिस्तान में खालसा साजना दिवस (वैशाखी) के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भेजा गया। शिरोमणि कमेटी कार्यालय से प्रस्थान के समय जत्थे का नेतृत्व कर रहे शिरोमणि कमेटी के सदस्य सुरजीत सिंह तुगलवाल, जनरल प्रबंधक हरभजन सिंह सुपरवाइजर और अन्य प्रमुख हस्तियों को शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन , सचिव बलविंदर सिंह काहलवां सहित अन्य अधिकारियों ने सिरोपाओ और फूलों के हार पहनाकर सम्मानित किया। जत्थे को रवाना करते हुए शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन ने बताया कि यह जत्था पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब हसन अब्दाल में खालसा साजना दिवस (वैशाखी) से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेगा। इसी तरह, यह जत्था गुरुद्वारा जन्म स्थान श्री ननकाना साहिब, गुरुद्वारा श्री सच्चा सौदा साहिब, गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब श्री करतारपुर साहिब, गुरुद्वारा डेहरा साहिब लाहौर, गुरुद्वारा रोड़ी साहिब ऐमनाबाद और अन्य गुरुद्वारा साहिबों के दर्शन करने के बाद 19 अप्रैल को भारत वापस लौटेगा। मनन ने मांग की कि श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर, गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शनों के लिए खोला गया वह मार्ग (कॉरिडोर)जो कुछ समय से बंद है,श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए तत्काल खोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सिख आस्था से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है, जिस पर भारत और पाकिस्तान की सरकारों को तत्काल ध्यान देना चाहिए.इस अवसर पर जत्थे के नेता और शिरोमणि कमेटी की अंतरिम कमेटी के सदस्य सुरजीत सिंह तुगलवाल ने बातचीत करते हुए



कहा कि हर सिख के मन में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा साहिबों के दर्शन करने की गहरी लालसा होती है, और जब उन्हें इन पवित्र स्थलों के दर्शन का अवसर प्राप्त होता है, तो वे स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने मुझे इस समूह का नेतृत्व करने का अवसर दिया है। उन्होंने इसके लिए शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष का धन्यवाद भी किया। जत्थे के रवाना होने के समय शिरोमणि कमेटी के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे, जिनमें मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन,सचिव बलविंदर सिंह काहलवां, अतिरिक्त सचिव विजय सिंह,प्रीतपाल सिंह, सहायक सचिव गुरनाम सिंह, बलविंदर सिंह खैराबाद, मनजीत सिंह तलवंडी, हरभजन सिंह वक्ता, सुखबीर सिंह, अधीक्षक निशान सिंह, मलकीत सिंह बहिडवाल,यात्रा प्रभारी जगजीत सिंह,मेजर सिंह, गुरमीत सिंह और बीबी रणजीत कौर शामिल थे। कमेटी के कर्मचारी और जत्थे में यात्रा कर रहे यात्री भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# फिरोजपुर मंडल में 69वां रेल सप्ताह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**समाज जागरण पंजाब फिरोजपुर**
**जैतो रघुनंदन पराशर**

फिरोजपुर ,10 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में आज 69वें रेल सप्ताह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रेलवे ऑफिसर्स क्लब, फिरोजपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक नितिन गर्ग, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती साक्षी सिंह सहित मंडल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों एवं फैडरेशनों के प्रतिनिधि तथा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न कार्य क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन के लिए कुल 63 कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।




मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने अपने संबोधन में मंडल की उपलब्धियों के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारी भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे तथा उनसे प्रेरणा लेकर अन्य कर्मचारी भी आने वाले समय में सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से मंडल भविष्य में भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता रहेगा।उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली में आयोजित 69वें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में उत्तर रेलवे द्वारा फिरोजपुर मंडल को रेल मदद शील्ड, पर्यावरण एवं स्वच्छता शील्ड तथा सेल्स मैनेजमेंट शील्ड सहित कई ग्रुप शील्ड प्रदान की गई हैं, जो मंडल रेलकर्मियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण हैं। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा आयोजित 69वां रेल सप्ताह पुरस्कार वितरण समारोह का दृश्य।

# ओलावृष्टि व बारिश से फसल नुकसान, किसान 15 अप्रैल तक करें ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 10 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) जिला में गत दिनों ओलावृष्टि व वर्षा के कारण रबी फसल 2025-26 को हुए नुकसान के संबंध में विवरण दर्ज कराने के लिए प्रभावित गांवों के किसानों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। प्रभावित गांवों के किसान अब 15 अप्रैल तक फसलों को हुए नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकते हैं।

जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि तहसीलदार सिरसा, डबवाली, कालांवाली तथा उप-निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सिरसा की रिपोर्ट के अनुसार जिले के कई गांवों में ओलावृष्टि व वर्षा के चलते फसलों को नुकसान हुआ है। इनमें तहसील कालांवाली के गांव गदरणा, तारुआना तथा तहसील डबवाली के गांव जोगेवाला, फूल्लो, हेबुआना और तहसील सिरसा के भरोखां और बरूवाली-1 गांव शामिल हैं। इन गांवों के किसान 15 अप्रैल तक अपनी फसलों के नुकसान का विवरण पोर्टल पर दर्ज करवा सकते हैं।

# विभिन्न क्षेत्रों कृषि वैज्ञानिकों, शोध छात्रों आदि को सम्मानित किया गया

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस 2026, विकसित कृषि विकसित भारत @2047 के लिए कृषि कायाकल्प का आयोजन भारतीय गन्ना अनुसन्धान संस्थान लखनऊ के सभागार कछ में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसन्धान परिषद के सयुक्त तत्वाधान मे तीन दिवसीय कार्यक्रम 8 से 10 अप्रैल तक आयोजित हुआ। इसी कड़ी मे आज दिनांक 10.04.2026 को श्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) में कृषि उद्यान, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के कर कमलो द्वारा उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान संस्थान के माध्यम से आसरा बायोटेक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) बाराबंकी के निदेशक धिरेन्द्र कुमार सिंह को प्रदेश स्तर पर आउट स्टैंडिंग एफपीओ अवार्ड के लिए प्रशस्ति-पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति-पत्र देते वक्त उपकार के अध्यक्ष श्री कैप्टन विकास गुप्ता जी, महानिदेशक संजय सिंह, गन्ना अनुसन्धान केन्द्र के निदेशक दिनेश ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों कृषि बैज्ञानिकों, शोध छात्रों आदि को सम्मानित किया गया।



# शाला प्रवेश उत्सव पर कार्यशाला आयोजित, अधिक से अधिक नामांकन पर जोर

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के पचपेड़वा विकासखंड स्थित बीईओ कार्यालय में श्री बलराम दल जन सेवा संगठन द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं एआरपी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में संगठन के प्रतिनिधि मनीष कुमार ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों और अभिभावकों को विद्यालय से भावनात्मक रूप से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे नए सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम में एआरपी आलोक पाठक, संजय त्रिपाठी सहित प्रधानाचार्य महेंद्र पाल, रमेश कुमार, जयराम और मुक्तिनाथ भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को शाला प्रवेश उत्सव के सफल आयोजन हेतु विस्तृत सुझाव दिए गए।



संगठन द्वारा बताया गया कि 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए घर-घर संपर्क कर छूटे हुए बच्चों की पहचान, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व सजावट, नवप्रवेशी बच्चों का सम्मानपूर्वक स्वागत तथा अभिभावकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया।

साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया जाए, किसी भी बच्चे को दस्तावेजों के अभाव में वापस न भेजा जाए और सभी का उसी दिन नामांकन सुनिश्चित किया जाए। कार्यशाला में ड्रॉपआउट रोकने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अभिभावकों के साथ संवाद बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए संगठन को धन्यवाद दिया।

# सम्विलयन स्कूल देवदत्त पुर में स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच देवदत्त पुर, सम्विलयन स्कूल, देवदत्त पुर में प्रथम संस्था द्वारा दिनांक 10.03.2026 को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के वंचित और स्कूल न जाने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ना रहा। रैली को स्कूल के प्रधानाध्यापक गौरव शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखा के रवाना किया गया जागरुकता रैली में स्कूल के बच्चो के साथ स्कूल प्रबन्ध समिति के सदस्य अभिभावक शामिल हुए।




रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर देवदत्त पुर मुख्य मोहल्लों से गुजरते हुए वापस स्कूल पर समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राओं ने पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत, हर बच्चा स्कूल चले जैसे नारे लगाए। नुक्कड़-नाटक के जरिए बाल-श्रम के दुष्परिणाम और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। रैली में प्रथम संस्था से गोपी चंद , स्कूल स्टाफ के साथ,ग्राम प्रधान,व आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने रैली को संबोधित किया। प्रिंसिपल ने बताया कि रैली के बाद घर-घर सर्वे कर स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान कर पुनः प्रवेश दिलाया जाएगा। अभियान पूरे अप्रैल माह चलेगा।

# आईबीईएक्स इंडिया 2026 में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक को दो स्वर्ण पुरस्कार

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

श्रावस्ती/भिनगा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक को जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 13वें वार्षिक क्हए क्ल्र्ल् 2026 प्रदर्शनी एवं सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दो प्रमुख श्रेणियों में स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए। बैंक को टेक संचालित परिचालन उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता अग्रणी पुरस्कार श्रेणियों में स्वर्ण विजेता घोषित किया गया। ये सम्मान बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी, नवाचार और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किए जाते हैं। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देशभर के अग्रणी बैंक एवं बीमा कंपनियों ने भाग लिया।



इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय भिनगा में उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय प्रबंधक अमित वार्ष्णेय ने किया, जहां केक काटकर हर्ष व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर श्री वार्ष्णेय ने कहा कि यह सम्मान बैंक की सामूहिक कार्यसंस्कृति, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्टता की निरंतर साधना का परिणाम है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके समर्पण और परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से बैंक की प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई है तथा भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय भिनगा के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यावसायिक एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य अभियान को देश भर में समर्थन

## स्वास्थ्य और सुरक्षित पर्यावरण को नागरिकों का मौलिक अधिकार बनाया जाए

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जन स्वास्थ्य अभियान भारत (जेएसएआई) ने अपने राज्य इकाइयों और संबद्ध संगठनों के साथ मिलकर 1 से 7 अप्रैल 2026 तक व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर एक सप्ताह लंबा राष्ट्रीय अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न किया, जो विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस अभियान के दौरान देश के हर प्रदेश में जागरूकता बैठक और परामर्श कार्यक्रमों हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश) के नागरिकों की भागीदारी रही। जिसमें

2000 से अधिक (कुल 2006 हस्ताक्षर) श्रमिकों, नागरिकों, जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज के सदस्यों ने व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर चार्टर ऑफ डिमांड्स का समर्थन किया। सभी ने मिलकर भारत में बढ़ते व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकट पर चर्चा की और सामूहिक रूप से इस चार्टर का अनुमोदन किया, जिसे भारत के माननीय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को प्रस्तुत किया गया है।

इस अभियान में यह रेखांकित किया गया कि व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक गंभीर और बढ़ती हुई जन स्वास्थ्य चुनौती है, जिसके समाधान के लिए स्वास्थ्य, श्रम, पर्यावरण, उद्योग और खनन सहित विभिन्न क्षेत्रों में त्वरित और समन्वित कार्रवाई आवश्यक है।

वायु, जल और मिट्टी प्रदूषण के बढ़ते स्तर, जो श्वसन रोगों, व्यावसायिक बीमारियों और समय पूर्व मृत्यु का कारण बन रहे हैं। विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य सुरक्षा का अभाव। सिलिकोसिस, एस्बेस्टोसिस और रासायनिक संपर्क जैसी व्यावसायिक बीमारियों का व्यापक रूप से कम निदान और कम रिपोर्टिंग होता है। श्रमिकों, महिलाओं और बच्चों सहित कमजोर वर्गों पर असमान रूप से अधिक प्रभावित होते हू। मौजूदा कानूनों और नीतियों के क्रियान्वयन और निगरानी में कमी भी प्रमुख कारण है।

**जन स्वास्थ्य अभियान भारत (जेएसएआई) ने भारत सरकार से निम्नलिखित मांगों पर तत्काल कार्रवाई की अपील की है**

- स्वच्छ वायु, जल और मिट्टी के साथ सुरक्षित पर्यावरण को जन स्वास्थ्य प्राथमिकता बनाया जाए।सभी के लिए सुरक्षित पेयजल की सार्वभौमिक उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- सभी श्रमिकों, विशेषकर असंगठित क्षेत्र के लिए, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा की गारंटी दी जाए।
- निगरानी, रोकथाम, उपचार और मुआवजा तंत्र सहित व्यावसायिक स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम स्थापित किया जाए।
- सभी विकास परियोजनाओं के लिए स्वास्थ्य प्रभाव आकलन अनिवार्य किया जाए।
- जलवायु परिवर्तन से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों का समाधान किया जाए और सतत विकास को बढ़ावा दिया जाए।
- एस्बेस्टोस जैसे खतरनाक पदार्थों पर प्रतिबंध लगाया जाए और विषैले रसायनों को नियंत्रित किया जाए।
- नीतिगत और कानूनी ढांचे को मजबूत किया जाए, जिसमें अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन कन्वेंशन 155 का अनुमोदन शामिल हो।

परामर्श बैठकों में इस बात पर जोर दिया गया कि यह किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए बहु-मंत्रालयी समन्वय और जवाबदेही आवश्यक है।

जन स्वास्थ्य अभियान भारत ने सरकार से आग्रह किया है कि वह चार्टर ऑफ डिमांड्स पर तत्काल कार्रवाई करे, पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए और प्रभावी क्रियान्वयन तंत्र सुनिश्चित करे, ताकि लाखों श्रमिकों और नागरिकों के स्वास्थ्य और आजीविका की रक्षा की जा सके।

# जिला कारागार श्रावस्ती का निरीक्षण किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती श्री प्रद्युम्न कुमार मिश्र सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती द्वारा जिला कारागार श्रावस्ती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई एवं आवासीय व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के समय बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकार के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें बताया गया कि वे किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती से संपर्क कर सकते हैं।



स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत जेल चिकित्सालय की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, बंदियों के लिए संचालित शिक्षा एवं सुधारात्मक गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया।

सचिव महोदय द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता बरती जाए।

अंत में, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बंदी को विधिक सहायता एवं परामर्श की सुविधा समय पर प्राप्त हो, जिससे उन्हें न्याय प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# टीएमयू में वैश्विक मंच पर आधुनिक दंत चिकित्सा के उभरते रुझानों पर मंथन

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेंपरेरी डेंटिस्ट्री पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद, मलेशिया के हेल्थ मिनिस्ट्री के सुल्तान अब्दुल हलीम अस्पताल में चीफ कंसल्टेंट एंड जानी मानी ओरल मेडिसिन की एक्सपर्ट डॉ. नोराटिखा बिन्ती अवांग हसीम ने की शिकात

मलेशिया के हेल्थ मिनिस्ट्री के सुल्तान अब्दुल हलीम अस्पताल में चीफ कंसल्टेंट एंड जानी मानी ओरल मेडिसिन की एक्सपर्ट डॉ. नोराटिखा बिन्ती अवांग हसीम ने नॉन हीलिंग अल्सर पर कहा,अल्सर की अनदेखी से जीवन संकट में आ जाता है। मुंह के छालों के विभिन्न आकार जैसे गोल, अंडाकार एवम् अनियमित हो सकते हैं, जिनकी प्रकृति से रोग की गंभीरता का अनुमान लगाया जाता है। नॉन-हीलिंग अल्सर वे होते हैं, जो सामान्य उपचार के बाद भी 2झ3 सप्ताह में ठीक नहीं होते। डॉ. नोराटिखा ने ट्रॉमैटिक, इंफेक्शियस, और प्री कैंसरस अल्सर को प्रमुख बताया। इसके प्रमुख कारणों में तंबाकू सेवन, धूम्रपान, विटामिन की कमी, संक्रमण और लगातार घाव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सही निदान के लिए बायोप्सी, क्लिनिकल परीक्षण और इमेजिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता है। पीपी के जरिए एक मरीज का केस इतिहास भी साझा किया, जिसमें लंबे समय से न भरने वाले अल्सर को शुरूआती चरण में पहचानकर सफल उपचार किया गया। अल्सर की अवस्थाओं को समझाया गया। उपचार में दवाइयों के साथ- साथ आवश्यक होने पर सर्जिकल हस्तक्षेप की भूमिका भी बताई गई। अंत में समय पर जांच और जागरूकता को सबसे प्रभावी बचाव उपाय बताया गया। डॉ. नोराटिखा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेंपरेरी डेंटिस्ट्री पर ऑडी में आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बतौर की नोट स्पीकर बोल रही थीं। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ।कार्यक्रम के दौरान कांफ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन किया गया। संचालन स्टुडेंट्स वंशिका त्यागी, हृदेश सुरेखा आदि ने किया। कॉन्फ्रेंस में कोठीवाल डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर,मुरादाबाद के प्रिंसिपल डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल, केडी डेंटल कॉलेज,मथुरा की प्रिंसिपल डॉ. नवप्रीत कौर समेत 20 डेंटल शिक्षाविदों को उत्कृष्टता के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

आंध्र प्रदेश से आए विष्णु डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एवी रामा राजू ने आधुनिक दंत चिकित्सा एवं भविष्य की डेंटिस्ट्री के परिवर्तन पर एक प्रभावशाली व्याख्यान दिया। डॉ. राम राजू ने बताया कि आधुनिक तकनीकों जैसे डिजिटल डेंटिस्ट्री, थ्री डी इमेजिंग और लेजर तकनीक के उपयोग से दंत चिकित्सा में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

# आस्था का विराट संगम: खैरहा में श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





**समाज जागरण विजय तिवारी**

खैरहा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री दीपक शर्मा के निज निवास में बीते 4 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड रही है कथा पंडाल में आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। कथा प्रवक्ता डॉ कृष्णेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज बकिया सतना ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े अत्यंत प्रसंग प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

**कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया गया।**

इसके पश्चात सुदामा जी के भावुक प्रसंग का वर्णन हुआ। उस दृश्य का वर्णन सुनकर कथा पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। सुदामा जैसे मित्र के प्रति प्रेम, समर्पण और त्याग का भाव सभी को भावविभोर कर गया। कथा स्थल पर बार-बार जय श्रीराम एवं जय श्री कृष्णा के जयघोष गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम के अंत में कलाकारों द्वारा मनमोहक भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों की प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही और श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

इस भव्य धार्मिक आयोजन के सफल संचालन में आयोजक भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री दीपक शर्मा की अहम भूमिका रही। उनके परिवार के मार्गदर्शन और सहयोग से पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं। आयोजन समिति के सदस्य भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन 11 अप्रैल को होगा और 12 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।

कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंचकर श्रद्धा-भाव से कथा का श्रवण कर रहे हैं। खैरहा में चल रहा यह आयोजन पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश दे रहा है, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना हुआ है।

# अनूपपुर में ₹28 करोड़ की राजस्व वसूली पर खनिज विभाग की रहस्यमय चुप्पी, क्या सांठगांठ का जारी है खेल ?

- पूर्व कलेक्टर चंद्र मोहन ठाकुर के चचाई आबाद रेत अवैध उत्खनन मे कमलेश सिंह चंदेल पर लगाया था जुमार्ना
- आदेश के 7 साल बाद भी खजाना खाली इंस्पेक्टर ईशा वर्मा के 'स्टे' के दावों पर उठे सवाल
- खनिज विभाग की लेडी सिंघम या माफियाओं की ढाल? ईशा वर्मा के राज में आखिर क्यों लूटा जा रहा है 28 करोड़ का राजस्व






**समाज जागरण**

इंट्रो -सरकारी खजाना खाली है विकास कार्य रुके हैं लेकिन अनूपपुर खनिज विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया है। चचाई आबाद रेत उत्खनन मामले में 28 करोड़ 31 लाख रुपये का जुमार्ना सात सालों से फाइलों के नीचे दबा है। क्या खनिज इंस्पेक्टर ईशा वर्मा का 'स्टे' वाला दावा महज एक ढाल है या फिर दोषियों को बचाने की कोई बड़ी 'सांठगांठ'? जब जिला शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए तरस रहा है तब विभाग की यह रहस्यमयी चुप्पी सीधे तौर पर प्रशासन की नीयत पर सवालिया निशान लगा रही है।

**राजकुमार सिंह**

अनूपपुर। जिले में भ्रष्टाचार और सरकारी राजस्व की अनदेखी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम चचाई आबाद सोन नदी में हुए करीब 94,390 घन मीटर रेत के अवैध उत्खनन मामले में दोषी पर लगाया गया 28,31,70,000 (अट्ठाइस करोड़ इकतीस लाख सत्तर हजार रुपये) का भारी-भरकम जुमार्ना अब तक सरकारी खजाने में नहीं पहुंचा है। एक तरफ जिला प्रशासन फंड की कमी का रोना रोता है, वहीं दूसरी ओर विभाग की नाक के नीचे करोड़ों की वसूली लंबित पड़ी है।

**यह है मामला**

कमलेश सिंह चंदेल (कलेक्टर न्यायालय प्रकरण क्र. 41/बी-121/2016-17)।जुमार्ना रायल्टी की 30 गुना दर से 28,31,70,000। प्रतिबंधित पोकलेन मशीनों से स्वीकृत क्षेत्र के बाहर अवैध उत्खनन। यदि राशि जमा नहीं हुई है, तो तत्काल संपत्ति कुर्क की जाए और दोषियों पर नई कानूनी धाराएं लगाई जाएं। यह चौक चौराहे में मांग उठ रही है !अब देखना यह है कि नए कलेक्टर इस "वित्तीय और पर्यावरणीय भ्रष्टाचार" पर क्या कड़ा रुख अपनाते हैं या फिर विभाग की फाइलें इसी तरह धूल फांकती रहेंगी।

**शिक्षा और स्वास्थ्य का सवर सकता है भविष्य**

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह 28 करोड़ की राशि वसूल कि जाती है तो जिले की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की सूरत बदल सकती है। इस राशि से जिले में आधुनिक अस्पताल, स्कूलों में बुनियादी ढांचा और विकास की नई गति मिल सकती है। लेकिन खनिज विभाग की सुस्ती जिले के विकास में बाधक बनी हुई है।

**इंस्पेक्टर ईशा वर्मा के 'स्टे' के दावे पर बवाल**

इस पूरे प्रकरण में सबसे चौंकाने वाला पहलू खनिज विभाग की भूमिका है। जब मीडिया द्वारा इस संबंध में खनिज इंस्पेक्टर ईशा वर्मा से बात की गई तो उक्त मामले में 'स्टे' स्थगन आदेश होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया गया।सवाल यह उठता है कि यदि माननीय न्यायालय से स्टे मिला है, तो विभाग इसे सार्वजनिक क्यों नहीं कर रहा? क्या स्टे की आड़ में दोषियों को संरक्षण दिया जा रहा है? क्या खनिज विभाग राजस्व वसूली में पूरी तरह फिसड्डी साबित हो चुका है?

**पत्रकारों की मांग- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यथा स्थिति से कराय अवगत**

यदि स्टे मिला है तो खनिज विभाग को तत्काल प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर पत्रकारों के सामने दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने चाहिए, ताकि प्रशासनिक पारदर्शिता बनी रहे।वर्षों से एक ही पद पर जमीं ईशा वर्मा की कार्यप्रणाली पर सवाल जिले में यह चर्चा आम है कि खनिज इंस्पेक्टर ईशा वर्मा वर्षों से अनूपपुर खनिज विभाग में टिकी हुई हैं। उनकी कार्यप्रणाली और वसूली की धीमी रफ्तार को लेकर अब उंगलियां उठने लगी हैं। आखिर क्या कारण है कि करोड़ों के राजस्व के नुकसान के बावजूद विभाग ने अब तक दोषी की संपत्तियां कुर्क करने की कार्रवाई शुरू नहीं की?

**कुर्सी से ऐसा क्या मोह? अनूपपुर में वर्षों से जमीं इंस्पेक्टर ईशा वर्मा**

सरकारी तंत्र में नियम है कि एक निश्चित समय के बाद अधिकारियों का तबादला होना चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे, लेकिन अनूपपुर खनिज विभाग में इंस्पेक्टर ईशा वर्मा एक अपवाद बन चुकी हैं। जिले की सरहदों से रेत की अवैध तस्करी और केवई व सोन नदी का सीना छलनी होने की खबरें आम हैं और इन सबके बीच ईशा वर्मा के लंबे कार्यकाल ने अब संदेह के घेरे को और गहरा कर दिया है।

**तबादलों के दौर में भी अंगद की तरह जमी हैं ईशा वर्मा**

अनूपपुर में कई कलेक्टर आए और गए, खनिज विभाग के आला अफसर बदल गए लेकिन ईशा वर्मा की कुर्सी अंगद का पैर साबित हो रही है। जिले के चौक-चौराहों और गलियारों में यह चर्चा आम है कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी या रसूख है, जो वर्षों बीत जाने के बाद भी विभाग उन्हें यहाँ से हिला नहीं सका? क्या यह उनकी कार्यक्षमता है या फिर पर्दे के पीछे चल रहा कोई बड़ा मैनेजमेंट?

**इनका कहना है**

उक्त मामले में कोर्ट से स्टे मिला हुआ है कोर्ट के मामले में हम कोई भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते आप लोगों को आधी अधूरी जानकारी रहती है पहले जानकारी लें फिर बात करें !

ईशा वर्मा
खनिज इंस्पेक्टर अनूपपुर

# मैहर हाईवे पर रेत माफियाओं का तांडव, सड़क बनी हादसों का अड्डा - जिम्मेदार खामोश !

**समाज जागरण**

मैहर में इन दिनों हाईवे से लेकर शहरी सड़कों तक अवैध रेता से भरी गाड़ियों का आतंक साफ दिखाई दे रहा है। सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइवा वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं, बल्कि बड़े हादसों को खुला न्योता दे रहे हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन गाड़ियों की वैधता पर कोई सवाल उठाने वाला नहीं है। न तो रेता की टीपी (ट्रांजिट पास) की जांच हो रही है और न ही रॉयल्टी की पुष्टि। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी या कथित मिलीभगत से यह पूरा खेल खुलेआम चल रहा है।

हाईवे किनारे खासकर आकृति होटल और हाईवे पर कटनी मोड़ के पास स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है, जहां दर्जनों भारी वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। ये वाहन कभी भी अचानक मोड़ दिए जाते हैं, जिससे पीछे से आ रहे वाहन चालकों को संभलने का मौका तक नहीं मिलता और हादसे की आशंका बनी रहती है।

इतना ही नहीं, इन गाड़ियों में खुले रूप से भरी रेता हवा में उड़ती रहती है, जो राहगीरों, बाइक और साइकिल सवारों की आंखों में जाकर उन्हें दुर्घटना का शिकार बना रही है। यह सीधा-सीधा आम जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।

वहीं दूसरी ओर नगर पालिका की कार्रवाई केवल अतिक्रमण के नाम पर गरीब और छोटे दुकानदारों तक सीमित नजर आती है, जबकि सड़क किनारे खड़े ये बड़े अतिक्रमणकारी किसी को दिखाई नहीं देते। यह दोहरी नीति कई सवाल खड़े कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ा हादसा होना तय है। जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि आखिर कब जागेगा प्रशासन? और कब इन अवैध रेता माफियाओं पर लगाम कसी जाएगी?

# अपर जिला एवं सत्र न्यायालय न्यायधीश ऋषभ दीक्षित एवं आकांक्षा टेकाम का हुआ स्थानांतरण

- अधिवक्ता संघ बुढार के तत्वाधान में आयोजित किया गया विदाई समारोह
- एडीजे सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं की रही उपस्थिति
- यहां पर किया गया कार्य सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा - न्यायधीश ऋषभ दीक्षित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बुढारअधिवक्ता संघ बुढार-धनपुरी के द्वारा अपर एवं जिला सत्र न्यायालय बुढार में पदस्थ न्यायधीश श्री ऋषभ दीक्षित एवं न्यायधीश सुश्री आकांक्षा टेकाम के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बुढार धनपुरी अमलाई के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं के द्वारा उन्हें उनके स्वर्णिम कार्यकाल की बधाई दी गई एवं उनके आचरण की प्रसंशा करते हुए उन्हे भावभीनी विदाई देकर शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके अविस्मरणीय योगदान की सराहना की गई अधिवक्ता संघ बुढार/धनपुरी के द्वारा आयोजित विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष श्री जयकांत मिश्रा के द्वारा सफल मंच संचालन किया गया साथ ही कार्यक्रम में विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ न्यायधीश एडीजे श्री सुशील कुमार अग्रवाल न्यायधीश श्री लक्ष्मण रोहित की गरिमामई उपस्थिति रही वरिष्ठ अधिवक्तागणो में मुख्य रूप से पूर्व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री रावेंद्र तिवारी श्री आलोक राय श्री सुशील मिश्रा श्री सतेंद्र शुक्ला श्री श्री अजय सोनी सुशील कुमार मिश्रा श्री अनुज सिंह परिहार श्री सीताराम गुप्ता श्री रमेश चंद्र त्रिपाठी मयूर मिश्रा संतशरण मिश्रा बृजेश शुक्ला बृजेश गौतम रामकृष्ण गुप्ता पराग जैन श्रीमती रेखा गुप्ता रीना पैट्रिक प्रेम पाल दीपिका यादव धनेश्वरी सिंह शंकरलाल लोधी प्रांजल मिश्र रामपुरन लोधी श्री निलेश सिंह कामता रौतेल प्रकाश रौतेल अमित चौरसिया मनोज श्रीवास्तव जनक कुशवाहा रामकृष्ण गुप्ता मनोज तिवारी तेजराज सिंह नारायण शुक्ला शुभम जैन की गरिमामई




उपस्थिति रही

साथ ही धनपुरी नगर पालिका परिषद के पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी रविकरण त्रिपाठी भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी गणमान्य जनों का प्रेरक रहा उद्बोधन अपने विदाई समारोह में आयोजित कार्यक्रम में न्यायधीश सुश्री आकांक्षा टेकाम ने कहा की बुढार अपर एवं जिला सत्र न्यायालय में मेरा कार्यकाल आप सभी के सहयोग से बेहद अविष्मरणीय रहा यहां पर लगातार अधिवक्ताओं का सहयोग प्राप्त होता रहा है और कभी भी अधिवक्ता और न्यायधीश के बीच में किसी भी प्रकार से संघर्ष और वैमनस्यता की स्थिति पैदा नहीं हुई जो की सबसे अनुकरणीय और आत्मसात करने योग्य बात है

तत्पश्चात युवा तरुणायी के आदर्श मार्गदर्शक न्यायधीश श्री ऋषभ दीक्षित ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा की मेरा बुढार में यह कार्यकाल कई प्रकार की शिक्षा को प्राप्त करने जैसा रहा है यहां पर कभी भी किसी के भी साथ मतभेद और मनभेद की स्थिति पैदा नहीं हुई मैंने अपने कार्यों को पूर्णतः विधि अनुरूप स्वतंत्रता से निष्पक्षता से संपादित किया और आम जन की भलाई हेतु जब कभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं की आवश्यकता हुई तो उनसे भी सीखकर अपने दायित्व को और गंभीरता और पारदर्शी बनाने की कोशिश की ताकि किसी भी प्रकार से माननीय न्यायालय पर कोई प्रश्नवाचक चिन्ह ना लग सके शोषित वंचित उपेक्षित और कमजोर व्यक्ति के लिए न्यायलय एक महत्वपूर्ण स्थान होता है आशा है की मैं आगे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन शुद्ध अंतःकरण से करूंगा और आप सभी को अपनी स्मृतियों में जीवंत रखूंगा तत्पश्चात एडीजे श्री सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा की माननीय न्यायालय संविधान का सबसे बड़ा मंदिर है यहां पर लगातार कई बातें सीखने और समझने को मिलती है कभी में तनाव ग्रस्त होता हूं तो कभी तनाव मुक्त लेकिन आमजन की समस्याओं का निवारण साथ ही सभी को सामान्य न्याय प्राप्त हो किसी के साथ कोई भेदभाव ना हो हमेशा यह बात मेरे दिमाग में अंकित होती है निष्पक्ष निर्णय से एक सर्वव्यापी और सुनहरे समाज का निर्माण होता है जिसमे अधिवक्ताओं का पत्रकारों का योगदान अहम है आप सभी का सहयोग निरंतर मुझे प्राप्त हुआ है और आगे भी होता रहे उन्होंने श्री ऋषभ दीक्षित एवं सुश्री आकांक्षा टेकाम एवं सभी अधिवक्ताओं के भविष्य की उज्वल कामनाएं करते हुए अपनी वाणी को विराम दिया

# अधिवक्ता संघ ने न्यायाधीश रामसहारे राज को दी विदाई

**समाज जागरण**

जिला अधिवक्ता संघ उमरिया ने तृतीय सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश श्री राम सहारे राज का उमरिया से धार स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह कर विदाई दी।



जिला अधिवक्ता संघ उमरिया के सभागार में आयोजित विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश श्री राम सहारे राज जी के विदाई समारोह के अवसर पर श्री प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश श्री प्रियदर्शन शर्मा ने कहा कि उमरिया बार की जो एक परंपरा है लोगों का स्वागत करना और स्थानांतरण होने पर सब सम्मान विदाई करना यह एक अनुक्राणी पहल है श्री रामसहरे राज एक अच्छे न्यायाधीश रहे जहां भी जाएंगे वहां श्रेष्ठ न्याय करेंगे और न्याय और अधिवक्ताओं की बीच में उनका संबंध है सकारात्मक रहेगा इसी अवसर पर लीगल एड के मोहन डाबर साहब ने कहा कि सहारे साहब के सहयोग से हम लोगों ने बहुत सारा काम लोक अदालत एवं मिडिएशन का किया है यह अच्छे न्यायाधीश व अच्छे सोच के व्यक्तित्व के धनी है और हमेशा ही मेरा उनसे लगाव और हर जीवन पर्यंत मेरे मन मस्तिष्क में रहेंगे।इस मौके पर जिलाअधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि श्री राम सहारे जी के कोर्ट में जाने से पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को विधि का अपेक्षित लाभ मिला।जुनियर वकीलों को सीखने का अवसार मिला।वह बड़े से बड़े मामलों में सकारात्मक सोच के साथ निर्णय पारित किए हैं जो कि उमरिया पक्षकारों के हित में रहा है सदैव हमारे अधिवक्ता संघ के प्रत्येक अधिवक्ताओं के मन मस्तिष्क में रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व संघ अध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी, रवि शंकर शर्मा, अधिवक्ता केके सिंह, राजेंद्र सिंह, मुकेश अग्रवाल, रामसरोवर जायसवाल, रिजवान अहमद सिद्दीकी, केपी सिंह, राजन खंडेलवाल, सुरेश मित्रानी, श्रीमती वैजयंती माला, धर्मेंद्र त्रिपाठी सहित प्रमुख अधिवक्ताओं ने विचार रखे एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से वेंकटेशपुरी गोस्वामी, अशोक तिवारी, सतीश पांडे, दिनकर तिवारी विजय राय तरुण पांडे केशव यादव राकेश गुप्ता विवेक तिवारी श्रेया सिंह हर्षवर्धन सिंह, योगेंद्र नारायण सिंह, योगेंद्र गौतम , नरेंद्र तिवारी, संजय वर्मा ,धंसा यादव, सुरेश रजक , शेख इजरायल, दीपक श्रीवास्तव, राजीव सिंह, श्रीमती अंजू पांडेय, सुषमा मिश्रा, श्री मती सुषमा अग्रवाल, राजेश गुप्ता कौशलेंद्र मिश्रा, शिवकरण शाहू, रघुनंदन बारी, वीरेंद्र कुशवाहा, पुष्पेंद्र गर्ग, सहित भारी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट देव बहादुर सिंह ने किया।

# मंत्री दिलीप जायसवाल कल करेंगे करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

**नगर पालिका परिषद बिजुरी में शनिवार को आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम- विभिन्न वार्डों को मिलेगी सौगात**

**समाज जागरण गौरव द्विवेदी**

बिजुरी। नगर पालिका परिषद बिजुरी क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए शनिवार 11 अप्रैल को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल होंगे।

**इन कार्यों का होगा लोकार्पण और भूमिपूजन**

नगर पालिका प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर 3:00 बजे से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी वार्ड क्र. 09 बाल उद्यान का लोकार्पण (दोपहर 03:00 बजे)।वार्ड क्र. 09 अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सूर्य मंदिर देवी तालाब का लोकार्पण (दोपहर 03:30 बजे)।

वार्ड क्र. 01 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण (दोपहर 04:00 बजे)।वार्ड क्र. 14 मंगल भवन का भूमिपूजन (शाम 04:30 बजे)।

**विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति**

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका करेंगी। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार उपस्थित रहेंगे। साथ ही शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह और पूर्व अध्यक्ष ज.पं. पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम भी मंच साझा करेंगे।इसके अलावा, कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, सभापति मोहम्मद हुसैन सहित सभी वार्डों के पार्षदगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन साहू ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर पालिका प्रशासन ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस विकास उत्सव के साक्षी बनें।

# करंट से बाघिन की मौत मामले में पांच शिकारी धरे गए, आरोपी रिमांड में

**समाज जागरण विजय तिवारी**

चंदिया।वन विकास निगम के चंदिया परिक्षेत्र में बाघिन शिकार मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया,जहां से सभी को पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार,आरोपियों की 6 दिन की रिमांड भी ली गई है,ताकि इस संगठित शिकार गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।गिरफ्तार आरोपियों में राजेश उर्फ बउरा बैगा (40),नत्थू बैगा (30),पुरुषोत्तम बैगा (48) और संजय बैगा (30) ग्राम मझगवां के निवासी हैं,जबकि 50 वर्षीय अल्लू कोल ग्राम चंदौल का रहने वाला बताया जा रहा है।दरअसल, मुख्यालय से सटे छिंदिया टोला में शिकारियों ने 11 के.व्ही. बिजली लाइन को ही मौत का जाल बना दिया था।बीट चंदिया अंतर्गत छिंदिया टोला(चंदौल) के पास मझगवां मार्ग की विद्युत लाइन में जीआई तार फंसाकर करंट प्रवाहित किया गया था।जैसे ही बाघिन इस क्षेत्र से गुजरी,वह इस हाई वोल्टेज ट्रैप में फंस गई और मौके पर तड़प-तड़प कर जान दे दी।वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 015/38 दर्ज किया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग को भी पत्र भेजा गया है,ताकि आरोपियों पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 और 139 के तहत अलग से कड़ी कार्रवाई की जा सके। चौंकाने वाली बात यह है कि करंट से शिकार का यह तरीका अब लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल के महीनों में कई बाघ और अन्य वन्यजीव इस खतरनाक साजिश का शिकार बन चुके हैं,वहीं कई बार इंसानी जानें भी इस अवैध करंट जाल की भेंट चढ़ चुकी हैं।

# अमरजीत जिला उपाध्यक्ष अरुण कांत बने जिला महामंत्री

**समाज जागरण**

अमलाई। जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद पर अमरजीत सिंह एवं जिला मुख्यमंत्री पद पर अरुण कांत तिवारी( देवहरा) का मनोनयन किया है। दोनों कांग्रेस नेताओं के मनोनीत होने पर नगर परिषद क्षेत्र के समस्त कांग्रेस नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।



# पुलिस की कार्यवाही, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने एवं सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शहडोल। थाना शहडोल द्वारा एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने, जान से मारने की धमकी देने तथा सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने वाले आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता अपने पिता के साथ थाना उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2024 में पढ़ाई के दौरान बस से आते-जाते समय उसकी जान-पहचान हरीओम बस के खलासी राजेश भुर्तिया (यादव) निवासी तालीकला से हुई थी। आरोपी ने शादी का वादा कर अगस्त 2024 में जंगल में ले जाकर पीड़िता के साथ गलत काम किया। इसके बाद आरोपी पीड़िता के किराए के कमरे पर भी लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के बिना खींची गई अश्लील तस्वीरों को पीड़िता की होने वाली ससुराल के व्हाट्सएप नंबर पर भेज दिया। आरोपी ने फेसबुक पर पीड़िता के नाम से फर्जी आईडी बनाकर उसकी गरिमा को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से अश्लील फोटो अपलोड किए। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध निम्नलिखित धाराओं एवं एससी/एसटी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

# पत्नी एवं अन्य महिला द्वारा प्रताड़ना से आहत युवक ने की आत्महत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**विजय तिवारी**

शहडोल। थाना देवलोंद के मर्ग धारा बीएनएसएस के तहत मृतक रवि कचेर पिता संतोष कचेर उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 बाणसागर की मृत्यु संबंधी मर्ग जांच के दौरान महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। जांच में पाया गया कि मृतक रवि कचेर का विवाह वर्ष 2012 में ज्योति सिंह (उर्फ ज्योति कचेर) से प्रेम विवाह हुआ था, जिनसे उनके तीन बच्चे हैं। विगत 1-2 वर्षों से ज्योति सिंह का किसी अन्य व्यक्ति से मोबाइल पर लगातार संपर्क था, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। 02 अप्रैल 2026 की रात्रि लगभग 11:00 बजे इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद 03 अप्रैल 2026 को ज्योति सिंह, रानी द्विवेदी के घर चली गई, जहां रानी द्विवेदी द्वारा उसे पति से तलाक लेने हेतु उकसाया जा रहा था। उक्त परिस्थितियों से मृतक रवि कचेर अत्यधिक मानसिक रूप से परेशान था। इसी मानसिक प्रताड़ना एवं दुष्प्रेरणा के चलते 03 अप्रैल 2026 को मृतक ने रानी द्विवेदी के घर के सामने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, जिससे गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार हेतु एसजीएमएच रीवा में भर्ती कराया गया, जहां 04 अप्रैल 2026 को उसकी मृत्यु हो गई। मामले की विवेचना के दौरान प्रथम दृष्टया ज्योति कचेर एवं रानी द्विवेदी के विरुद्ध अपराध धारा बीएनएस के तहत अपराध पाया गया, जिस पर थाना देवलोंद में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान गुरूवार को आरोपी ज्योति कचेर पति रवि कचेर उम्र 32 वर्ष एवं रानी द्विवेदी पति राजेश द्विवेदी उम्र 45 वर्ष दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 09, थाना देवलोंद जिला शहडोल को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# करामशाह बाबा उर्स में उमड़ी भीड़

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ।जिले के जैतपुर स्थित करामशाह बाबा दरगाह में दिनांक 9 अप्रैल 2026 को उर्स का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पुष्पराजगढ़ (जिला अनूपपुर, मध्यप्रदेश) के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता रहीस खान



(सर रिसॉर्ट के मालिक) ने की, जो हर वर्ष की भांति इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल होते रहे हैं। इस दौरान राजन खान, सत्येंद्र कुमार दुबे, स्थानीय सरपंच, अनिरुद्ध सिंह, बाबर खान सहित जंजुमन कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य, आयोजन समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।उर्स के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बाबा की दरगाह पर चादरपोशी कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। यह आयोजन कौमी एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। करामशाह बाबा का उर्स क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है, जहां हर धर्म और समुदाय के लोग एकजुट होकर श्रद्धा प्रकट करते हैं।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# शॉर्ट सर्किट से वैरायटी दुकान में लगी आग, दो लाख का सामान जलकर राख

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। घोरावल नगर में गुरुवल मार्ग स्थित जय मां शारदा वैरायटी बाजार की दुकान में गुरुवार रात करीब 11 बजे विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में दुकान का लगभग दो लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, घोरावल नगर के गुरुवल मार्ग पर स्थित यह दुकान 'जय मां शारदा वैरायटी बाजार' के नाम से संचालित होती है, जहां 'हर माल 99 रुपये' की अवधारणा पर विभिन्न वस्तुएं बेची जाती थीं।



गुरुवार रात करीब 11 बजे हुए शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में रखा लगभग दो लाख रुपये का सामान जल गया। सभासद धीरज और प्रशांत कुमार सहित कई नगरवासियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने के आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। जय मां शारदा वैरायटी के प्रोपराइटर शिवशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी इस आग में उन्हें करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

घोरावल नगर पंचायत के अध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार, राकेश कुमार और सभासद धीरज कुमार सहित अन्य नगरवासियों ने जिलाधिकारी से पीड़ित दुकानदार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# क्षेत्राधिकारी यातायात सोनभद्र की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चुर्क में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र के सभागार कक्ष में क्षेत्राधिकारी यातायात सोनभद्र डॉ0 चारू द्विवेदी अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद सोनभद्र के पुलिस, पीएसी, नक्सल कंटिजेंट सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण तथा सीमावर्ती जनपदों से आए वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान नक्सली संचरण की संभावनाओं के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता और निगरानी बढ़ाने, आपसी समन्वय एवं सूचना आदान-प्रदान को और अधिक सुदृढ़ करने, तथा नियमित काम्बिंग, एरिया डोमिनेशन एवं सर्च ऑपरेशन प्रभावी रूप से संचालित किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई।




साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऑपरेशन के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए, उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, तथा ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के बहकावे में न आने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस/प्रशासन को देने के लिए जागरूक किया जाए। गोष्ठी में नक्सल उन्मूलन से संबंधित रणनीतियों, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान मीटिंग में उपसेनानायक नक्सल कंटिजेंट चुर्क, सहायक सेनानायक नक्सल कंटिजेंट चुर्क, प्रभारी निरीक्षक जोनल नक्सल अभिसूचना इकाई सोनभद्र, सहित जनपद के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, पीएसी पोस्ट प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# केनरा बैंक ने कैंसर से मौत होने पर मृतक आश्रित ज्योति को दो लाख बीमा की राशि प्रदान की

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर स्थित केनरा बैंक ने शुक्रवार को मृतक आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत महिला थाना प्रभारी सविता सरोज व शाखा प्रबन्धक आरिफ अब्बास के द्वारा मृतक आश्रित के परिवार को दो लाख का चेक दिया गया।

महिला थाना प्रभारी सविता सरोज ने कहा कि किसी की मृत्यु की भरपाई पैसे से नही की जा सकती। पैसे से परिवार की क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती, लेकिन सरकार ने बेसहारा परिवार के आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये बीमा योजना चलाया है। जिससे परिवार के मुखिया के न रहने पर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इसलिये जो भी खाता धारक हैं। वे बैंक में आकर प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा अवश्य करायें।



ब्रांच मैनेजर आरिफ अब्बास ने कहा कि हमारे शाखा में आशुतोष कुशवाहा बैंक के खाता धारक थे। आशुतोष कुशवाहा बहुत दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। बैंक मित्र ने खाताधारकों का बीमा किया था। उनके मौत के बाद पत्नी को दो लाख का चेक दिया गया है। अत्यंत गरीब परिवार से हैं। इस रुपये से दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगी। आशुतोष कुशवाहा की पत्नी ज्योति निवासी रामगढ़ को दो लाख का चेक दिया गया है। खाता धारक ने 436 रुपये सालाना का बीमा कराया था। जिसका लाभ उनके परिवार को मिला है। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्राहक को कोई भी समस्या हो तो शाखा में आकर बात कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व बैंक मित्र शक्ति पाल के माध्यम से मात्र 436 रुपये का प्रीमियम जमा कर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमा कराया गया था। मृत्यु के बाद परिजनों ने बैंक से संपर्क किया, जिस पर विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण कर आश्रित को बीमा राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक धर्मवीर सिंह, लोन अधिकारी जितेंद्र यादव, मुकेश गुप्ता, बैंक मित्र शक्ति पाल, संदीप कुमार सहित बैंककर्मी मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। शुक्रवार को सुबह लगभग सात बजे चोपन थाना क्षेत्र के नवटलिया में तेलगुडवा से कोन मार्ग पर स्थानीय लोगों ने निमार्णाधीन रोड़ पर पत्थर रखकर सड़क जाम कर दिया गया जिसके कारण सड़क लगभग घंटों जाम लगा रहा है जिससे कामकाजी लोग, स्कूल जाने वाले बच्चे बस में फंसे रहे। जिससे धिरे धिरे गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई।




इसकी सूचना चोपन थाना व डायल 112 नम्बर पुलिस को दी गई जहां सूचना पाकर मौके पहुंची डायल 112 नंबर पुलिस ने जामालोगों को समझाया बुझाया गया और संबंधित ठेकेदार को फोन के माध्यम से संपर्क कर जल्द से जल्द समस्या का निदान हेतु कहा गया तब जाकर मामला शांत हुआ प्रदर्शनकारियों में अमीत रामप्रसाद अमृत लाल अर्जुन, अखिलेश, प्रिंस दीलीप सजय चमेली देवी अजय कुमार एक दर्जन से अधिक निवासियों ने बताया कहा कि तेलगुडवा से कोन का निर्माण कार्य किया जा रहा है और ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया जिसके कारण वाहनों के आवागमन होने से सड़क का सारा मिट्टी धूल घरों में घुस रहा है जिससे हम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया कभी कभी तो खाना में भी धूल उड़कर चला आता है जिसको लेकर हम लोगों ने ठेकेदार को कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन ठेकेदार हम लोगों की समस्यायों पर ध्यान नहीं देता है और मनमानी तरिके से काम करते चला जा रहा है जिससे क्षुब्ध होकर हम लोगों ने सड़क पर पत्थर रख सड़क जाम करते हुए अपनी मांग उठाई गई है ताकि ठेकेदार द्वारा इस सड़क पर कम से कम तीन टाईम पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए और यहां स्पीड ब्रेकर बन सके।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद का सोनभद्र दौरा, चोपन में कार्यकताओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। शुक्रवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद जनपद सोनभद्र के दौरे पर पहुंचे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत उन्होंने चोपन ब्लाक परिसर स्थित सभागार में पार्टी कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मंत्री डॉ. निषाद ने संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देते हुए कार्यकताओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए कार्यकताओं को पूरी जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ कार्य करना होगा।

उन्होंने कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनें और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करें। साथ ही उन्होंने आगामी चुनावों को लेकर भी संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनके समर्पण व मेहनत से ही पार्टी को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर कार्य करने और पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक के अंत में मंत्री ने कार्यकताओं की समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

# एसएनजी पब्लिक स्कूल में अग्निशमन विभाग का मॉक ड्रिल, बच्चों को सिखाए गए आग से बचाव के तरीके

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन के गौरव नगर स्थित एसएनजी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा बच्चों को आग से सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी।



कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के LFM अनिल कुमार सिंह, LFM राम आशीष यादव एवं FM नीलेश कुमार मौर्या मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को आग से बचाव के विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन करते हुए बताया कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय समझदारी से काम लेना कितना आवश्यक है।

LFM अनिल कुमार सिंह ने बच्चों को अग्निशमन गैस सिलेंडर (फायर एक्सटिंग्विशर) के उपयोग की विधि विस्तार से समझाई। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले सिलेंडर की पिन निकालनी चाहिए, इसके बाद सेफ्टी गार्ड हटाकर पाइप को सीधे आग की दिशा में करते हुए गैस का छिड़काव करना चाहिए। इस प्रक्रिया को उन्होंने मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शित भी किया। वहीं LFM राम आशीष यादव ने गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में तुरंत बोरा, कंबल या कोई मोटा सूती कपड़ा पानी में भिगोकर सिलेंडर पर डालकर ढक देना चाहिए, जिससे आग पर काबू पाया जा सकता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार, प्रधानाचार्य धीरेन्द्र कुमार, ब्रह्मानन्द रवानी, मोना दास, अंजलि, सेजल रवानी, आफरीन, प्रदीप सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने अग्निशमन विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बच्चों में जागरूकता बढ़ती है और वे आपात स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने में सक्षम बनते हैं।

# सहकारिता के रथ को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण कड़ी है सहकार सारथी: राकेश सिंह अलगू

## डीसीएफ मे सहकार सारथियों का सम्मेलन संपन्न

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पीएम मोदी की 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के संकल्प को उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नई उर्जा और दिशा मिल रही है।राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता जे.पी.एस. राठौर के यशस्वी नेतृत्व में प्रदेश का सहकारिता विभाग आज आत्मनिर्भरता के प्रण को चरितार्थ कर रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को जिला सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (डीसीएफ) नदेसर स्थित कार्यालय में 'सहकार सारथी अभियान' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।डी.सी.एफ. सभापति राकेश सिंह 'अलगू' ने सहकार सारथियों को संबोधित करते हुए उन्हें सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समितियों को तकनीकी रूप से सक्षम, सुरक्षित और प्रतिस्पर्धी बनाया जा रहा है।आधुनिकरण और डिजिटलीकरण के जरिए आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें सीधे लाभान्वित करना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है।इस अवसर पर सहकारिता क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख पदाधिकारी और उत्साही सहकार सारथी उपस्थित रहे।इनमे पीसीएफ डायरेक्टर सुशील पांडेय, अभिजीत सिंह एवं अभिषेक पांडेय तथा सहकार सारथी मे प्राकृति मिश्रा, पूनम मिश्रा, काजल, उत्तम सिंह, अवधेश पटेल, शनि सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही वाराणसी जिले के समस्त सहकार सारथियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश का सहकारिता विभाग आज सर्व-समावेशी और सतत विकास के साथ सहकारी संस्थाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर सफलता के नित नवीन सोपानो को स्पर्श कर रहा है।





# गांव चलो अभियान के तहत भाजपाइयों ने किया जनसंपर्क

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने गांव चलो अभियान के तहत कनहरा में जनसंपर्क किया। इस दौरान अभियान के शक्ति केंद्र प्रभारी संजय सिंह चंदेल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की के द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं से लाभान्वित सैकड़ो लाभार्थियों से मिलकर उनकी प्रतिक्रिया को जाना गया, साथ ही अन्य सभी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी देते हुए अंतोदय की विचारधारा पर काम करने वाली भाजपा सरकार के प्रति ऐसे ही विश्वास बनाए रखने की अपील की गई। युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सोनी ने कहा कि बिना भेदभाव, उच्च नीच के सबका साथ, सबका विकास ही भाजपा सरकार का मूल मंत्र है। ताकि देश की समृद्धि व उन्नति के लिए बेहतर कदम उठाकर हर नागरिक की भावनाओं को सुनिश्चित कर सम्मान दिया जा सके। देश को स्वच्छता अभियान से जोड़कर मोदी सरकार ने करोड़ों करोड़ों लोगों को शौचालय देने का काम किया, वन्ही माता बहनों के लिए उज्जवला गैस व व्यापारियों के लिए मुद्रा धन योजना, गरीबों को मुफ्त राशन, आवास और आजीविका मिशन से जोड़कर सबल बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। शिक्षार्थियों के लिए स्किल डेवलपमेंट के गुण सिखाए जा रहे हैं। देश की सेनाओं को और क्षमतावान बनाने के लिए तकनीकी मशीनों से लैस किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं और आयुष्मान योजना के तहत लाखों लाख मरीज को हर दिन निशुल्क इलाज की सुविधा भी प्रदान हो रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश्वर प्रसाद, ओबरा भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष मोहन लाल जयसवाल, युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री समीर माली, पूर्व मण्डल मंत्री छोटेलाल खरवार,मण्डल मंत्री रामेश्वर पनिका, शक्ति केंद्र संयोजक रामप्रसाद जयसवाल, बूथ अध्यक्ष देवनरायन, योगेंद्र प्रसाद, राम नारायण, विनोद कुमार, राजबली निषाद, लल्लूराम, श्याम बिहारी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नमामि गंगे परियोजना के जल जीवन मिशन में बढ़ता असंतोष

## श्रमिको की हुंकार:15 दिन में समाधान नही तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण ब्यूरो**

बीजपुर/सोनभद्र। नमामि गंगे की जल जीवन मिशन झीलों परियोजना में कार्यरत श्रमिकों और सुरक्षाकर्मियों का आक्रोश एक बार फिर खुलकर सामने आया है।लंबे समय से लंबित समस्याओं और अनदेखी से नाराज कर्मचारियों ने परियोजना स्थल पर अपनी आवाज बुलंद कर हुंकार भरा।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिक्योरिटी कंपनी के एमडी शिवराम रेड्डी डायरेक्टर और ऑपरेशन हेड डैनियल खुद मौके पर पहुंचे।वहां विभिन्न साइटों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों/कर्मचारियों की मौजूदगी में अधिकारियों ने उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया।गौरतलब है कि इससे पहले भी श्रमिकों ने हड़ताल किया था जिसके बाद ब्लॉक प्रमुख की मौजूदगी मे जीवीपीआर कंपनी ने समस्याओं के निस्तारण के लिए 15 दिन का समय मांगा था।वहीं लगातार बढ़ते असंतोष और शिकायतों के बीच हर्निया कंपनी ने भी समाधान के लिए 15 दिन की मोहलत लिया है।इस पूरे मामले पर जीवीपीआर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर का कड़ा रुख सामने आया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर हर्निया कंपनी सुरक्षाकर्मियों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो उसके खिलाफ टर्मिनेशन की कार्रवाई की जाएगी।



**आंदोलन के दौरान श्रमिकों में भारी एकजुटता देखने को मिली।**

इस मौके पर राम जी गुर्जर, मनीष जायसवाल, अरविंद गुप्ता, नोकेश, अनीफ शेख, रजब अली, सूर्यदेव, अतुल कुमार, विश्वनाथ, रोहित कुमार, आशू, राकेश कुमार, हरे राम जायसवाल, उमेश दुबे, नंद लाल गौड़, रामजी, शिवशंकर, आनंद गुर्जर एवं ज्वाहिर लाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

श्रमिकों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज करते हुए बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# क्रशर ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण की गयी बैठक

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में डाला बिल्ली क्रशर ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्रशर क्षेत्रों में हो रहे प्रदूषण की समस्या पर नियंत्रण एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना, बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किये कि क्रशर क्षेत्रों से उड़ने वाली धूल एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान देने को कहा गया जहां अत्यधिक धूल उड़ रही है सड़कों पर फैल रही धूल को रोकने के लिए नियमित रूप से स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ क्रशर क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए गए, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में उप जिलाधिकारी विवेक कुमार सिंह, एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी से अपेक्षा की गई कि वे निर्धारित निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण हेतु सहयोग करें।

# ग्राहक सेवा केंद्र में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, लाखों का नुकसान

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। अनपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत औड़ी मोड़ स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से भारी नुकसान हो गया। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है, जब केंद्र बंद था और अचानक आग लगने की सूचना आसपास के लोगों को मिली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान के अंदर रखा नकद धनराशि, कंप्यूटर, फर्नीचर व अन्य जरूरी सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें उठती देख तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दमकल टीम मौके पर देर से पहुंची। इस दौरान आग लगातार फैलती रही और केंद्र में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। घटना की सूचना मिलते ही अनपरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस हादसे से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि इस आगजनी की घटना में उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। उसने प्रशासन से मदद की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।



# स्मार्ट मीटर लगाकर जनता के जेब काट रही सरकार : संदीप मिश्र

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। आज पूरे जनपद की बहुत बड़ी समस्या स्मार्ट मीटर की है जिसके कारण जनपद का व्यापारी किसान नौजवान मजदूर गाँव गरीब हरेक व्यक्ति बिजली विभाग के इस उत्पीड़न वाले यंत्र से परेसान है जहाँ एक ओर केन्द्रीय बिजली मन्त्री बोल रहे हो कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के सहमति से लगाना



चाहिए उसके बावजूद भी बिजली विभाग के लोग मनमानी कर रहे हैं और इस जनपद के प्रतिनिधि कुम्भकरणी निद्रा में सोये हुए है इनको जनता से कोई वास्ता नहि रहा केवल अपने घरो व रिस्तेदारो के यहा न लगे स्मार्ट मीटर इसी मे सब परेसान है यदि जल्दी ही इस पर रोक न लगी तो किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा बड़ा आन्दोलन करेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी पिछले हफ्ते जनचौपाल में चतरा ब्लाक के डुबटिया में जो लोग रासन लेते है जिनके घरो में मात्र चार या पांच सिएफेल जल रहे उन लोगो का बिल दो लाख तीन लाख का भेजा गया है ये कौन सा तरीका विभाग का है इसकी जांच करायी जाय।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रुप से आकाश चौहान सत्रुघ्न बिन्द नगेन्द्र धागर प्रमोद धागर लाल बिहारी गोड सत्यम पाण्डेय सत्यम तिवारी विजय चौहान दिनेश चेरो अनिल उराव कृष्णा नन्द गोड व मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार टूटने से गेहूं की फसल में लगी आग, फसल जलकर हुआ खाक

## दमकल विभाग ग्रामीणों के सहयोग से आग पाया गया काबू

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के महुआव खुर्द गांव में शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 1बजे के पश्चात पारसनाथ यादव पुत्र बिहारी यादव की गेहूं के खेत में 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिरने से खड़ी गेहूं की



फसल समेत गेहूं की बांधी गई फसल में आग लग गयी।जिससे गेहूं की संपूर्ण फसल जलकर खाक हो गई इससे किसान को काफी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ी है।आगलगी की इस घटना से पास-पड़ोस के किसानों में हड़कंप मच गया।जिसकी सूचना विद्युत विभाग और दमकल को देने के पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

इस सम्बध में कमलेश यादव, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, शम्भूनाथ, कल्लू यादव, नंदू, बलेश्वर इत्यादि ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा जगह जगह विद्युत के जर्जर तार नहीं बदले गए तो आये दिन गरीब-निरीह किसानों की फसल जलकर राख होती रहेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग के आला अफसरों की होगी। लोगों ने गरीब किसान की नष्ट हुई गेहूं की फसल की मुआवजा दिलवाने की मांग किया है।

# ट्रेलर ने साईकिल सवार को मारा जोरदार टक्कर, गम्भीर रूप से घायल

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में एक साईकिल सवार ट्रेलर के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया, मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर बाद चोपन थाना क्षेत्र के झिगटखोली गुरमुरा निवासी शंकर देव उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र अमर सिंह घर से टोल प्लाजा मालों घाट पर ड्यूटी करने साईकिल से जा रहा था उसी दौरान गुरमुरा हाट बाजार से खाना खजाना के बीच वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर पिछे से आ रही ट्रेलर के चपेट में आ गया और साईकिल सवार सडक पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जहां प्रत्यक्षदशीयो ने तत्काल पहुंचकर घायल को सड़क से किनारे करवाया गया इसके साथ ही एसीपी टोल प्लाजा के ऐम्बुलेंस व चोपन पुलिस को सूचना दी गई।



वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची ऐम्बुलेंस से प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घायल को चोपन अस्पताल भेजवाया गया जहां चिकित्सकों ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद घायल की स्थिति नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिसमें चोपन पुलिस ने ट्रेलर व चालक को कब्जे में लेकर जांच में जुटे रहे। वहीं घायल टोलप्लाजा मालों घाट एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यकर्ता था जो शाम वाली ड्यूटी करने जा रहा था।

# स्वास्थ्य की हर सुविधाएं ग्रामीणों के पहुंच तक नि:शुल्क उपलब्धता से गरीबों को बड़ी राहत:डॉ0 सन्तोष कुमार

### हरहुआ पीएचसी पर 'हेल्थ एटीएम' व 'ऑटोमेटिक ऑटो एनलाइजर' की सुविधा उपलब्ध

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पीएचसी हरहुआ पर स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था से अब ग्रामीणों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाए गरीबों के पहुंच तक मिलने लगी है।




पीएचसी प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार 'हेल्थ एटीएम' दो वर्षों से लगी है जिससेशुगर,बीपी ,हीमोग्लोबिन ,टाइफाइड सहित अन्य जांच अब तक 10हजार से अधिक लोगों की हो चुकी है। वहीं 'ऑटोमेटिक ऑटो एनलाइजर' 30 जनवरी को काम करना शुरू किया जिससे नि:शुल्क रूप से ब्लड की हर तरह की जाँच शुरू हो चुकी है। लैब टेक्नीशियन लक्ष्मीनारायण सिंह के अनुसार अब तक सैकड़ो मरीजों के ब्लड की कई जाँच कुछ ही समय मे कर रिजल्ट मिल जा रही है।

डॉ0 नन्दआसरे ,डॉ0 मनु चतुर्वेदी ने कहा कि मरीजों की जांच रिपोर्ट जल्द मिल जाने से उनका उपचार करने में सहूलियत हो गई है। गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिली है कि तुरन्त एक ही छत के नीचे उनको सभी सुविधा मिल जा रही है।

फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,आयुष फार्मासिस्ट विद्याप्रकाश दुबे ,कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जब से जांच की सुविधाएं मिली है तब से मरीजों की भी संख्या बढ़ गई है।

# पीएचसी हरहुआ पर बन्दरों का आतंक, अस्पताल के रिकार्ड व संसाधन को भी कर रहे नुकसान।

### - नवनिर्मित रैन बसेरा में सुरक्षा के लिए जाली लगाने की उठी मांग।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ प्रांगण व मार्ग पर बन्दरों की स्थिति यह है कि मरीज के साथ अटेंडेंट तक यदि कोई सामान लेकर पहुंचते हैं तो घात लगाए बन्दर झपट्टा मारकर जबरिया छोड़ लेते हैं। विरोध करने पर काट भी लेते हैं। अस्पताल के वायरिंग ,खिड़की रोशनदान के रास्ते घुसकर सामान व दवा अभिलेख तक को कर रहे नुकसान। लोग सहमें हुए किसी तरह अस्पताल परिसर में दाखिल होकर सुरक्षा करते नजर आते हैं। अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो पाई।

विधायक अजगरा टी0 राम द्वारा ग्रामीणों व प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ द्वारा बन्दरों से निजात व मरीजो के अटेंडेंट सहित बैठक



के लिए रैन बसेरा के जरूरत की मांग को देखते हुए पीएचसी हरहुआ के प्रांगण में विधायक निधि से 11लाख 3हजार रुपये स्वीकृत कर रैन बसेरा बनवाया गया जिसमें चारो तरफ से जाली लगाने का कार्य न होने से बंदरों का बसेरा बन गया है। जाली न होने से अभी लोग असुरक्षित है।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार मरीजों के संग आने वाले परिजनों व मरीजों के लिए धूप, बरसात व जाड़े के मौसम में बचाव के लिए कोई स्थान नहीं था। इसके लिए हरहुआ प्रधान अनवर हाशमी व विधायक से ग्रामीणों व विभाग द्वारा सम्पर्क किया गया। विधायक ने 10"-11"मीटर लंबी रैन बसेरा के लिए विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना 23-24 से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग वाराणसी द्वारा कार्य कराया गया लेकिन सुरक्षा के बाबत जाली नहीं लगाई गई जिससे मरीज व ग्रामीण दोनों बंदरों के आतंक से डरे सहमे रहते हैं।

व्यापार मंडल हरहुआ के महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ,सन्तोष गुप्ता, सर्वेश कुमार ,जयचन्द मोदनवाल व व्यापारियों ने विधायक टी0 राम से सुरक्षा के मद्देनजर जाली व गेट लगाने की मांग की।

अस्पताल प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार ,डॉ0 नन्द आसरे ,डॉ0 मनु चतुर्वेदी, डॉ0 राजकुमार ,डॉ0 शैलेन्द्र कुमार,फार्मासिस्ट राकेश कुमार व कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह ने बताया कई स्टाफ व मरीज को अब तक बंदर काट चुके हैं। रैन बसेरा में लोग बन्दरों से परेशान हैं।दोपहिया वाहन समेत खड़े एम्बुलेंस के गद्दी, पर्दे ,डिग्गी तोड़ने सहित रखे सामान सुरक्षित नहीं रह पाते।

# हरहुआ पुलिस वाहनों के चेकिंग में 120 वाहनों का चालान ,तीन गाड़ियों को किया सीज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और यातायात पुलिस आयुक्त के निर्देशन में हरहुआ पुलिस ने सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन के सख्त अभियान को लेकर हरहुआ चौराहे पर सुबह से शाम तक 120 दुपहिया वाहनों का चालान व तीन वाहनो को सीज किया।




चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी व सीसी टीम प्रभारी के0के0 वर्मा के अनुसार सघन चेकिंग अभियान में दो पहिया,चार पहिया वाहनों को गलत दिशा से आने, बिना हेलमेट चलने ,तीन सवारी, ओवरटेक, बिना नम्बर प्लेट, पेपर नहीं मिलने सहित ओवर स्पीड वाहनों का सघन चेकिंग किया गया। जिसमें कुल 120 वाहनो का चालान व तीन वाहनो को सीज की कार्यवाही किया गया।

चेकिंग में चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानंद द्विवेदी , सीसी टीम प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल नीरज राय,ट्रैफिक के हेड कांस्टेबल दीनानाथ शुक्ल ,अमित गौतम अभिषेक कुमार ,नीरज राय, कांस्टेबल लालजी सहित अन्य शामिल रहे।

# धनंजय सिंह और अभय सिंह की अदावत पर 24 साल बाद आएगा फैसला

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी ।। उत्तर प्रदेश की राजनीति के दो बाहुबली चेहरों, पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सपा के बागी विधायक अभय सिंह के बीच सालों से चली आ रही अदावत अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। साल 2002 में वाराणसी के नदेसर इलाके में धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में शुक्रवार को वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट में अंतिम बहस पूरी हो गई। अदालत ने इस मामले में फैसले की संभावित तारीख 13 अप्रैल तय की है।

**2002 का वो खूनी मंजर: क्या है पूरा मामला?**

घटना 4 अक्टूबर 2002 की है। तत्कालीन केराकत विधायक धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ सफारी गाड़ी से जौनपुर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हॉल के पास पहुंची, तभी बोलेरो सवार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया।

आरोप है कि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह अपने 4-5 साथियों के साथ गाड़ी से उतरे और ललकारते हुए धनंजय सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में धनंजय सिंह, उनके गनर और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में अभय सिंह और एमएलसी विनीत सिंह समेत सात लोगों को नामजद किया गया था।

**बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें**

सुनवाई के दौरान धनंजय सिंह स्वयं कोर्ट में मौजूद रहे। बचाव पक्ष (अभय सिंह पक्ष) ने अपनी अंतिम दलीलें पेश कीं, वहीं वादी और अभियोजन पक्ष ने भी अपना पक्ष मजबूती से रखा। धनंजय सिंह के अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने बताया कि "सोमवार तक सभी जरूरी नजीरें दाखिल कर दी जाएंगी। जज साहब ने संकेत दिया है कि एक सप्ताह के भीतर फैसला आ सकता है। हमें उम्मीद है कि आरोपियों को निश्चित रूप से सजा होगी।"

**धनंजय सिंह बोले – '24 साल बाद जगी न्याय की उम्मीद'**

कोर्ट से बाहर निकलने के बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा

"यह हमला सरेआम हुआ था जिसमें हम पांच लोग घायल हुए थे। बचाव पक्ष ने हमेशा स्टे लेकर ट्रायल में विलंब करने की कोशिश की, इसी वजह से 24 साल लग गए। 2013 से गवाहियां शुरू हुईं और अब मुझे उम्मीद जगी है कि मुझे न्याय मिलेगा।" उन्होंने यह भी याद दिलाया कि अभय सिंह 1996 के हेमंत सिंह हत्याकांड में भी मुख्य आरोपी रहे हैं। धनंजय के अनुसार, नदेसर की घटना एक सोची-समझी साजिश थी।

**13 अप्रैल पर टिकी सबकी निगाहें**

वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट अब इस हाई-प्रोफाइल मामले में सोमवार को आदेश सुरक्षित (Reserve) कर सकती है, जिसके बाद 13 अप्रैल को फैसला सुनाए जाने की प्रबल संभावना है। यूपी की सियासत और अपराध जगत से जुड़े इस मामले के फैसले का इंतजार पूरे प्रदेश को है।

# एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने भाजपा स्थापना दिवस पर झाड़ू लगाकर,वरिष्ठों को किया सम्मानित।

**समाज जागरण**

वाराणसी। शुक्रवार को रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर मंडल के वार्ड 19 कंदवा के कर्दमेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत सदस्य विधान परिषद



व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा जी ने साफ -सफाई किया व गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। प्रमुख रूप से विनोद पटेल,मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह पटेल ,पुर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र केशरी,गोपाल पटेल,अजय बिंद,प्रभु पटेल,अनिल सिंह,विनोद सिंह,राकेश गिरी,विहारी पटेल,सुधीर प्रजापति,आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनाए जाने का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में एक प्रिंटिंग प्रेस के भीतर फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनाए जाने की सूचना पर गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे के करीब पुलिस चार युवकों को पकड़कर थाने ले गई।फिनटेक




कन्सल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक अमित मिश्रा की तहरीर पर पुलिस प्रिंटिंग प्रेस की दुकान पर पहुंची और वहां कार्य कर रहे चार युवकों को पकड़कर थाने ले गई।इस संबंध में जिला समन्वयक अमित मिश्रा ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि ड्रमंडगंज में फर्जी ढंग से एक प्रिंटिंग प्रेस में आधार कार्ड बनाया जा रहा है।जिसकी जांच पड़ताल करने के लिए टीम के सदस्यों के साथ गुरुवार दोपहर प्रिंटिंग प्रेस पर पहुंचा तो वहां फर्जी आईडी पर आधार कार्ड बनाया जा रहा था। तीन सौ रुपए देकर अपने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलवाया तब जाकर मामले की पुष्टि हुई। जिला समन्वयक ने सरकार की आंखों में धूल झोंककर कूट रचना कर फर्जी आईडी से आधार कार्ड बनाने वाले के विरुद्ध जनहित में कार्रवाई की मांग की। तहरीर पर एसआइ विनोद कुमार सिंह, एसआइ रामविशाल,हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा प्रिंटिंग प्रेस की दुकान पर पहुंचे जहां से चार युवकों को पकड़कर थाने ले गए।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि फिनटेक कन्सल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक की तहरीर पर आधार कार्ड बनाने वाले युवकों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# ग्राम चौपाल में अधिकारियो व कर्मचारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या दिया निस्तारण का आशवासन

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विकास खंड हलिया के ग्राम पंचायत बसकोप व गजरिया के पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ब्लॉक अधिकारियो ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर समस्याओ के निस्तारण का आश्वासन दिया है ग्रामीणों की शासन की योजनाओ की जानकारी दिया है ग्राम पंचायत बसकोप के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल के नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य रामगोपाल तिवारी व एडीओ एसटी सुशील कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को सुना जिसमें ग्रामीणों ने भूमि के पट्टे की मांग किया



हर घर नल योजना की पेयजल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत प्रमुखता से रखा जिस पर नोडल अधिकारी के प्रतिनिधि ने समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है ग्राम चौपाल में उपस्थित कर्मचारियों ने अपने अपने विभाग के योजनाओ की जानकारी दिया है इसी प्रकार ग्राम पंचायत गजरिया के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल मे जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया है ग्रामीणों ने आवास, शौचालय, पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की मांग किया है इस दौरान ग्राम प्रधान बसकोप सुरेश दुबे, सचिव गौरव राणा, सुनील चतुर्वेदी, गोविन्द गौड़ आदि मौजूद रहे

# ग्रामीणों ने मंडलायुक्त को पत्रक देकर मानकों को दरकिनार कर चल रहे क्रेशर प्लांटों को बंद करने की मांग किया

### उड़ते धूल और गर्दे की समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र के भगौती देई गांव के ग्रामीणों ने मंडलायुक्त व जिलाधिकारी को पत्रक देकर भगोतीदेई सहित आसपास के गांवों में मानकों को दरकिनार कर चल रहे क्रेशर प्लांटों को बंद कराने की गुहार लगाई अधिकारियों ने भी जांच कर कार्रवाई का आश्वाशन दिया।



भगोतीदेई गांव निवासी समाजसेवी संपूणार्नंद के नेतृत्व में मीरजापुर पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार मंडलायुक्त राजेश प्रकाश को पत्रक सौंपकर भगोतीदेई ग्रामसभा में मानक विपरीत नियमों का उलंघन करते हुए संचालित स्टोन क्रेशर प्लांटों से उड़ने वाली पथरीली धूल के कण से होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए क्रेशर प्लांटों को बंद कराने की मांग की ।

दोनों अधिकारियों ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।

संपूणार्नंद ने मंडलायुक्त व जिलाधिकारी को बताया की क्षेत्र के भगोतीदेई,सोनपुर, लालपुर, चिरैया, चकजाता,एकली, रामपुर ढ़बही, बियाहुर,घासीपुर गांव से मात्र सौ से दो सौ मीटर की दूरी पर संचालित हो रहे क्रेशर प्लांटों से उड़ने वाले धूल के कण से हजारों कि संख्या में लोग प्रभावित है । धूल के कण उड़ने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही है।

सबसे ज्यादा प्रभाव भगौतीदेई और सोनपुर में है जहां बस्तियों के पास क्रेशर प्लांटों को संचालित किया जा रहा है।

और क्रेशर प्लांटों से उड़ने वाला धूल लोगों के घरों में घुस जा रहा है जिसके चलते घरों में सोना भी भोजन बनाना भी दुश्वार हो गया है ।

गर्मी में छत पर सो भी नहीं सकते है आवादी क्षेत्रों में मानकों को ताख पर रखकर के क्रेशर प्लांटों को स्थापित किया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है की क्षेत्रीय अधिकारियों के मिली भगत से स्कूल, बस्ती, धार्मिक स्थलों से न्यूनतम 500 मीटर और सड़क से 100 मीटर से भी कम दूरी पर क्रेशर प्लांटों को स्थापित किया गया है और इनका संचालन किया जा रहा है जिसके कारण समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है ।

क्रेशर प्लांटों के कारण अहरौरा जमुई रोड पर रोशनहर गांव से सोनवर्षा गांव तक सड़क पर अत्यधिक मात्रा में धूलकण जमा होने और गाड़ियों के आवागमन से उड़ने वाले धूलकणों के कारण सड़क पर लोगों का चलना कठिन व खतरों से भरा हुआ रहता है ।

धूल गर्दे व तेज रफ्तार चलती ट्रकों के कारण आए दिन सड़क दूर्घटनाओं में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

# पीटीओ ने स्कूल वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा ड्राइविंग लाइसेंस किया जांच

**समाज जागरण**

मीरजापुर / विकास खंड हरिया क्षेत्र के हलिया बाजार स्थित सिद्धि शांति जूनियर हाई स्कूल पर शुक्रवार को परिवाहन विभाग के पीटीओ महेंद्र पाण्डेय ने पहुंचकर बच्चों को लेकर आने जाने वाले स्कूली वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, वाहन के बीमा, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच किया है इतना ही नहीं स्कूली वाहनों में जीपीएस, अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर, इमरजेंसी गेट, आदि की जांच किया है पीटीओ ने कहा की स्कूली वाहनों के फिटनेस, बीमा, आदि कागजात जांच करने का मुख्य कारण यह है की बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं की जायेगा बिना फिटनेस,परमिट, बीमा के वाहनों से बच्चों को लेकर आता जाता हुआ पाया जायेगा तो संबंधित स्कूल के प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने साफ कहा है की मानक पुरे न करने वाले वाहनों का पंजीयन परमिट निरस्त होगा और स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार माना जायेगा

# अम्बेडकर जयंती की तैयारियों की समीक्षा, डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर। भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती को जनपद में भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार तथा पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक ने की। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




जिलाधिकारी ने कहा कि महापुरुष राष्ट्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक होते हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर की जयंती पूरे जनपद में धूमधाम, शांति और सुव्यवस्थित ढंग से मनाई जाए।

उन्होंने ग्राम पंचायतों, नगर निकायों तथा सभी सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालयों में अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्र प्रदर्शनी एवं अन्य आयोजन कराने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिक्षण संस्थानों में प्रभात फेरी, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता व संगोष्ठियों के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया। नगर पालिका परिषद मीरजापुर को स्थानीय घंटाघर पर काव्य पाठ कार्यक्रम आयोजित कराने तथा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम पंचायतों व विकास खंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अम्बेडकर पार्कों में सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल एवं विशेष सजावट की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। शोभायात्राओं के लिए रूट चार्ट तैयार कर यातायात प्रबंधन, सुरक्षा बलों की तैनाती तथा भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया। इसके अलावा प्रमुख स्थलों पर एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड की व्यवस्था तथा गर्मी को देखते हुए पेयजल व छाया की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 अम्बेडकर स्मारकों/पार्कों का चिन्हांकन कर उनके सुदृढ़ीकरण व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (भू./रा.) देवेन्द्र प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट अंशुल हिन्दल, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**- गोवंश संरक्षण पर कड़ा फोकस अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश, व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा**

**- गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश, कार्मिकों के समयबद्ध भुगतान और निगरानी पर जोर**

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। गोवंश संरक्षण एवं गो-सेवा को सुशासन का आधार मानते हुए जनपद सोनभद्र के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मा0 उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के यथस्वी एवं लोकप्रिय मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतत्व में उत्तर प्रदेश सरकार गौ-सेवा को केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करते हुए सतत कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित देखभाल के लिए व्यापक एवं बहुआयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेश भर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य हैं जहा निराश्रित गोवंश के भरण पोषण के लिये सरकार द्वारा रू0 50 की दर से भरण पोषण की धनराशि उपलब्ध करायी जा रही है। मा. उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गौ-संरक्षण नीति के अंतर्गत वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे है। इन आश्रय स्थलों में 16 लाख से अधिक गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक पशु-चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था न केवल गोवंश के संरक्षण को सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक संतुलन को भी सुदढ़ कर रही है।

बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के मा. उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं मा. सदस्य दीपक गोयल, मा0 विधायक सदर भूपेश चौबे द्वारा की गई। बैठक के दौरान स्थायी एवं अस्थायी गो-आश्रय स्थलों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। मा. उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि गोवंश की देखभाल में लगे कर्मियों का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाए तथा उनका मानदेय मनरेगा द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप दिया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। साथ ही सभी गो-आश्रय स्थलों पर पौधारोपण सुनिश्चित कराने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त पशुओं को तत्काल निकटतम गो-आश्रय स्थल में सुरक्षित रखा जाए। गर्मी के दृष्टिगत गो-आश्रय स्थलों पर टिन शेड के ऊपर पुआल डालने, स्वच्छ पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश संबंधित संचालकों को दिए गए। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों एवं मार्गदर्शन का अक्षरशः पालन कराया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों को शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं,

# क्रशर ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण की गयी बैठक

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में डाला बिल्ली क्रशर ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्रशर क्षेत्रों में हो रहे प्रदूषण की समस्या पर नियंत्रण एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना, बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किये कि क्रशर क्षेत्रों से उड़ने वाली धूल एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान देने को कहा गया जहां अत्यधिक धूल उड़ रही है सड़कों पर फैल रही धूल को रोकने के लिए नियमित रूप से स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ क्रशर क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए गए, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में उप जिलाधिकारी विवेक कुमार सिंह, एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी से अपेक्षा की गई कि वे निर्धारित निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण हेतु सहयोग करें।

# नवीनगर थाना पुलिस ने अवैध मवेशी परिवहन में 7 गाय किया बरामद, वाहन जब्त

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना पुलिस ने अवैध मवेशी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के दास मुहल्ला से एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। वाहन पर अवैध रूप से मवेशी लादकर ले जाया जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दास मुहल्ला क्षेत्र से मवेशियों की अवैध ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध पिकअप वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन पर लदी



कुल 7 गाय बरामद की गई।पुलिस ने तुरंत वाहन को जब्त कर थाना लाया। वहीं, बरामद सभी गायों को सुरक्षित रूप से गौशाला भेज दिया गया है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और मवेशी तस्करी में शामिल आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पुलिस ने नीलाम पत्र वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक नीलाम पत्र वारंटी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। यह गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के सिमरी गांव से की गई है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान सिमरी गांव निवासी रामाशीष शर्मा (पिता- सुरत शर्मा) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि उक्त वारंटी के खिलाफ न्यायालय द्वारा नीलाम पत्र जारी किया गया था, जिसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। इस




संबंध में माली थाना अध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर थाना स्तर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सिमरी गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे शीघ्र ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# पुलिस ने फरार चल रहे तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने फरार चल रहे तीन एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान माली थाना क्षेत्र के औसान गांव निवासी




बंसी चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी एवं मनीष कुमार के रूप में की गई है।थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के तहत तीनों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस को इनके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं और गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीनों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पोटका में भ्रष्टाचार के खिलाफ जेएलकेएम का प्रदर्शन, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**समाज जागरण 10.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

पोटका प्रखंड परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में जेएलकेएम पार्टी के बैनर तले कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जुटे कार्यकताओं और नेताओं ने विभिन्न सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पूरे परिसर में नारेबाजी की गई और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

धरना-प्रदर्शन में बिल्टू हांसदा, रामदास मुर्मू, विनोद स्वानसी, फनी भूषण महतो, पूनम महतो और दिनेश महतो समेत कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि पोटका के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं का आरोप था कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है और बीच में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रहा है।

धरना स्थल पर नेताओं ने विशेष रूप से 11 करोड़ रुपये की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इतने बड़े बजट से बने भवन की स्थिति बेहद खराब है। भवन के




पिलर गिरने और रैंप की सिलिंग टूटने की घटनाएं निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और लापरवाही की ओर इशारा करती हैं। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इसकी जांच नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे इस मुद्दे को लेकर जनहित याचिका (पीआईएल) भी दायर करेंगे।

वहीं, बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत एक दिव्यांग कंप्यूटर ऑपरेटर के मामले को भी नेताओं ने उठाया। उनका कहना था कि उक्त कर्मचारी को 50 हजार रुपये घूस लेने के आरोप में हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, जबकि एसडीओ की जांच में उसे पहले ही क्लीन चिट मिल चुकी है। नेताओं ने आरोप लगाया कि बिना ठोस आधार के कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है और इससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं।

इसके अलावा पेयजल विभाग और मनरेगा योजना में भी व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इन योजनाओं में भी भारी गड़बड़ियां हो रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सभी संबंधित विभागों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

धरना को सफल बनाने में विमल महतो, शंकर भक्त, गणपति करुआ, बुदिनाथ मुर्मू, केदार गोप और टाटा गोप का विशेष योगदान रहा। अंत में नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# विश्व होम्योपैथी दिवस पर सार्थक यूथ क्लब एवं होम्योपैथिक क्लिनिक द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 10 अप्रैल 2026: वर्ल्ड होमियोपैथी दिवस के अवसर पर आदित्यपुर-2, रोड नंबर-24 स्थित होम्योपैथी क्लिनिक में डॉ. रेणु शर्मा और सार्थक यूथ क्लब के द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान की गई। इस दौरान शुगर जांच, बीपी जांच के साथ-साथ मरीजों के बीच निःशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली।

इस अवसर पर होम्योपैथी क्लिनिक में डॉ. रेणु शर्मा एवं सार्थक यूथ क्लब के तत्वावधान में होमियोपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि



अर्पित की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों को सम्मानित किया गया। साथ ही, वक्ताओं ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की गुणवत्ता और इसकी विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से पुराने से पुराने रोगों का भी सफल इलाज संभव है, जो इसे एक प्रभावी और सुरक्षित उपचार पद्धति बनाता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. नथुनी सिंह, डॉ. एन. आर. सिंह, डॉ. सदाब हसन रिजवी, डॉ. प्रकाश राय, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. एच. एल. प्रसाद, वार्ड संख्या-17 की पार्षद नीतू शर्मा, टाटा मोटर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह समाजसेवी प्रकाश विश्वकर्मा, एल.बी.एस.एम. कॉलेज के प्रो. चंदन जायसवाल, समाजसेवी शशि आचार्य, सुजाता सिंह, रविंदर कौर, मीरा तिवारी, विनीता शर्मा, मीरा शर्मा, रमाशंकर पांडे, अरविंद शर्मा, दिलीप शर्मा, अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सौरभ पाठक, रोहित कुमार, सपना शर्मा, दीपक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर में गंदे पेयजल से हाहाकार: 20-25 दिनों से मटमैला और बदबूदार पानी, लोगों में भारी आक्रोश

**दैनिक समाज जागरण 10.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर एक गंभीर समस्या सामने आई है, जिसने हजारों नागरिकों की दैनिक जिंदगी को प्रभावित कर दिया है। Tata Utilities and Infrastructure Services Limited (यूआईएसएल) द्वारा पिछले 20-25 दिनों से शहर के विभिन्न इलाकों में मटमैला और बदबूदार



पानी सप्लाई किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इस स्थिति से परेशान स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूआईएसएल जमशेदपुर के कई क्षेत्रों के साथ-साथ अपने कमांड एरिया में भी पेयजल आपूर्ति का जिम्मा संभालती है। कंपनी का दावा है कि उसकी परीक्षण प्रयोगशाला को आईएसओ-आईईसी 17025 का प्रमाण पत्र प्राप्त है, जिससे पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की बात कही जाती है। हालांकि जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट नजर आ रही है, जिससे कंपनी के दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शिकायतों के अनुसार, कदमा क्षेत्र के भाटिया बस्ती, उलियान, रामजनम नगर और शास्त्रीनगर समेत कई इलाकों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नलों से निकलने वाला पानी न सिर्फ मटमैला है, बल्कि उसमें से तेज बदबू भी आती है। कई उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि पानी में कीड़े तक निकल रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक स्थिति को दशार्ता है।

निवासियों के अनुसार, यदि इस पानी को किसी बर्तन में 24 घंटे के लिए छोड़ दिया जाए, तो उसके तल में गंदगी और कचरा स्पष्ट रूप से जमा हो जाता है। साथ ही पानी से तेज दुर्गंध आने लगती है, जिससे इसका उपयोग करना मुश्किल हो जाता है। कई लोगों ने अपने मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाकर इस समस्या को प्रमाणित करने की कोशिश की है, ताकि प्रशासन तक उनकी आवाज पहुंच सके।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार यूआईएसएल के शिकायत विभाग में संपर्क किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में निराशा और गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दूषित पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड, हैजा और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। ऐसे में लगातार गंदे पानी की आपूर्ति न केवल असुविधा का कारण बन रही है, बल्कि यह एक गंभीर जनस्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है।

नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत हस्तक्षेप करे और संबंधित कंपनी को पानी की गुणवत्ता में सुधार करने के सख्त निर्देश दे। इसके साथ ही जल स्त्रोतों और सप्लाई सिस्टम की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है।

अंततः, प्रभावित लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि उन्हें जल्द से जल्द स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उनका कहना है कि पानी जैसी बुनियादी जरूरत में इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो यह मुद्दा बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# पोटका में भूमिज समाज की स्वशासन व्यवस्था पर मंथन, ग्रामसभा को सशक्त बनाने पर जोर

**समाज जागरण 10.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

पोटका : सिंहभूम, मानभूम, बराहभूम एवं धालभूम क्षेत्र में भूमिज समाज की पारंपरिक हातु सरदार, मुड़ा, नाया और डाकुआ स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर शुक्रवार को हाता-जादूगोड़ा मुख्य मार्ग स्थित रंकिणी मंदिर परिसर के धुमकुड़िया भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वशासन व्यवस्था से जुड़े हातु सरदार, मुड़ा, नाया एवं डाकुयाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपने पारंपरिक अधिकारों तथा ग्रामस्तरीय प्रशासन को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजीव सरदार उपस्थित रहे। उनके साथ क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और समाज के प्रमुख लोग भी मौजूद थे। बैठक का उद्देश्य भूमिज समाज की पारंपरिक शासन प्रणाली को वर्तमान कानूनी ढांचे, विशेष रूप से पेसा कानून, के तहत मजबूत करना था।

बैठक के दौरान वक्ताओं ने पेसा कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामसभा को गांव की सर्वोच्च इकाई के रूप में मान्यता दी गई है। इसके तहत गांव के विकास, संसाधनों के उपयोग और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्रामसभा की केंद्रीय भूमिका होती है। वक्ताओं ने कहा कि इस कानून के सही क्रियान्वयन से स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी और गांवों में पारदर्शी तथा प्रभावी शासन व्यवस्था स्थापित हो सकेगी।

वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में झारखंड सरकार की अधिसूचना में भूमिज समाज की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को शामिल नहीं किया गया था, जिससे समाज के पारंपरिक पदाधिकारियों की भूमिका सीमित हो गई थी। लेकिन विधायक संजीव सरदार के प्रयासों से अब हातु सरदार, मुड़ा, नाया और डाकुआ की व्यवस्था को अधिसूचित किया गया है। इस पहल से समाज के पारंपरिक नेतृत्व को पुनः मान्यता मिली है और उनकी भूमिका गांव के प्रशासन में और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

अपने संबोधन में विधायक संजीव सरदार ने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षों बाद पेसा नियमावली को मंजूरी मिलना आदिवासी स्वशासन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामसभा ही गांव की मुख्य निर्णय लेने वाली इकाई होगी और उसकी अनुमति के बिना कोई भी भूमि अधिग्रहण या विकास कार्य नहीं किया जा सकेगा। इससे ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा होगी और विकास कार्यों में उनकी सहभागिता बढ़ेगी।

उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण अब जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ लघु वन उपज एवं खनिज संसाधनों का प्रबंधन स्वयं कर सकेंगे। इसके अलावा स्थानीय विवादों का समाधान भी पारंपरिक तरीके से ग्राम स्तर पर ही किया जा सकेगा, जिससे न्याय प्रक्रिया अधिक सरल और सुलभ बनेगी। उन्होंने उपस्थित हातु सरदार, मुड़ा, नाया और डाकुयाओं से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर मुखिया अभिषेक सरदार, कालीपद सरदार, सिडेश्वर सरदार, हरिश्चंद्र सिंह भूमिज, सुदर्शन भूमिज, सुबोध सरदार, शत्रुघ्न सरदार, रथु सिंह सरदार, रामेश्वर सरदार, श्याम चरण सरदार, बादल सरदार, हिमांशु सरदार, मनोरंजन सरदार, बिहारी लाल सरदार, बसंती सरदार, सुनाराम सरदार, देवनाथ सरदार, बुगनु सरदार एवं विश्वरथ सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बैठक के माध्यम से भूमिज समाज ने यह संदेश दिया कि पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और आधुनिक कानूनी ढांचे के समन्वय से ही गांवों का समग्र विकास संभव है।

# जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान

**समाज जागरण 10.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर उपस्थित हुए, जिनमें सामाजिक, आर्थिक एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई अहम मुद्दे शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया, जबकि अन्य लंबित मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए उनके शीघ्र और समयबद्ध निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जन शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

जन शिकायत निवारण दिवस में नागरिकों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने, भूमि लीज से जुड़े विवाद, बैंक ऋण से संबंधित समस्याएं, चिकित्सा सहायता, जमीन पर अवैध कब्जा, पेंशन शुरू कराने, भूमि रिकॉर्ड में सुधार, तथा मुआवजा



भुगतान जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। इसके अलावा बिरसानगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटन, अनाथ बालिका के आवासीय विद्यालय में नामांकन, निजी विद्यालय में दाखिला, रोजगार उपलब्ध कराने तथा पंचायत भवन निर्माण जैसे विषयों पर भी आवेदन दिए गए।

कुछ आवेदनों में दूषित पेयजल आपूर्ति, जुस्को से पानी कनेक्शन, फ्लैट पर कब्जा दिलाने, विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा सड़क निर्माण की मांग भी प्रमुख रूप से सामने आई। वहीं, मईयां सम्मान योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने से संबंधित आवेदन भी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर हो।

उन्होंने आगे निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रगति की समीक्षा करते रहें। उपायुक्त ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने मौके पर ही कई मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। जन शिकायत निवारण दिवस के इस आयोजन से लोगों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा और प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक जवाबदेह बनेगी।

# पटना में स्पोर्ट्स गोदाम में लगी भीषण आग, 10 लाख के खेल उपकरण खाक

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के सबसे व्यस्ततम इलाके डाकबंगला चौराहा स्थित 'छाबड़ा स्पोर्ट्स' के गोदाम में गुरुवार देर रात भीषण आग लग गई। भवन के बेसमेंट में स्थित इस गोदाम में रखे करीब 10 लाख रुपये से अधिक के खेल उपकरण जलकर राख हो गए। दमकल की छह गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, रात करीब 1:20 बजे एक राहगीर ने गोदाम से आग की लपटें उठती देख अग्निशमन विभाग को सूचित किया। बेसमेंट में गोदाम होने के कारण अंदर भीषण धुआं भर गया था, जिससे दमकल कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि मोतीपुर दमकल केंद्र से भेजी गई गाड़ियों और कर्मियों ने जोखिम उठाकर आग को फैलने से रोका।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, विभाग तकनीकी जांच के बाद ही इसकी पुष्टि करेगा। राहत की बात यह रही कि घटना के समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। इस घटना ने एक बार फिर शहरी क्षेत्रों और खासकर बेसमेंट में स्थित गोदामों में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमित विद्युत ऑडिट और फायर फाइटिंग सिस्टम का होना अनिवार्य है। फिलहाल प्रशासन नुकसान का विस्तृत आकलन कर रहा है।

# समाहरणालय में उपायुक्त का औचक निरीक्षण, अनुशासन और स्वच्छता पर विशेष जोर

**समाज जागरण 10.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुरः उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्य व्यवस्था, अनुशासन और स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, निर्वाचन, नजारत, विधि शाखा, कोर्ट कक्ष, समाज कल्याण, डीआईओ कार्यालय, झारनेट, सामान्य शाखा, गोदाम तथा यूआईडी सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालयों का दौरा किया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों में कार्य संस्कृति को बेहतर बनाना, कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना और आम जनता को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था। उपायुक्त ने सभी कार्यालयों में उपस्थिति पंजी की बारीकी से जांच की। इस दौरान जहां-जहां कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, वहां संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए तथा पंजी और दस्तावेजों का रख-रखाव सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों की नियमित बायोमीट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने, समयबद्ध तरीके से कार्य निष्पादन करने और सुरक्षा मानकों का पालन करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अनुपयोगी फर्नीचर



और मशीनरी उपकरणों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी अनुपयोगी वस्तुओं को चिन्हित कर एक स्थान पर एकत्रित किया जाए और जिला स्तर पर उनकी शीघ्र नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि कार्यालयों में अनावश्यक अव्यवस्था समाप्त हो सके और स्थान का बेहतर उपयोग हो।

इसके अलावा, उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में चिह्नित पार्किंग एरिया और वेटिंग एरिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थानों को व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान समाहरणालय पहुंचे आम नागरिकों से भी उन्होंने सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को संबंधित मामलों में त्वरित और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान, नजारत उपसमाहर्ता डेविड बलिहार, डीटीओ धनंजय, विधि शाखा के प्रभारी चंद्रजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

उपायुक्त के इस औचक निरीक्षण से स्पष्ट संदेश गया है कि प्रशासन कार्य संस्कृति में सुधार और जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

# ठाकुरगंज नगर पंचायत में विकास योजनाओं में अनियमितता व भ्रष्टाचार के आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

नगर पंचायत ठाकुरगंज में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं में अनियमितता, वित्तीय गड़बड़ी एवं संभावित भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कौशल किशोर यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इन मामलों को गंभीर बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 09 में राम बाबू साह के घर से चिंटू के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य कागजों में पूर्ण दशार्या गया है, जबकि स्थल पर ऐसा कोई कार्य नहीं हुआ है। इसके बावजूद लगभग 4 लाख रुपये से अधिक की राशि की निकासी किए जाने का आरोप लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर बिना स्वीकृत प्राक्कलन (एस्टिमेट) एवं योजना सूचना पट्ट लगाए ही निर्माण कार्य कराए गए हैं, जो निर्धारित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

जल-नल योजना के संबंध में उन्होंने आरोप लगाया कि नगरवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि हर माह लाखों रुपये व्यय किए जा रहे हैं। इससे योजना की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

सफाई व्यवस्था पर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि संबंधित एजेंसी को प्रतिमाह लगभग 13 लाख रुपये



का भुगतान किया जा रहा है, जबकि अनुबंध के अनुसार 100 सफाई कर्मियों की तैनाती अनिवार्य है। इसके विपरीत मात्र 20-25 कर्मी ही कार्यरत पाए जा रहे हैं। डोर-टू-डोर कचरा उठाव की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं बताई गई है।

प्रेस विज्ञप्ति में राजस्व हाट निर्माण में नियमों की अनदेखी, सड़क निर्माण कार्यों को छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित कराए जाने तथा निर्जन क्षेत्रों में सड़क निर्माण कर निजी लाभ पहुंचाने की आशंका भी जताई गई है।

निविदा प्रक्रिया को लेकर उन्होंने बताया कि लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य की निविदा पिछले तीन वर्षों में तीन बार रद्द की जा चुकी है, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, नालों की सफाई के लिए अलग से निविदा निकालने के प्रस्ताव को उन्होंने अनावश्यक बताते हुए इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता जताई है।

अंत में सामाजिक कार्यकर्ता कौशल किशोर यादव ने मांग की है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही रूप में आम जनता तक पहुंच सके और लोगों का विश्वास बना रहे।

# आमबाड़ी में किसान संवाद व पशुचिकित्सा शिविर आयोजित, सैकड़ों पशुओं का हुआ उपचार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, अरार्बाड़ी, किशनगंज द्वारा पोठिया प्रखंड के आमबाड़ी (बुधरा पंचायत) में 97वें किसान संवाद एवं पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लाभ उठाया।

कार्यक्रम की आयोजिका डॉ. आकृति अन्ना ने बताया कि यह शिविर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. चंद्रहास के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पशुपालकों के द्वार पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा पशुपालन से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है।



शिविर के दौरान लगभग 30 पशुपालक परिवारों से उनके घर-घर जाकर संपर्क किया गया और उन्हें वैज्ञानिक पशुपालन, आधुनिक तकनीकों तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयोजित पशुचिकित्सा शिविर में 95 पशुपालकों के कुल 234 छोटे-बड़े पशुओं का उपचार किया गया। पशुओं में पाई जाने वाली समस्याओं जैसे कृमि संक्रमण, खान-पान एवं पाचन संबंधी दिक्कतें, गर्भधारण में समस्या तथा दुग्ध उत्पादन से जुड़ी परेशानियों का उपचार एवं परामर्श दिया गया।

शिविर में आवश्यक दवाइयों, खनिज तत्वों एवं कृमिनाशक दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

शिविर से लाभान्वित पशुपालकों ने गांव में इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय एवं वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बाल श्रम उन्मूलन पर जोर, 77 बच्चों को अनुदान राशि वितरित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में राज्य कार्य योजना के तहत गठित टास्क फोर्स के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत चिन्हित 226 विमुक्त बाल श्रमिकों में से 77 पात्र बच्चों को कैश कंपोनेंट के अंतर्गत अनुदान राशि का भुगतान किया जा चुका है। वहीं नॉन-कैश कंपोनेंट से संबंधित कई मामले अभी लंबित हैं।

इस पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष पात्र बाल श्रमिकों एवं उनके अभिभावकों को अविलंब नॉन-कैश कंपोनेंट के तहत लाभान्वित किया जाए। उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला बाल श्रम टास्क फोर्स के सदस्य एवं विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक, अधिक मामलों के निष्पादन पर जोर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

आगामी 09 मई 2026 को व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सचिव ओम शंकर ने शुक्रवार को किशनगंज व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक दंडाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।



बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव ने सभी दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तैयारियों में सक्रिय रूप से भाग लें तथा अपने कार्यालय सहायकों को अधिक से अधिक संख्या में नोटिस तैयार कराने के लिए निर्देशित करें, ताकि अधिक संख्या में मामलों का निष्पादन संभव हो सके और अधिकाधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि यह वर्ष 2026 की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत है, जिसमें आपराधिक समझौता योग्य मामले, प्ली बार्गेनिंग, एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस से संबंधित मामले, मनी रिकवरी केस, मोटर दुर्घटना दावा मामले, समझौता योग्य ट्रैफिक चालान, श्रम विवाद, सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवाद, पारिवारिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण, सेवा एवं पेंशन से संबंधित मामले सहित अन्य सिविल मामलों का निपटारा किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त राजस्व एवं अन्य सहायक मामलों के साथ-साथ उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय एवं राज्य/जिला/तालुका विधिक सेवा प्राधिकरणों के समक्ष लंबित मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। अन्य सिविल मामलों जैसे किराया विवाद, सहज अधिकार, निषेधाज्ञा वाद एवं विशिष्ट निष्पादन वाद भी इसमें शामिल हैं।बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मुक्तेश मनोहर सहित अन्य न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित थे।

# किशनगंज में एसएसबी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 58 बोतल नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किशनगंज पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में टेढ़ागाछ थाना पुलिस द्वारा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ संयुक्त गश्ती के दौरान यह कार्रवाई की गई।




संयुक्त अभियान के क्रम में 58 बोतल नेपाली देशी शराब के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई नियमित गश्ती के दौरान की गई। इस संबंध में टेढ़ागाछ थाना में मामला दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

किशनगंज पुलिस ने बताया कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इसमें किसी भी प्रकार की संलिप्तता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किशनगंज में 12 से एबीवीपी की प्रदेश कार्यसमिति बैठक, 500 कार्यकर्ता होंगे शामिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की प्रदेश कार्यसमिति बैठक का आयोजन आगामी 12, 13 एवं 14 अप्रैल को किया जाएगा। बैठक को लेकर संगठन के स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।



इसी क्रम में एबीवीपी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने माता गुजरी मेडिकल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ इच्छित भारत से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

विभाग संयोजक अमित मंडल ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति बैठक में राज्य के सभी जिलों से करीब 500 कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर दीपक चौहान, मिक्की साहा, शिवम साहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसएसबी एवं एसडीआरएफ द्वारा आपदा प्रबंधन पर संयुक्त मॉक एक्सरसाइज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले के टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित पंचायत भवन, फुलवरिया में आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से एक वृहद मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह संयुक्त अभ्यास सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 12वीं वाहिनी की सीमा चौकी पैकटोला की आरआरटी टीम एवं राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) किशनगंज के कर्मियों द्वारा किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रक मुख्यालय रानीडांगा के डीसी संजय शाह ने की। इस मौके पर सहायक कमांडेंट बलदेव सिंह एवं सहायक कमांडेंट/कंपनी कमांडर विनय कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे और जवानों का मार्गदर्शन किया।

मॉक एक्सरसाइज के दौरान आपदा की विभिन्न परिस्थितियों से निपटने हेतु आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इसमें भूकंप जैसी आपदा में ध्वस्त संरचनाओं से घायलों को सुरक्षित निकालने (सीएसएसआर) तथा उन्हें प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया दिखाई गई। साथ ही दीवार काटने के लिए आरआर सॉ एवं पीड़ितों तक पहुंच बनाने के लिए रेसिप्रोकेटिंग सॉ जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग भी प्रदर्शित किया गया।

मलबे में दबे लोगों की खोज के लिए ह्यहेल सर्चह्व तकनीक का प्रदर्शन किया गया तथा विभिन्न प्रकार की आग पर नियंत्रण एवं सुरक्षित अग्निशमन उपायों की जानकारी दी गई।

इस संयुक्त अभ्यास में एसएसबी के 21 कर्मियों एवं एसडीआरएफ के 10 रेस्क्यूअर्स ने भाग लिया। साथ ही लगभग 95 स्थानीय ग्रामीणों—पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों—की उपस्थिति में उन्हें आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं बचाव तकनीकों के प्रति जागरूक किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न बचाव एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा आम नागरिकों को आपात स्थिति में धैर्यपूर्वक एवं सुरक्षित ढंग से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना है।

कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने आमजनों से अपील की कि वे आपदा संबंधी सुरक्षा उपायों के प्रति सजग रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन एवं बचाव दलों का सहयोग करें।

# किशनगंज में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की किशनगंज जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष शहाबुल अख्तर की अध्यक्षता में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने उनका पुतला दहन कर कड़ा विरोध जताया।




इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से किशनगंज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो. आजाद साहिल, नगर अध्यक्ष सजल कुमार साहा, सांसद प्रतिनिधि एहसान हसन, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता मो. जमशेद आलम, अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाफिज मुदस्सिर, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमन रेजा, सहकारिता कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो. सोवेब, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शाह आलम, नगर महासचिव तनवीर आलम, युवा कांग्रेस जिला महासचिव मो. सलाम, नगर महासचिव आदर्श कुमार साह, कांग्रेस नगर महासचिव मो. दिलदार, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अतुल गोस्वामी, कांग्रेस जिला सचिव सुमेंद्र बहादुर, युवा कांग्रेस नगर महासचिव शुभम कुमार दास, कांग्रेस नेता मो. मुबारक, मो. रिजवान, मो. सलमान सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शहाबुल अख्तर ने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विरुद्ध प्रयुक्त अभद्र एवं अशोभनीय भाषा अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक एवं पूर्णतः अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि खड़गे देश के एक वरिष्ठ एवं लोकप्रिय दलित नेता हैं, जिनका अनुभव, कद एवं प्रतिष्ठा अतुलनीय है।

उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि देश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के करोड़ों लोगों की भावनाओं का भी अपमान है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की बयानबाजी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग बंद नहीं किया गया तो पार्टी और भी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# पटना के पालीगंज में फल मंडी में छाई सन्नाटा

## विक्रेताओं ने किया अनिश्चित कालीन हड़ताल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज स्थानीय बाजार के फल विक्रेताओं ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जिसके कारण फल मंडी में सन्नाटा छा गया है। साथ ही आम जनता को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। वही शुक्रवार की देर शाम फल मंडी के लिए उचित स्थानों की



मांग करते हुए फल विक्रेताओं ने पालीगंज एससीओ से मुलाकात किया है।

पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार से मिलने पहुंचे फल विक्रेताओं ने बताया कि पूर्व में दुर्गा मंदिर के पास सड़क किनारे स्थित हम सभी की फल की दुकानें अच्छी चलती थी। लेकिन बिगत कुछ समय पहले अतिक्रमण के नाम पर हम सभी की दुकानें प्रशासन द्वारा हटा दी गयी। हम सभी के द्वारा मांग किये जाने पर शब्जी मंडी के पास महराजगंज मुशहरी के बगल में स्थित राम जानकी मठ की जमीन पर प्रशासन की ओर से दुकानें लगवाई गयी। जहां ग्राहकों को नही पहुंचने के कारण हम सभी की फलें नही बिक पाई तथा सड़कर बर्बाद हो गया। हमसभी को काफी नुकसान होने के कारण भुखमरी की स्थिति उतपन्न होने लगी। परेशान होकर जब ठेले पर लेकर फल बेचने को निकले तो प्रशासन ने हमारी ठेले भी जप्त करने लगी। जिसे देख पालीगंज की हम सभी दुकानदारों ने आपसी सहमति से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जबतक हमसभी को दुकानों के लिए उचित स्थान नही दिलाई जाएगी तबतक हमसभी हड़ताल पर ही रहेंगे। वही उन सभी ने मांग किया है की हमसभी को सड़क तथा नाले को छोड़कर नाले के बगल में ही स्थान दिया जाए।

# पटना में साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

## 3 घंटे काम के बदले 20 हजार का झांसा देकर लाखों की ठगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बेउर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए ठगी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने बेउर स्थित एक फ्लैट में छापेमारी कर गिरोह के सरगना गुलशन राज समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अन्य आरोपियों की पहचान शुभम और विक्की कुमार (सभी नवादा निवासी) के रूप में हुई है। इनके पास से 11 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच के अनुसार, यह गिरोह सोशल मीडिया पर 'मात्र 3 घंटे की सेवा देकर 20 हजार कमाएं' जैसे आकर्षक विज्ञापन डालता था। जब लोग झांसे में आते, तो उनसे रजिस्ट्रेशन, मसाज किट और आईडी कार्ड के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती थी। पैसा मिलते ही आरोपी संबंधित व्यक्ति का नंबर ब्लॉक कर देते थे। इसके अलावा, गिरोह महज 5 हजार रुपये की फीस पर 10 लाख तक का लोन दिलाने का फर्जी दावा कर भी लोगों को चूना लगाता था।हैरानी की बात यह है कि गिरोह का मुख्य सरगना गुलशन राज पटना में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आया था। कुछ समय पूर्व वह स्वयं साइबर ठगी का शिकार हुआ था, जिसके बाद उसने इंटरनेट से ठगी के तरीके सीखे और अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया। यह गिरोह पीड़ितों को एक संदिग्ध लिंक भेजता था, जिससे उनका व्यक्तिगत डेटा चोरी कर लिया जाता था। ठगी की रकम मंगाने के लिए ये 'किराए' के फर्जी बैंक खातों का उपयोग करते थे। पुलिस अब उन 5-6 लोगों की तलाश में छापेमारी कर रही है जो इन्हें फर्जी खाते उपलब्ध कराते थे। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अनजान लिंक या लुभावने विज्ञापनों के झांसे में न आएं।

# पटना के शाहपुर में सैलून संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के संपतचक नगर परिषद के शाहपुर (वार्ड-6) में बुधवार को उस समय कोहराम मच गया, जब 36 वर्षीय युवक पिंटू ठाकुर का शव उनके घर से महज 500 मीटर की दूरी पर बरामद हुआ। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी कृष्ण ठाकुर के पुत्र के रूप में हुई है, जो पटना के 90 फीट इलाके में सैलून चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद पिंटू की पत्नी और दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा



भी किया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) रंजन कुमार ने बताया कि घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए हैं। उन्होंने कहा की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आपसी रंजिश और लेन-देन समेत सभी संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।फिलहाल गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है ताकि वारदात की गुत्थी जल्द सुलझाई जा सके।

# पटना के दानापुर गिफ्ट दुकान में भीषण आग, 10 लाख का सामान जलकर राख

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय सिंह यादव पथ पर शुक्रवार सुबह एक गिफ्ट दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति और 10 हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को आसपास की आभूषण और किराना दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, त्रिभुवन स्कूल के पास स्थित किड्स एंड मॉम गिफ्ट कॉर्नर से सुबह करीब 7 बजे राहगीरों ने धुआं निकलते देखा। देखते ही देखते आग ने



विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दुकान मालिक अमित कुमार और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की दो बड़ी और तीन छोटी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक ने बताया कि दुकान में रखी उपहार सामग्री और खिलौने पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। अग्निशमन विभाग के सहायक अधिकारी विजय शंकर यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मामले की विस्तृत जांच जारी है। इस घटना के बाद इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नियमित विद्युत जांच और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। प्रशासन ने भी दुकानदारों से अपील की है कि वे सुरक्षा उपकरणों को दुरुस्त रखें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।